# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025


## द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल से हर साल बच्चे बोर्ड एवं कॉम्पटिटिव परीक्षा में टॉप करते हैं

रायपुर ।। हमारे संवाददाता के अनुसार रायपुर न्यू राजेन्द्र नगर में स्थित द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल, (सीबीएसई मान्यता नं. - 3330101 प्राप्त) बेहतरीन परीक्षा परिणाम के कारण पूरे छत्तीसगढ़ में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल से हर वर्ष आईआईटी, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में 5 से 10 बच्चों का चयनित होना, 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 35 से 60 बच्चों का 90 प्रतिशत से अधिक नम्बरों का आना एवं खेलकूद, डांस, म्यूजिक इत्यादि में स्कूल के बच्चों का राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय/राज्य स्तर में चयन होने के कारण स्कूल छत्तीसगढ़ में बेस्ट रिजल्ट देने वाला स्कूल बन गया है ।

> **स्कूल सिलेबस से हटकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 20-30 प्रकार की छोटी-छोटी स्कील्स जो जीवन में अति आवश्यक होती है, उसे भी सिखाया जाता है।**

द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आर्या सर से स्कूल के शानदार रिजल्ट आने का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि स्टूडेन्ट के स्कूल/कॉलेज का फर्स्ट हॉफ महत्वपूर्ण होता है परंतु उसके घर वाला सेकण्ड हॉफ ज्यादा महत्वपूर्ण होता है क्योंकि स्कूल बच्चों को सिखाता एवं समझाता है पर यदि वह घर जाकर प्रैक्टिस करता है तभी एक्सपर्ट बनता है इसलिए किसी बच्चे के शानदार रिजल्ट के पीछे स्कूल के साथ साथ पालकों की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि पालकों का सेकण्ड हॉफ में बच्चों के लिए अनुकूल माहौल बनाना होता है। आर्या सर के अनुसार यदि बच्चों को घर में पढ़ाई का उचित माहौल नहीं मिलता है तो द्रोणाचार्य स्कूल में सेकण्ड हॉफ में भी बच्चों के सेल्फ स्टडी के लिए लायब्रेरी के साथ एक्सपर्ट टीचर्स की क्लासेस की सुविधा दी जाती है। द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल में एक्सपर्ट कोच के साथ म्यूजिक, डांस, आर्ट एवं क्राफ्ट, स्पोर्टस में इनडोर गेम, बैडमिंटन, टीटी, बिलियर्डस एवं आउटडोर गेम में, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, व्हालीबॉल, स्वीमिंग पुल जैसै बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध है। सेकण्ड हॉफ में भी बच्चे प्रैक्टिस कर एक्सपर्ट बनने के लिए इन एक्सपर्ट कोच से शाम को ट्रेनिंग लेते हैं । द्रोणाचार्य स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 20 से 30 प्रकार की छोटी-छोटी स्कील्स जो जीवन में अति आवश्यक होती है, उसे भी सिखाया जाता है ।

द्रोणाचार्य स्कूल में लिमिटेड सीट होने के कारण एडमिशन बहुत जल्द बंद हो जाते है। स्कूल के पास में हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है और स्कूल के आस पास कई घरों में स्कूल के बच्चे पीजी बनकर रहते हैं। स्कूल में एडमिशन के लिए 9827407344 संपर्क कर सकते हैं ।

Feature Impact


CBSE Affiliation No. 3330101

Result Oriented School



ADMISSION OPEN

Nursery to Class - IX & XI

STREAM

MATHS, BIO, COMMERCE

DRONACHARYA PUBLIC SCHOOL

CO-EDUCATIONAL ENGLISH MEDIUM SCHOOL-CBSE, NEW RAJENDRA NAGAR, RAIPUR. MO : 8770537564, 9827407344

SALIENT FEATURES

- Qualified & Experienced Faculties
- Smart Classes
- Self Study Centre (Library)
- Robotic Lab
- PCMB / Computer Lab
- Loving & Caring Aesthetic Environment
- Remidial Classes for Weak Students
- Hostel (Separate Boys/Girls)
- Transport
- Day Boarding

- Turf Cricket / Football Ground
- Swimming Pool, GYM
- Indoor Wooden Badminton Court
- Basket Ball Acrylic Court
- Art / Craft / Music / Dance Rooms

Tieup with Reputed Coaches

EVERY YEAR, 5-10 STUDENTS QUALIFIED FOR IIT/NEET & 35-60 STUDENTS SCORE ABOVE 90%

Class XII - IIT-JEE I NEET Selected Students

NAMAN SHARMA, IIT DELHI – 98%
NEELAKSHA MALIK, IIT GUWAHATI – 97%
SATWIK DASH, IIT ROORKEE – 96.5%
SWAPNIL MADAN, IIT MUMBAI – 96%
CHELSEE MEENA, IIT DELHI – 94%
AARUSHI PATEL, PT. JNMC, RAIPUR – 97%
TANISHA MANDHANI, PT. JNMC, RAIPUR – 96.5%
ARYAN GARG, MEDICAL COLLEGE – 96%
ANIKET PODDAR, PT. JNMC, RAIPUR – 95%
ASTHA ARYA, SBIMS – 93%

आपके बच्चों के टैलेंट एवं इंटरेस्ट को देखते हुए द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल उसे योजनाबद्ध तरीके से ट्रेंड करता है।

SUCCESS START HERE
COMPETITIVE EXAMS MENTORS

ARYA SIR – 30+YEARS IIT/NEET CHEMISTRY EXPERT
VIVEK SIR – UPSC CAPF (AIR-1)
BHUMINDRA SIR – EX. ASSTT. COMDT. (UPSC)

d – ISCIPLINE, EDICATION, ETERMINATION, EVELOPMENT

Admission Free till 31st March 2025 for 90% Students & National Player

Branch Address :

DRONACHARYA PUBLIC SCHOOL-CBSE
Chikhli Road, Majarkatta, Gariyaband, Call-9244279305

DRONACHARYA PUBLIC SCHOOL (HINDI & ENGLISH MEDIUM)
Panduka - Magarload Road, Amlidih, Dist.-Dhamtari Call-8305112287



Comming Soon

ARYA'S 2nd INNING

FOR EVERY AGE, EVERY STAGE ...

1st INNING – आपकी डेली रूटीन ही फस्ट इनिंग होती है जैसे :- स्टुडेंट्स के लिये स्कूल / कालेज, सर्विस करने वालो के लिये आफिस, बिजनेसमेन वालो के लिये व्यवसाय ...

परंतु उसके बाद शुरू होती हैं ...

2nd INNING – आपकी सेकेण्ड हॉफ की एक्टिविटी को सेकेण्ड इनिंग कहते हैं। जो कि आपकी आदत, शौक, मनोरंजन, टैलेंट पर निर्भर करती है ...

Deepak Advertisers



EDUCATION
COACHING BY EXPERTS EDUCATORS
( DIGITAL AC CLASS ROOM )

SPORTS

SWIMMING POOL
INDOOR WOODEN BADMINTON COURT
INDOOR TABLE TENNIS
FOOTBALL TURF
CRICKET TURF
BILLIARDS (POOL GAME)
BASKET BALL
SKETTING / SELF DEFENCE (KARATE)

FACILITIES

- LIBRARY SELF STUDY CENTRE
- STUDENTS CORNER CAFÉ
- AUDITORIUM
- CORN BITE
- SPORTS ITEMS
- GUPCHUP CHAAT ICE CREAM
- UNIFORMS
- SALON
- STATIONERY
- MEDICAL
- CO WORKING SPACE - OFFIZO
- CLINIC
- STUDIO
- WELLNESS CENTRE
- MINI PARTIES HALL
- TOUR AND TRAVEL

ARYEN TOWER, Infront of Dronacharya School, New Rajendra Nagar, Raipur, Contact : 9244289305



**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# सुशासन तिहार 2025

## संवाद से समाधान तक



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## समस्याओं का समाधान
# आपके शहर, आपके ग्राम

**08 अप्रैल से 31 मई, 2025**

सुशासन तिहार 2025

आवेदन क्रमांक: ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
Y Y M L L L L L L A A A A A

जिला: ........................ विकासखण्ड: ........................

ग्राम पंचायत: ........................ ग्राम: ........................

विभाग का नाम: ........................ मांग/शिकायत: ........................

आवेदक का नाम: ........................ मोबाइल नं.: ........................

**आवेदन का विषय**

**आवेदन का विवरण**

आवेदक का हस्ताक्षर

आवेदन क्रमांक: ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
Y Y M L L L L L L A A A A A

आवेदक का नाम: ........................

प्रभारी अधिकारी का नाम व हस्ताक्षर: ........................

नोट: कृपया एक फॉर्म में एक ही शिकायत दर्ज करें, एक से अधिक शिकायत के लिए अलग-अलग फॉर्म भरें।

YY: वर्ष, M: मोड, LLLLLL: लोकेलिटी कोड, AAAAA: आवेदन क्रमांक

**प्रथम चरण:**
समस्या संबंधी आवेदन
(08 से 11 अप्रैल, 2025)

**द्वितीय चरण:**
आवेदनों का निराकरण
(लगभग 01 माह)

**तृतीय चरण:**
समाधान शिविर
(05 से 31 मई, 2025)

आवेदन करने के लिए स्कैन करें

आवेदन नगरीय निकाय/ ग्राम पंचायत कार्यालय या वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


भारतमाला में गड़बड़ी की हरिभूमि को मिली रिपोर्ट, जानिए कैसे हुआ अधिसूचना के बाद भी नामांतरण, रजिस्ट्री का खेल
500 पन्नों की रिपोर्ट में एक-एक खसरे के टूटने की जानकारी
एक खसरे के 12 टुकड़े
लाख की जगह साढ़े सात
एसडीएम-पटवारी ने मिलीभगत कर दस्तावेज में किया हेरफेर
भारतमाला... बड़ा घोटाला, विधानसभा में गूंजा
एसडीएम के बाद अब तहसीलदार
246 करोड़ का मुआवजा बंटा
सर्वे के ठीक पहले ही जमीन का बंटवारा
भारतमाला प्रोजेक्ट रायपुर में 48.73 किलोमीटर होगी

- हरिभूमि को मिली रिपोर्ट में हर दिन सामने आ रहे चौंकाने वाले तथ्य
- बगैर दिनांक और उम्र का उल्लेख किए बच्चों के नाम पर चढ़ा दी जमीन
- पक्षकारों ने भी किया स्वीकार कभी कोर्ट नहीं गए फिर भी बंट गया खाता

*भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत जमीनों के टुकड़े कर मुआवजा लेने के लिए खाता विभाजन का ऐसा मामला सामने आया है, जैसा शायद देश में कहीं नहीं हुआ हो। अजब गजब खाता विभाजन का मामला अभनपुर के ग्राम टोकरो का है। यहां बगैर ऑनलाइन पंजीयन, बगैर ईश्तहार, बगैर डिजिटल बी-1 के ही खाते का विभाजन कर दिया गया, वह भी तब जब कोई भी पक्षकार कोर्ट में उपस्थित तक नहीं हुआ।*

# मुआवजा डकारने का ऐसा खेल... हाथ से लिखे बी-1 से कर दिए जमीन के टुकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला-3

हैरानी का विषय यहीं समाप्त नहीं होता, जिन खातेदारों के नाम खाते का विभाजन किया गया, उनकी उम्र और खाता विभाजन के दिनांक का विवरण भी दर्ज नहीं किया गया है। खास बात यह भी कि तमाम कारनामों को अंजाम भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे की अधिसूचना जारी होने के महीनेभर के भीतर दिया गया। हरिभूमि को मिली पांच सौ पन्नों की रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। सिर्फ टोकरो ही नहीं, नियमों को दरकिनार कर खाता विभाजन नायकबांधा, सातपारा से ▶▶| शेष पेज 5 पर

### हाथ से बना दिया बी-1 का पेपर

कम्प्यूटर और लैपटॉप के युग में हाथ से लिखे बी-1 का मामला भी अचरज में डालता है। ग्राम टोकरो में की गई गड़बड़ी के संबंध में प्रस्तुत जांच रिपोर्ट से पता चलता है पटवारी ने दिनांक का उल्लेख किए बगैर हाथ से लिखा हुआ बी-1 प्रस्तुत कर दिया। जबकि खासा विभाजन के लिए ऑनलाइन और डिजिटल हस्ताक्षरित बी-1 फार्म संलग्न किया जाना था। इस तरह तमाम नियमों को दरकिनार कर दिया गया।





### इसलिए उम्र और दिनांक दर्ज नहीं

*खाता विभाजन से लेकर नामांतरण और रजिस्ट्री के प्रकरण में उम्र और दिनांक का उल्लेख करना जरूरी होता है। चुंकि टोकरो में पटवारी हल्का नंबर 24 में जिन खातेदारों के नाम खाते का विभाजन किया जाना था, उनमें कुछ कम उम्र के बच्चे भी थे। इसलिए उम्र का उल्लेख नहीं किया गया। चुंकि यह कारनामा अधिसूचना जारी होने के बाद किया गया, इसलिए जिम्मेदारों ने तारीख डालना भी मुनासिब नहीं समझा।*

### ईओडब्ल्यू जुटा रही तथ्य

*राज्य सरकार ने भारतमाला प्रोजेक्ट में जांच का जिम्मा ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईओडब्ल्यू ने प्रकरण से जुड़े दस्तावेजों के लिए शासन से संपर्क किया है। जल्द ही भारतमाला प्रोजेक्ट की जांच ईओडब्ल्यू शुरु कर सकती है। जांच में तेजी आने के साथ ही यह तय है कि प्रकरण में जिनकी भूमिका संदिग्ध है, उनकी मुश्किलें बढ़ेंगी।*

## खबर संक्षेप

### सुकमा मुठभेड़ मामले की याचिका पर सुनवाई टाली



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह अगस्त 2018 की एक घटना की स्वतंत्र जांच के लिए दायर याचिका पर जुलाई में सुनवाई करेगा। इसमें सुकमा जिले में मुठभेड़ में 15 कथित माओवादियों को मार गिराया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने कहा, हम जुलाई में इस पर सुनवाई करेंगे।

### गोल्डी बराड़ से जुड़े ठिकानों पर एनआईए के छापे



**नई दिल्ली।** एनआईए ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली। यह तलाशी दिसंबर 2024 में गुरुग्राम के सेक्टर-29 में वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब पर हुए ग्रेनेड हमलों के मामले में एजेंसी की जांच के सिलसिले में ली गई।

### मलाइका के खिलाफ फिर जमानती वारंट



**मुंबई।** मुंबई की अदालत ने 2012 में प्रवासी भारतीय व्यवसायी से अभिनेता सैफ अली खान द्वारा कथित रूप से मारपीट किए जाने संबंधी मामले में गवाह के तौर पर पेश नहीं होने पर अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के खिलाफ फिर से जमानती वारंट जारी किया है। मलाइका घटना के वक्त मौजूद थीं।

### ब्रह्माकुमारीज की दादी रतनमोहिनी का निधन



**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले के आबूरोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख तथा ब्रह्माकुमारीज संस्था की मुख्य प्रशासक राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का निधन हो गया है। वह 101 वर्ष की थीं। उन्होंने अहमदाबाद के एक अस्पताल में सोमवार देर रात अंतिम सांस ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

अपना खोया किला पाने के लिए गुजरात में कांग्रेस की कार्यसमिति

# कांग्रेस की जिला कमेटियों को मिलेगी ताकत, धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति से मुकाबले का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अहमदाबाद

कांग्रेस ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की विरासत का उल्लेख करते हुए मंगलवार को भाजपा पर तीखा प्रहार किया और कहा कि सत्तारूढ़ दल की धार्मिक ध्रुवीकरण और विभाजन की राजनीति का वह पटेल के मार्ग का अनुसरण करते हुए मुकाबला करेगी। कांग्रेस की यहां 'सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक' पर आयोजित विस्तारित कार्य समिति की बैठक में पूर्व उप प्रधानमंत्री की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, आज, हमने ऐतिहासिक सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक पर एक विस्तारित कार्य समिति की बैठक की। यह बैठक पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि इस वर्ष महात्मा गांधी के कांग्रेस की अध्यक्षता की 100वीं वर्षगांठ और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बैठक में पटेल को लेकर एक विशेष प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में कहा गया, आज धार्मिक ध्रुवीकरण और सांप्रदायिकता की विचारधारा देश को ▶▶| शेष पेज 5 पर

कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने भविष्य की रूपरेखा, जिला कांग्रेस कमेटियों को सशक्त बनाने समेत संगठन की मजबूती, जवाबदेही तय करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर मंथन किया। विस्तारित कार्य समिति की इस बैठक में अधिवेशन से संबंधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। इधर, बैठक में प्रस्ताव पारित कर धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति से मुकाबले का संकल्प लिया गया।

### चिंतन-मंथन

- गुजरात में कांग्रेस का दो दिन का मंथन
- कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती लक्ष्य
- संगठन की मजबूती, जवाबदेही तय करने पर चर्चा

आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर मंथन



### खड़गे ने भाजपा-संघ पर बोला हमला

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा हमला बोला। खड़गे ने आरोप लगाया कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है। उन्होंने यहां पार्टी की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में यह भी कहा कि सरदार पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी और यह हास्यास्पद है कि आज इस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं। खरगे ने यह दावा भी किया कि आज सांप्रदायिक विभाजन के जरिये देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है।



### पायलट बोले- भाजपा को देंगे चुनौती

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटियों को नया स्वरूप प्रदान किया जाएगा। जिला अध्यक्षों को अधिक राजनीतिक ताकत देकर हर गांव, मंडल व बूथ तक पहुंचने का प्रयास होगा। पायलट ने कहा कि कांग्रेस एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत चुनौती देगी और आने वाले चुनावों में जीत हासिल करेगी।

### आखिर गुजरात क्यों?

*गुजरात में कांग्रेस का आखिरी अधिवेशन 1961 में भावनगर में हुआ था, अब 64 साल बाद कांग्रेस ने एक बार फिर अगर गुजरात का रुख किया है तो इसके पीछे कहीं न कहीं गुजरात में अपना दरका हुआ किला फिर से पाने की चाहत है। दरअसल, देश की आजादी की लड़ाई के इतिहास से निकली कांग्रेस जानती है कि देश के आजादी के इतिहास और उसके बाद भारत के स्वरूप में गुजरात की कितनी बड़ी भूमिका रही है। दरअसल, 2014 में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने लंबे समय से सत्ता में रही कांग्रेस को बाहर करने के लिए जिस गुजरात मॉडल का नरैटिव दिया, उस मॉडल का तोड़ने के लिए गुजरात जीतने की जरूरत है।*

### आज अधिवेशन

*9 अप्रैल को सुबह साढ़े नौ बजे रिवर फ्रंट पर कांग्रेस अधिवेशन होगा। सुबह ध्वजारोहण होगा। अधिवेशन के अंत में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और राज्यों के सीएम और पूर्व सीएम अपनी बात रखेंगे।*

सैर-सपाटे के दौरान हादसा

# अमृतधारा जलप्रपात में डूबने से एसईसीएल के दो अफसरों की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर/मनेन्द्रगढ़

- नहाते समय पैर फिसलने से गहराई में समा गई दो जिंदगी

एमसीबी जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अमृतधारा जलप्रपात में मंगलवार को सैर-सपाटे के दौरान बड़ा हादसा हो गया। एसईसीएल हल्दीबाड़ी कॉलरी में पदस्थ दो युवा अधिकारी जलप्रपात के नीचे गहरे पानी में डूब गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान शुभम मनहर उम्र 32 वर्ष निवासी शहडोल, मध्य प्रदेश और पृथ्वीराज उम्र 36 वर्ष निवासी तेलंगाना के रूप में हुई है। मृतक असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को करीब 3 बजे एसईसीएल के 8 अधिकारी-कर्मचारियों का दल छुट्टी के दिन पिकनिक मनाने अमृतधारा पहुंचा था। पिकनिक के दौरान दोनों अधिकारी जलप्रपात के नीचे स्नान के लिए उतरे, लेकिन गहराई और बहाव का अंदाजा न होने के कारण पानी में डूबते चले गए। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### लापरवाही पड़ी भारी

अमृतधारा जलप्रपात में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन ने चेतावनी बोर्ड लगाए हैं और स्नान से बचने की अपील की है बावजूद इसके लोग लापरवाही करते हुए गहरे पानी में उतर जाते हैं। मंगलवार की यह घटना भी सावधानी की अनदेखी का नतीजा साबित हुई, जिसने दो घरों के चिराग असमय ही बुझा दी।

# 'नो प्रॉफिट नो लॉस' को बनाया वसूली का औजार, शुल्क निर्धारण का नियम नहीं इसलिए खुद तय कर डाली अनाप-शनाप राशि

मामला तीन निजी मेडिकल कालेजों में विद्यार्थियों से अतिरिक्त वसूली का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

ट्यूशन फीस की तरह निजी मेडिकल कालेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के हास्टल, मेस और ट्रांसपोर्टिंग शुल्क निर्धारण करने का सिस्टम नहीं है। केवल नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार पर कालेज प्रबंधन इस शुल्क का निर्धारण करता है। राज्य के तीन निजी मेडिकल कालेज ने इसी सिस्टम को वसूली का हथियार बना डाला और सुविधाओं के नाम पर अनाप-शनाप राशि तय कर डाली। इतना ही नहीं, यह फीस केवल सुविधाभोगी विद्यार्थियों से लेनी थी, मगर कालेज वालों ने सबसे इसकी वसूली कर डाली। निजी मेडिकल कालेजों को ▶▶| शेष पेज 5 पर


हरिभूमि
एक लाख के बदले 5.5 लाख रुपए तक तक वसूले, तीन कालेजों में 1800 मेडिकल स्टूडेंट
प्राइवेट मेडिकल कालेजों ने छात्रों से चार साल में वसूले 3 अरब 60 करोड़

### भेजी जा चुकी कॉपी

चिकित्सा शिक्षा संचालक एवं फीस विनियामक समिति के सदस्य डा. यूएस पैकरा ने बताया कि छात्र हित में लिए गए निर्णय का पालन करने कॉपी तीनों कालेजों को भेजी जा चुकी है। तीनों कालेजों पर 10-10 लाख का जुर्माना भी किया गया है, जिसकी अदायगी एक माह के भीतर करना होगा। ऐसा नहीं होने पर कालेज की मान्यता समाप्त करने की अनुशंसा भी की गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अतिरिक्त शुल्क वापसी के लिए भी सिस्टम बनाने पर विचार किया जाएगा।

### बड़े खर्च का बहाना

अनाप-शनाप फीस की वसूली के लिए निजी कालेजों द्वारा संचालन में बड़ा खर्च होने का बहाना बनाया जाता है। जानकार सूत्रों का कहना है कि किसी भी कालेज को नुकसान नहीं उठाना पड़ रहा है। राज्य के एक बड़े निजी मेडिकल कालेज का टर्नओवर प्रत्येक वर्ष डेढ़ सौ करोड़ का है। सामान्य विद्यार्थियों से मोटी फीस के अलावा एनआरआई कोटे के नाम पर एक करोड़ से ज्यादा शुल्क लिया जाता है। अतिरिक्त वसूली की जद में एमबीबीएस के साथ इन कालेजों में एमडी-एमएस की पढ़ाई करने वाले डाक्टर भी आते हैं।

# भाजपा नेता के आवास पर 'विस्फोट' से हड़कंप

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब के जालंधर जिले में भारतीय जनता पार्टी के नेता मनोरंजन कालिया के आवास पर एक 'विस्फोट' किया गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। कालिया पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष हैं। वह भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं। पुलिस ने बताया कि जालंधर में शास्त्री मार्केट के पास कालिया के आवास के बाहर सोमवार देर रात करीब एक बजे तेज आवाज सुनी गई। पुलिस उपायुक्त मनप्रीत सिंह ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। कालिया ने पत्रकारों से कहा कि यह हथगोले से किया गया विस्फोट हो सकता है।

### विपक्ष ने आप सरकार को घेरा



SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2025
Empowering students for a brighter future
EMERGING B.TECH PROGRAMMES IN COMPUTING
- Computer Science and Engineering (AI and ML)
- Computer Science and Engineering (Cyber Security)
- Computer Science and Engineering (Data Science)
- Computer Science and Engineering (Internet of Things)
APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes
NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 26th Best in Engineering Category
INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025
To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

## ईपीएफओ के कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए बड़ा फैसला

# अब केवल चेहरा दिखाने से ही जनरेट हो जाएगा यूएएन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ईपीएफओ के तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए सरकार ने एक और अच्छी खबर का एलान किया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल कर्मचारी अब केवल चेहरे की पहचान कराकर ही सार्वभौमिक भविष्य निधि खाता संख्या (यूएएन) ▶▶| शेष पेज 5 पर




### क्या होगा फायदा

नई प्रक्रिया के लाभ यह है कि इसमें आधार की 100 प्रतिशत पुष्टि होती है। अब उमंग ऐप के माध्यम से आसानी से अपना यूएएन सक्रिय कर सकते हैं। चेहरा प्रमाणीकरण का उपयोग करने से ओटीपी-आधारित प्रमाणीकरण की सुरक्षा मिलती है।

### कैसे जनरेट होगा यूएएन

उमंग एप खोलना होगा। फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए यूएएन आवंटन और एक्टिवेशन के चरणों का पालन करना होगा। आधार-आधारित सत्यापन के बाद, यूएएन जनरेट हो जाएगा और मोबाइल नंबर पर एसएमएस के जरिए इसे भेज दिया जाएगा।

# पेंशन में देरी पर बैंकों को देना होगा 8 फीसदी ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के एक हालिया निर्देश में रिटायर केंद्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारियों को पेंशन बांटने के लिए जिम्मेदार सभी बैंकों को अब पेंशन भुगतान में किसी भी देरी के लिए 8 फीसदी प्रति वर्ष का ब्याज देना अनिवार्य है। आरबीआई के मास्टर सर्कुलर में बढ़ोतरी इस आवश्यकता का उद्देश्य पेंशनभोगियों को उनके बकाया के देर से ▶▶| शेष पेज 5 पर




### बुजुर्गों का रखा गया ख्याल

सर्कुलर में कहा गया है, पेंशन डिस्ट्रिब्यूट करने वाले सभी एजेंसी बैंकों को सलाह दी जाती है कि वे पेंशनभोगियों, खासकर उन पेंशनभोगियों को जो वृद्ध हैं। उनके लिए विचारशील और सहानुभूतिपूर्ण ग्राहक सेवा प्रदान करें।

### आरबीआई ने जारी किए निर्देश

बैंकों को आरबीआई से निर्देशों की वेट किए बिना पेंशन भुगतान पूरा करने का निर्देश दिया गया है, इस प्रकार यह सुनिश्चित किया जाता है कि पेंशनभोगियों को अगले महीने के भुगतान चक्र में उनका लाभ मिले। बैंकों से बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने का आग्रह किया है।



# रात के अंधेरे में ही क्यों दिखते हैं भूत-प्रेत? यहां जानिए इसके पीछे का रहस्य...

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में भूत-प्रेत को लेकर लोगों की अलग-अलग राय है। दुनिया में कई लोग भूत-प्रेत पर विश्वास करते हैं। दुनिया की कई संस्कृतियों में आत्माओं और मृत्यु के साथ ही दूसरी दुनिया में रहने वाले लोगों पर भरोसा किया जाता है। बहुत लोगों को भूतों की कहानियां पढ़ना और भूतों पर बनी फिल्में देखना पसंद है। इनसे जुड़ी कई कहानियां पढ़ने और सुनने को भी मिलती हैं।

## कई हैरान करने वाली होती हैं घटनाएं

कुछ लोगों का मानना है कि जिस प्रकार भगवान होते हैं, उसी तरह भूत-प्रेत भी होते हैं। भूत-प्रेत के होने के कोई सबूत नहीं हैं, लेकिन इनके होने के दावा किए जाते हैं। इस तरह के कई मामले सामने आते हैं, लेकिन इसकी व्याख्या नहीं की जा सकती है। दुनिया में कई हैरान करने वाली घटनाएं होती हैं। कभी-कभी कुछ ऐसा होता है जिस पर यकीन नहीं होता है। उदाहरण के लिए दरवाजे का अपने आप बंद हो जाना है या किसी के शरीर में किसी का प्रवेश कर जाना है। इन बातों का समझना बेहद मुश्किल होता है।



## रात में होती है काफी शांति

बता दें कि अभी तक जितने भी लोगों ने भूत- प्रेत देखने का दावा किया है। उन्होंने उन्हें रात के समय में ही देखा है। दिन के समय उनका प्रभाव क्यों कम हो जाता है? इसके पीछे की वजह को लेकर पैरानॉर्मल एक्सपर्ट्स ने एक थ्योरी दी है। उनके मुताबिक भूत-प्रेत रात के समय इसलिए दिखते हैं, क्योंकि उस दौरान काफी शांति होती है। रात के वक्त इलेक्ट्रॉनिक डिस्टरबेंस भी काफी कम होता है। पैरानॉर्मल एक्सपर्ट्स का ये भी कहना है कि दिन के समय अत्यधिक इलेक्ट्रॉनिक डिस्टरबेंस भूतों की ऊर्जा को डिस्टर्ब कर देती है। यही एक बड़ा कारण है, जिसके चलते भूत -प्रेत रात के समय सक्रिय होते हैं।



## इंसान की आत्मा रहती है जिंदा

हालांकि, भूत-प्रेत और आत्माओं के रहस्य से अब तक पर्दा नहीं उठ पाया है। वहीं, देश-दुनिया में ऐसे कई लोग हैं, जो इस बात का दावा करते हैं कि उन्होंने भूतों को देखा है। पैरानॉर्मल एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मरे हुए इंसान की आत्मा उसके शरीर के खत्म होने के बाद भी जिंदा रहती है। यही आत्मा अपने अस्तित्व को अजीबोगरीब ढंग से व्यक्त करने की कोशिश करती है। इसे ही भूत-प्रेत कहा जाता है। भूत प्रेत को लेकर विभिन्न मान्यताएं और दृष्टिकोण हैं। भूतों पर यकीन करने वाले लोगों की मानें तो जिन लोगों की कोई महत्वपूर्ण इच्छा पूरी नहीं हो पाती या उनकी असमय मृत्यु होती है, वही लोग भूत बनकर भटकते हैं। लंबे समय से कई पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर रहस्यमय स्थानों पर जाकर भूत-प्रेतों की तफ्तीश करते आ रहे हैं।

**● रोचक खबरें**

# आसमान में 'V' शेप में क्यों उड़ता है पक्षियों का झुंड?



**लंदन।** दुनियाभर में पक्षियों की 9000 से भी ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें से 1000 से ज्यादा प्रजातियां तो केवल भारत में ही मौजूद हैं। आसमान में उड़ते हुए पक्षियों के झुंड में क्या आपने कभी नोटिस किया है कि वे 'V' शेप में ही क्यों उड़ती हैं?

पक्षियों के 'V' शेप में उड़ने को लेकर कई कारण बताए जताए हैं। कई रिसर्च के मुताबिक वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे पक्षियों को उड़ने में बेहद आसानी होती है और वे आपस में टकराने से भी बच जाते हैं। वहीं, झुंड में सबसे आगे उड़ रहा पक्षी सभी को लीड कर रहा होता है। 'लंदन कॉलेज' के 'वेटरनरी कॉलेज' के प्रोफेसर जेम्स उशरवुड के मुताबिक पक्षियों के लिए 'V' शेप में उड़ने से हवा को काटना आसान हो जाता है। साथ ही इससे अन्य पक्षियों को भी उड़ने में आसानी होती है। पक्षी जब उड़ना सीखते हैं तो वह इसी आदत में ढल जाते हैं।

## तेज उड़ने को लेकर नहीं मचती होड़

कई वैज्ञानिकों का तर्क है कि झुंड में आगे उड़ने वाला पक्षी जब थकने लगता है तो कोई दूसरा पक्षी बाकी पक्षियों को लीड करने के लिए आगे आता है, जिससे सभी पक्षी एकसाथ और एक के पीछे एक करके उड़ते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि पक्षियों में सबसे आगे या तेज उड़ने को लेकर कोई होड़ नहीं मची रहती है। सभी पक्षियों के पास बराबर अधिकार होते हैं। वहीं जो पक्षी सबसे पहले उड़ना शुरू करता है, वह आगे होता है और बाकी उसके पीछे ही उड़ने लगते हैं।

## उड़ान भरने में होती है आसानी

जेम्स उशरवुड के मुताबिक 'V' फॉर्मेशन में उड़ने से पक्षियों को उड़ान भरने में काफी आसानी भी होती है। इससे बाकी पक्षियों को उड़ते समय एक दूसरे के पंखों के टकराने की समस्या नहीं होती. साथ ही उनकी एनर्जी भी बची रहती है। इसके अलावा इससे वे सामने की हवा को भी कंट्रोल कर सकते हैं।

# धीरे-धीरे जमीन में धंस जाएगा अमेरिका का ये बड़ा क्षेत्र? नई स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा

**न्यूयार्क।** ऑस्टिन में मौजूद टेक्सास यूनिवर्सिटी के रिसर्चर ने एक अहम जानकारी जुटाई है। उन्होंने अपने नए अध्ययन पाया है कि मध्य-पश्चिम के नीचे गहराई में दबा हुआ पृथ्वी की पपड़ी का एक टुकड़ा एक्टिव है और आज के उत्तरी अमेरिकी पपड़ी के बड़े हिस्से को मेंटल में खींच रहा है। इसे वैज्ञानिक 'क्रैटोनिक थिनिंग' कह रहे हैं। भूकंपीय इमेजिंग का इस्तेमाल करते हुए वैज्ञानिकों ने मध्य अमेरिका के नीचे विशाल, टपकन-जैसी स्ट्रक्चर्स का अवलोकन किया, जिससे पता चलता है कि लिथोस्फीयर (पृथ्वी की कठोर बाहरी परत) पतला हो रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह से महाद्वीप के प्राचीन कोर, या क्रेटन के आधार से मैटेरियल मेंटल संक्रमण क्षेत्र में डूब रही है। यह पहली बार है जब शोधकर्ताओं ने क्रैटोनिक थिनिंग की क्रिया को संभावित रूप से पकड़ा है, जैसा कि नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित एक पेपर में विस्तार से बताया गया है।

## रिसाव क्यों हो रहा है?

जियो डायनामिक्स मॉडल बताते हैं कि उत्तरी अमेरिका के नीचे विशाल भूमिगत 'टपकन' संभवतः बड़े पैमाने पर मेंटल प्रवाह के कारण होता है, जो लंबे समय से उप-प्रवाहित फैरालोन स्लैब द्वारा गतिमान होता है, जो अब निचले मेंटल में गहराई में है। यह प्राचीन स्लैब ऊपरी लिथोस्फीयर को कमजोर कर सकता है, जिससे यह मेंटल में टपकने के लिए तिरछा हो जाता है। रिसर्चर ने अपने शोध में पाया कि ये टपकने जैसी स्ट्रक्चर्स करीब 640 किलोमीटर (400 मील) भूमिगत फैली हुई हैं और मिशिगन, नेब्रास्का और अलबामा सहित एक विस्तृत क्षेत्र के नीचे मौजूद हैंय हालांकि ये मध्य-पश्चिम में केंद्रित हैं, लेकिन इनका जियोलॉजिकल इफेकक्ट्स उत्तरी अमेरिका के अधिकांश भाग तक फैल सकता है। स्टडी इन बूंदों के निर्माण को फरालोन प्लेट से भी जोड़ता है, जब एक बार सक्रिय समुद्री प्लेट जो उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी किनारे के नीचे धंस गई थी।करीब 20 मिलियन साल पहले, जब प्रशांत प्लेट आगे बढ़ी, तो फरालोन प्लेट टूट गई। बचे हुए स्लैब मेंटल में उतरते रहे और धीरे-धीरे उत्तरी अमेरिकी लिथोस्फीयर के टुकड़ों को अपने साथ खींचते रहे।



## एक ग्रह लंबे समय में कैसे विकसित हुआ

यह स्टडी महाद्वीपों के विकास की खोज करने वाले भूवैज्ञानिकों के लिए खासतौर पर बहुत कीमती है। जैक्सन स्कूल के प्रोफेसर और सह-लेखक थोरस्टन बेकर ने कहा,'अगर हम यह समझना चाहते हैं कि एक ग्रह लंबे समय में कैसे विकसित हुआ है, तो इस तरह की चीजें महत्वपूर्ण हैं। इससे हमें यह समझने में मदद मिलती है कि आप महाद्वीप कैसे बनाते हैं, उन्हें कैसे तोड़ते हैं और उन्हें (पृथ्वी) में कैसे रीसाइकिल करते हैं।'



## ये क्षेत्र कैसा दिखता है?

रिसर्चर ने पाया कि मिडवेस्ट के नीचे एक बड़ा फ़नल के आकार का क्षेत्र उत्तरी अमेरिका से चट्टानों को अपनी ओर खींच रहा है, इससे पहले कि वे पृथ्वी के मेंटल में डूब जाएं। इस प्रक्रिया के कारण महाद्वीप के कुछ हिस्सों में उनकी पपड़ी के नीचे की मैटेरियल कम हो रही है। यूटी के जैक्सन स्कूल ऑफ जियोसाइंसेज में पोस्टडॉक्टरल फेलोशिप के दौरान शोध करने वाले चीफ लेखक जुनलिन हुआ ने कहा, 'हमने पाया कि क्रेटन के नीचे कुछ हो सकता है।' 'सौभाग्य से, हमें इस बात पर विचार करने का भी मौका मिला कि इस पतलेपन का कारण क्या है।' हालांकि यह घटना अहम है, लेकिन रिसर्चर ने जोर देकर कहा कि चिंता का कोई तत्काल कारण नहीं है - टपकने की प्रक्रिया धीरे-धीरे होती है और फ्यूचर में लैंडस्केप को प्रभावित नहीं करेगी। उम्मीद है कि यह आखिरकार बंद हो जाएगी, क्योंकि प्राचीन टेक्टोनिक प्लेट का टुकड़ा गहराई में डूब जाएगा और क्रेटन पर अपना इफेक्ट खो देगा।

# पत्नी को सबक सिखाने के लिए शख्स ने अपने दुधमुंहे बच्चे के साथ जो किया वो है शॉकिंग

**बैंकाक।** थाईलैंड से एक बेहद परेशान करने वाली खबर सामने आई है, जहां एक शख्स ने अपने दुधमुंहे बच्चे को जंगल में सिर्फ इसलिए मरने के लिए छोड़ दिया, क्योंकि वह अपनी पत्नी से एक बात का बदला लेना चाहता था। यही नहीं, शख्स ने जंगल में पड़े अपने बच्चे की तस्वीर खींची और उसे पत्नी को भेज दिया। मामला पुलिस तक पहुंचने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



एक रिपोर्ट के अनुसार 21 वर्षीय वुट्टीचाई अपने दो हफ्ते के बेटे को लेकर जंगल गया। जहां उसने बच्चे को जमीन पर रखकर उसकी कुछ तस्वीरें खींची और फिर अपनी 22 वर्षीय पत्नी ओराथाई को भेज दिया। महिला तब अपने दोस्तों के घर पर थी। बच्चे की तस्वीर देखते ही वो बुरी तरह घबरा गई और फौरन मुखिया को इस घटना की सूचना दी। वहीं, मामले को तूल पकड़ता देखकर वुट्टीचाई बच्चे को वापस घर लेकर आ गया। लेकिन, तब तक ओराथाई थाने में पति की शिकायत कर चुकी थी। ओराथाई ने आरोप लगाया कि उसका पति ड्रग्स का आदी है। जुआ खेलता है और उसके साथ मारपीट करता है। महिला ने बताया कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद जब उसने फिजिकल होने से मना किया, तो पति नाराज हो गया और इसी बात को लेकर दोनों के बीच काफी झगड़ा भी हुआ था।

# प्रेमिका ने तोड़ा रिश्ता, बदला लेने प्रेमी चुरा ले गया पालतू मुर्गा!

**वॉशिंगटन।** प्यार की कहानियां भी कमाल होती हैं। कोई प्यार में इस हद तक पागल हो जाता है कि अपना सब कुछ खोने को तैयार हो जाता है। वहीं, कुछ लोग प्यार में मिले धोखे के बाद यूं बावले हो जाते हैं कि वो कुछ भी करके अपने पार्टनर से बदला लेना चाहते हैं। एक ऐसी ही दिलचस्प कहानी अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन से सामने आई है।



चोरियां बहुत सुनी होंगी आपने लेकिन शायद ही कभी ऐसा कुछ सुना हो। एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका से ब्रेकअप का बदला लेने के लिए उसका पालतू मुर्गा ही चुरा लिया। दिलचस्प ये था कि पुलिस ने उसे ढूंढ भी लिया। खुद किटसैप काउंटी शैरिफ ऑफिस की ओर से इस वाक्ये को शेयर किया गया है, जो सुर्खियों में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक महिला ने पुलिस को फोन करके कहा कि उसके पूर्व प्रेमी ने उसके घर में आकर पिछला दरवाज़ा तोड़ दिया और घर से पालतू मुर्गा चुरा ले गया। पुलिस ने इस पर तत्काल एक्शन लेते हुए शख्स को जंगलों के बीच से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक वो लगातार चिल्ला रहा था 'मुझे पॉली मिल गया'। जब पुलिस को शख्स मिला, तो बहुत ही अलग सीन था। पुलिस ने बताया कि शख्स वहां मुर्गे को पकड़कर रो रहा था। उसने ऑफिसर्स से कहा – मेरे मुर्गे को चोट मत पहुंचाइएगा। पुलिस ने उसे शांत करते हुए कहा कि तुम अपने मुर्गे को पकड़े रहो, हम उसे चोट नहीं पहुंचाने वाले हैं। उसने पुलिस की बातें मानीं और आखिरकार मुर्गे को पेट्रोलिंग वाले वाहन में बिठाया। शख्स को अरेस्ट करने के बाद मुर्गा उसकी मालकिन को लौटा दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

# 13000 साल पुराने दांत, 72,000 साल पुरानी खोपड़ी का किया रिसर्च, फिर जो बना उसकी पूरी दुनिया में हो रही चर्चा

**न्यूयार्क।** अमेरिका में वैज्ञानिकों ने एक कमाल कर दिखाया है। उन्होंने आनुवंशिक बदलाव के जरिए तीन भेड़िए शावकों को तैयार किया है, जो दिखने में 10,000 साल पहले विलुप्त हो चुके 'डायर वुल्फ'जैसे लगते हैं। ये शावक अभी 3 से 6 महीने के हैं और किसी गुप्त, सुरक्षित जगह पर रह रहे हैं। ये खबर 'कोलोसल बायोसाइंसेज'कंपनी ने दी है, जो विलुप्त प्रजातियों को फिर से लाने पर काम कर रही है।

## बनाए गए तीन भेड़िए

एसोसिएटेड प्रेस में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों के मुताबिक, इन शावकों के बाल लंबे और सफेद हैं, जबड़े मजबूत हैं और अभी इनका वजन 80 पाउंड (36 किलो) है। बड़े होने पर ये 140 पाउंड (63 किलो) तक पहुंच सकते हैं। 'डायर वुल्फ'अपने समय में आज के 'ग्रे वुल्फ'से कहीं बड़े और ताकतवर थे, जो इनके सबसे करीबी रिश्तेदार हैं।



## विलुप्त प्रजातियों को दोबारा पैदा करने की हो रही कोशिश

*'कोलोसल बायोसाइंसेज'का कहना है कि ये शुरुआत है। कंपनी पहले से ही वूल्ली मैमथ और डोडो जैसी विलुप्त प्रजातियों को लाने की कोशिश कर रही है। लेकिन, कुछ वैज्ञानिकों को शक है कि क्या ये भेड़िये सचमुच उत्तर अमेरिका के जंगलों में फिर से रह पाएंगे। अभी इन तीन शावकों को सुरक्षित जगह पर रखा गया है, जहां इनकी देखभाल हो रही है।*

## जानें कैसे बनाए गए भेड़िए

*डायर वुल्फ 10,000 साल से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे। इसके बाद 'कोलोसल'की मुख्य वैज्ञानिक बेथ शापिरो ने बताया कि वैज्ञानिकों ने पुराने जीवाश्मों से डीएनए निकाला। ओहियो में मिले 13,000 साल पुराने दांत और इदाहो में मिले 72,000 साल पुराने खोपड़ी के टुकड़े से 'डायर वुल्फ'के खास गुणों का पता लगाया गया।*

## क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

*बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच, जो इस शोध का हिस्सा नहीं थे उन्होंने कहा कि ये कोशिश बड़ी है, लेकिन अभी हम सिर्फ सतही तौर पर 'डायर वुल्फ'जैसा कुछ बना सकते हैं। इन्हें पूरी तरह वापस लाना मुमकिन नहीं है। उनका मानना है कि ये भेड़िये दिखने में तो पुराने 'डायर वुल्फ' जैसे हो सकते हैं, लेकिन इनका व्यवहार और असली गुण वैसा नहीं होगा।*



## किराए की कोख में पैदा हुए भेड़िए के बच्चे

इसके बाद एक जिंदा 'ग्रे वुल्फ'की खून की कोशिकाओं को लिया गया और सीआरआईएसपीआर तकनीक से उसमें 20 जगहों पर बदलाव किए गए। सीआरआईएसपीआर एक ऐसी तकनीक है, जिससे जीन में सटीक बदलाव संभव हैं। फिर इस बदले हुए डीएनए को एक घरेलू भेड़िए के अंडे में डाला गया। इस अंडे को एक सरोगेट (किराए की कोख) मादा भेड़िए में डालकर 62 दिन बाद इन शावकों का जन्म हुआ। ये शावक दिखने में 'डायर वुल्फ'जैसे हैं, लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि ये पूरी तरह वही नहीं हैं।

# 'अमीर' लड़के पटाना सिखाती है महिला



**बीजिंग।** आपने देखा होगा कि लोग अच्छी तरह व्यवहार करने की ट्रेनिंग लेते हैं, लेकिन शायद ही कभी ऐसी क्लास के बारे में सुना हो, जिसमें ये सिखाया जाए कि कैसे लड़के पटाए जाएं. चीन में एक महिला ऐसी ही क्लास दे रही है। हमारे आसपास बहुत से लोग हैं, जो अपनी स्किल्स को बढ़ाने के लिए अलग-अलग क्लासेज लेते हैं। आमतौर पर वे ऐसी चीजें सीखते हैं, जो उन्हें नहीं आतीं या उन्हें बेहतर करनी हैं। कोई डांस क्लास जाता है तो कोई स्पीच क्लासेज़ लेता है। हालांकि, शायद ही आपने किसी को पार्टनर पटाने की क्लास लेते या देते हुए देखा होगा। पड़ोसी देश चीन में इसकी क्लासेज़ भी चल रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक महिला का नाम ली चुआनकू है, जो एक सोशल मीडिया एनफ्लुएंसर है। वो खुद को लव गुरु बताती है, जो महिलाओं को सिखाती है कि कैसे अमीर आदमी से शादी कर सकते हैं। इसके लिए वो तरह-तरह के नुस्खे दे रही है, जिसे लड़कियां अपना भी रही हैं और बदले में उसे पैसे देती हैं। ली चुआनकू नाम की महिला ऑनलाइन क्लासेज़ के ज़रिये लड़कियों को सिखाती है कि उन्हें किस तरह अमीर लड़कों को अपने जाल में फंसाना है और उनसे शादी करनी है। उसके इन नुस्खों को इतनी लड़कियां पैसे देकर सीख रही हैं कि महिला 167 करोड़ रुपए सालाना हंसते-हंसते कमा लेती है। हाल ही में चीन के टैक्सेशन डिपार्टमेंट ने बताया कि उसने टैक्स चोरी की और महिला पर 8.5 करोड़ रुपए का फाइन लगा है। इसके बाद वो एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। चुआनकू लाइव-स्ट्रीम के दौरान लोगों से पैसे लेकर उन्हें सलाह देती है। एक सलाह देने के बदले वो 12,945 रुपए चार्ज करती है। उसके सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले कोर्स की फीस 43,179 रुपए है। इसके साथ ही वो पर्सनल कंसल्टेशन के लिए हर महीने 1,16,927 रुपए फीस लेती है।

### यह कॉम्पाउंड सिर्फ लीवर कैंसर के केस में है कारगर

# चीन ने खोजा ऐसा फॉर्मूला कि तुरंत लग जाएगा कैंसर पर ब्रेक

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने लीवर कैंसर के उपचार में एक महत्वपूर्ण खोज की है। उन्होंने पाया है कि सिलीबिन नामक प्राकृतिक यौगिक एमसीटी1 प्रोटीन को रोककर कैंसर कोशिकाओं में लैक्टेट के संचय को बढ़ाता है, जिससे उनकी वृद्धि रुक जाती है। यह खोज कैंसर के प्रभावी उपचार के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकती है। सस्ता उपचार खोजने के बाद चीन के वैज्ञानिकों ने कैंसर को लेकर एक और नई खोज की है। चीनी वैज्ञानिकों ने लैक्टेट के परिवहन तंत्र की खोज की है, जिस दौरान ऐसे तत्व के बारे में पता चला जो कैंसर जैसी घातक बीमारी को पहली स्टेज में ही रोक सकता है। सीजीटीएन के मुताबिक लैक्टेट जो कैंसर कोशिकाओं के लिए महत्वपूर्ण ईंधन है और कैंसर की बढ़ने में मदद करता है, उसे खोजे गए सिलीबिन नामक एक प्राकृतिक यौगिक के जरिए रोका जा सकता है। यह कॉम्पाउंड सिर्फ लीवर कैंसर के केस में कारगर है।



## लीवर कैंसर के बारे में जानिए

लीवर कैंसर एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लीवर की कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बना लेती हैं। यह कैंसर प्रथम चरण (लीवर से शुरू होने वाला) या दूसरा चरण (किसी अन्य अंग से फैलकर लीवर में पहुँचना) हो सकता है। लीवर कैंसर के लक्षण धीरे-धीरे उभरते हैं और शुरुआत में बहुत सामान्य लग सकते हैं, जिससे पहचान करना मुश्किल होता है। आम लक्षणों में पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में दर्द या सूजन, अचानक वजन घटना, भूख न लगना, लगातार थकान, मतली, उल्टी और आंखों या त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया) शामिल हैं। लीवर कैंसर के कुछ मामलों में पेट में पानी भरने की समस्या भी हो सकती है। लीवर कैंसर का इलाज रोगी की उम्र, स्वास्थ्य और कैंसर के स्टेज पर निर्भर करता है।

## नए उपचार विकसित करने में मिलेगी मदद

तिआनजिन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ये शेंग और उनकी टीम ने एक रिसर्च में यह पता लगाया कि एमसीटी1 एक ट्रांसपोर्टर प्रोटीन कैंसर कोशिकाओं से लैक्टेट बाहर निकालता है। उन्होंने पाया कि सिलीबिन इस ट्रांसपोर्टर को रोक सकता है। सिलीबिन एमसीटी1 को बंद कर देता है, जिससे लैक्टेट कैंसर कोशिकाओं में जमा हो जाता है और उनकी वृद्धि रुक जाती है। चीन के वैज्ञानिकों का दावा है कि इस खोज से कैंसर का प्रभावी उपचार विकसित किया जा सकता है। सिलीबिन का उपयोग कैंसर कोशिकाओं में लैक्टेट के संचय को बढ़ाकर उनकी वृद्धि को रोकता है, जिससे भविष्य में कैंसर के नए उपचार विकसित करने में मदद मिलेगी।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## तीन जिलों को नक्सलमुक्त करने चुकानी पड़ी बड़ी कीमत, मोहला अब भी बाकी



# 35 सालों में 124 लोग मारे गए, एसपी सहित 43 जवान भी शहीद

सचिन अग्रहरि ▶▶| राजनांदगांव

हरिभूमि खास

लाल आतंक का दंश झेल चुके राजनांदगांव जिले में नक्सलियों ने पिछले 35 सालों में न सिर्फ पुलिस और फोर्स को अपना निशाना बनाया, बल्कि 124 आम नागरिकों की भी हत्या कर दहशत फैलाने की कोशिश भी की। नक्सलियों का खात्मा करने के लिए एसपी व्हीके चौबे सहित 43 जवानों को अपनी शहादत भी देनी पड़ी। इन सालों में 37 नक्सलियों को मार गिराने के बाद जिले में फोर्स का ऐसा दबाव बढ़ा कि पिछले तीन साल से नक्सल संगठन बैकफुट पर चले गए और बस्तर में चल रही आर-पार की लड़ाई के बीच राजनांदगांव, खैरागढ़ और कवर्धा जिला अब नक्सल मुक्त हो गया है।

अब इस इलाके के मोहला मानपुर जिले में ही नक्सलियों की आमद है। इसकी बड़ी वजह महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और बस्तर से जुड़ी इसकी सीमाएं हैं। अविभाजित राजनांदगांव जिले में नक्सलियों ने सन 1990 में अपने संगठन को ▶▶|शेष पेज 5 पर

### दहशत पैदा करने 122 आगजनी

अक्सर देखा गया है कि नक्सली अपनी दहशत ग्रामीण एवं शासन-प्रशासन के सामने बनाने के लिए कई हथकंडे अपनाते रहे हैं। इनमें आगजनी भी शामिल रही है। पिछले साढ़े तीन दशक के भीतर अविभाजित जिले में नक्सलियों द्वारा 122 आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। साल 2018 में सर्वाधिक 11 आगजनी की घटनाएं देखने को मिली थी। वहीं सबसे पहली आगजनी 1990 में नक्सलियों द्वारा की गई थी।

### 561 घटनाओं को दिया अंजाम

करीब डेढ़ दशक पहले बस्तर के बाद नक्सलियों का अहम कारीडोर राजनांदगांव जिला माना जाता था। उस दौरान नक्सली जिले के बार्डर पर लगातार एक्टिव रहा करते थे। यूं तो 1990 से अब तक के मध्य कुल 561 घटनाएं नक्सलियों द्वार की गई, लेकिन सर्वाधिक घटनाएं 2006 से 2012 के मध्य देखने को मिली। अंतिम नक्सल घटना जिले में साल 2023 में दर्ज की गई है।

*राजनांदगांव इलाके में महाराष्ट्र सीमा से लगे मोहला मानपुर में जारी है नक्सलियों की धमक*

## बार्डर इलाके के कारण वनांचल नहीं हुआ नक्सल मुक्त

अविभाजित राजनांदगांव जिले में शामिल रहे नवगठित मोहला- मानपुर- चौकी जिले में अभी भी नक्सलियो का मूव्हमेंट जारी है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और बस्तर के बार्डर पर स्थित इस जिले को केंद्र सरकार ने अति संवेदनशील से हटा कर एलडब्लूई की श्रेणी में कर दिया है। जानकार सूत्रो का कहना है कि गढ़चिरौली और बस्तर में नक्सलियो के खात्मे के बाद ही एमएमसी जिला नक्सल मुक्त हो पाएगा।

### 154 बार आमने सामने की लड़ाई



1990 में नक्सलियों की दस्तक के बाद उनसे बराबर का सामना करना सुरक्षा बलों ने भी शुरू कर दिया था। कुल 154 मुठभेड़ अब तक दर्ज की गई है। हालांकि शुरूआती दौर में तीन साल तक कोई मुठभेड़ देखने को नहीं मिली, लेकिन वर्ष 1993 में पहली दफा पुलिस और नक्सल आमने-सामने लड़ाई करते दिखे। उसके बाद से हर दूसरे साल पुलिस नक्सल के बीच मुठभेड़ की खबरें आती रही। वहीं 2015 और 2016 के बीच सर्वाधिक 28 मुठभेड़ दर्ज की गई।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कार-टैंकर की टक्कर परिवार के चार की मौत



**वर्धा।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में एक कार के टैंकर से टकरा जाने की घटना में दंपति और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। जिले के तरोदा गांव में यह घटना हुई। कार के सामने एक जंगली सूअर के अचानक आ जाने से चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया।

### अध्यापक ने फेंकी छड़ी, बच्चे ने खोई आंख की रोशनी



**चिक्कबल्लापुर।** चिक्कबल्लापुर जिले में एक अध्यापक द्वारा फेंकी गई छड़ी लगने से एक छह वर्षीय बच्चे की दाईं आंख की रोशनी चली गई। इस घटना के संबंध में शिक्षक और पांच अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

## ‘फर्जी’ हृदय रोग विशेषज्ञ को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया

# ‘डॉक्टर’ की डिग्री में पूर्व उपराष्ट्रपति के फर्जी हस्ताक्षर, बिलासपुर अपोलो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर/भोपाल

*मध्यप्रदेश के दमोह के मिशन अस्पताल में 7 हार्ट पेशेंट की मौत के आरोपी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव के मामले में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। जबलपुर मेडिकल कॉलेज टीम ने जब आरोपी डॉक्टर की डिग्री की जांच की तो उसमे पांडिचेरी विश्वविद्यालय के चांसलर के रूप में पूर्व उपराष्ट्रपति के फर्जी हस्ताक्षर थे। इधर, बिलासपुर सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने अपोलो अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है।*

मध्यप्रदेश के दमोह की एक अदालत ने सात मरीजों की मौत से जुड़े कथित ‘फर्जी’ हृदय रोग विशेषज्ञ नरेंद्र जॉन कैम को मंगलवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। एक दिन पहले ही कैम को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया था। इधर, डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव बिलासपुर में भी कई लोगों की जान ले चुका है। इनमें सबसे बड़ा नाम छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल का भी है। राजेंद्र प्रसाद अविभाजित मध्यप्रदेश में भी विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं।

डॉ नरेंद्र तब बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में पदस्थ था। दिवंगत शुक्ल के बेटे का बयान सामने आने के बाद सीएमएचओ डा. प्रमोद तिवारी ने एक्शन लिया। इधर, कांग्रेस ने फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम, डॉ प्रताप रेड्डी ,चैयरमेन अपोलो हॉस्पिटल, प्रीथा रेड्डी, एजीकेटिव्ह चैयरमेन अपोलो हॉस्पिटल, डॉ मनीष मट्टू, रीजनल हेड अपोलो हॉस्पिटल, अर्णव राहा, यूनिट हेड ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस ने थाने में की शिकायत

इधर, बिलासपुर में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपोलो हास्पिटल पहुंचकर डॉ. नरेंद्र की नियुक्ति और दस्तावेजों से संबंधित जानकारी मांगी है। इसके साथ ही सरकंडा थाने में भी मामले की शिकायत की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में सरकंडा थाना पहुंचकर अपोलो प्रबंधन के विरुद्ध हत्या और षड्यंत्र की धारा के तहत कार्रवाई करने की मांग की। इसमें कहा गया कि उक्त फर्जी डॉक्टर ने पूर्व विधानसभा स्पीकर स्व राजेंद्र शुक्ल सहित अन्य लोगों के हृदय का ऑपरेशन किया। इसमें राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य लोगो की मृत्यु हो गई। यह एक सुनियोजित हत्या है, जिसमे डॉक्टर सहित अपोलो प्रबन्धन भी उतना ही दोषी है।



### अपोलो प्रबंधन से मांगा जवाब

बिलासपुर के सीएमएचओ डा. प्रमोद तिवारी अपोलो से जवाब मांगा गया है कि, किस आधार पर डॉक्टर की नियुक्ति की गई थी। उसकी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा है। साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष समेत कई लोगों की मौत के मामले में डॉक्टर के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई थी, यह भी जानकारी मांगी गई है।

### आरोपी ने चार की एंजियोप्लास्टी की थी, इनमें तीन की मौत

दमोह के सीएमएचओ मुकेश जैन ने बताया कि आरोपी डॉक्टर ने चार की एंजियोप्लास्टी की थी, इनमें से तीन की मौत हुई है। 20 फरवरी को हमको जांच के लिए कलेक्टर ने कहा था। इसके बाद हमने 22 फरवरी से जांच शुरू की। इसमें आरोपी डॉक्टर एन जॉन केम के द्वारा किए गए ऑपरेशन और रिकार्ड खंगाले गए। 30 से 35 दिन डॉक्टर अस्पताल में रहा है। इस दौरान कार्डियोलाजी में सात लोगों की मौत हुई थी।

### जांच में हुआ बड़ा खुलासा

जबलपुर की टीम ने जब डॉक्टर की डिग्री की जांच की तो उसमे पांडिचेरी विश्वविद्यालय के चांसलर के रूप में पूर्व उपराष्ट्रपति के हस्ताक्षर थे। इस बात का सत्यापन करने के लिए जब टीम ने पूर्व राष्ट्रपति के हस्ताक्षर चेक किए, तो डिग्री में मौजूद हस्ताक्षर और ओरिजिनल हस्ताक्षर में अंतर मिला, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि आरोपी डॉक्टर की कार्डियोलॉजिस्ट की डिग्री भी फर्जी है। डिग्री में संदेह का एक प्रमुख कारण यह भी था कि उसकी डिग्री में न तो एनरोलमेंट नंबर था और न ही रोल नंबर। जब इस बात की पुष्टि हो गई कि डॉक्टर के दस्तावेज फर्जी हैं, तब जाकर टीम ने कोतवाली में आरोपी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

# ट्रंप ने चीन पर फोड़ा बड़ा ‘टैरिफ बम’ लगाया 104% टैक्स



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर चली आ रही जंग के बीच अमेरिका ने गुरुवार को ड्रैगन पर बड़ा ‘टैरिफ बम’ फोड़ दिया है।

**डेडलाइन हुई खत्म**

अमेरिका ने कहा है कि वह अब चीनी उत्पादों पर 104 फीसदी टैरिफ लगाने जा रहा है। वाइट हाउस के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह फैसला 9 अप्रैल को आधी रात से लागू होगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को चेतावनी दी थी कि अगर चीन ने अमेरिका पर लगाए गए जवाबी शुल्क ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चीन पर क्या बोले अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के साथ फोन पर बातचीत की है। उन्होंने कहा कि इस बातचीत के बाद दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार समझौते की संभावनाएं अच्छी लग रही हैं। ट्रंप ने कहा कि वे व्यापार और टैरिफ के मुद्दों पर अलग-अलग देशों के साथ बातचीत करेंगे।

### नहीं झुकेगा चीन

चीन ने कहा है कि वह किसी भी हाल में पीछे नहीं हटेगा। मंगलवार को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, व्यापार और टैरिफ युद्धों में कोई विजेता नहीं होता है और संरक्षणवाद कहीं नहीं ले जाता है। हम परेशानी पैदा नहीं करते हैं लेकिन जब हमारे सामने कोई परेशानी आएगी तो हम पीछे नहीं हटेंगे। डराना, धमकाना और ब्लैकमेल करना चीन के साथ बातचीत करने का सही तरीका नहीं है।

# रतनपुर में फिर मिले चार मृत कछुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रतनपुर के महामाया नगरी में कछुए की मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले महामाया कुंड में 23 मृत कछुओं के मिलने संबंधी मामले की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई है, इधर मंगलवार की सुबह रतनपुर महामाया मंदिर के पहले बने कलपेसरा तालाब में फिर चार कछुओं का शव पाया गया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मामले की ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पहले मृत मिले थे 23 कछुए

- महामाया मंदिर के पास कलपेसरा तालाब में मिले कछुओं के शव



### मौत का कारण दम घुटना

रतनपुर के एक तालाब में चार कछुओं का शव मिला है। इनकी प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने के कारण मौत होना बताया गया है। बिसरा को जबलपुर भेजा जा रहा है। तालाब में जहां कछुओं का शव मिला है, वहां सीसी कैमरा नहीं लगा है। फिलहाल आसपास के लोगों से पूछताछ शुरु कर दी गई है। वहीं 23 नग कछुओं की मौत के मामले में मुख्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एसपी को भी पत्र लिखा गया है।

\- **सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

## नौवां बम जो फटा नहीं, उस केस में चार को उम्रकैद

**जयपुर सीरियल ब्लास्ट**

**जयपुर।** जयपुर की एक विशेष अदालत ने शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से संबंधित एक मामले में चार लोगों को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इन आरोपियों को शुक्रवार को दोषी ठहराया था और सजा मंगलवार को सुनाई। यह मामला जयपुर सिलसिलेवार धमाकों के दौरान एक बम की बरामदगी से संबंधित है। विशेष अदालत ने सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ को दोषी करार दिया था।

# विरोध के बीच देश में लागू हुआ वक्फ कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ संशोधन अधिनियम पूरे देश में 8 अप्रैल से लागू हो गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में इस कानून के खिलाफ अभी तक कुल 15 याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की और याचिकाओं पर कोई आदेश पारित किए जाने से पहले सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया।

### सुप्रीम कोर्ट में 15 याचिकाएं दायर



### बंगाल में हिंसक प्रदर्शन

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में नये वक्फ कानून के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन हिंसा में बदल गया। शुरू में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से एक जगह पर प्रदर्शन करने के लिए कहा, लेकिन अचानक प्रदर्शनकारी जो जगह बताई गई थी, उसके आगे जाने लगे। इसी दौरान उनकी पुलिस के साथ हाथापाई शुरू हो गई। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी।

# सूखत की चिंता में सूख रहे सोसाइटी प्रबंधक, वसूली के डर से हाईकोर्ट की दौड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों के उपार्जन केंद्र में पड़ा लाखों मीट्रिक टन धान इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के साथ ही सूख रहा है और उसका वजन कम हो रहा है। धान जिस रफ्तार से सूख रहा है, उसी तेजी से सोसाइटियों के प्रबंधक भी सूख रहे हैं। दरअसल खरीदा गया धान के सूखने से जितना वजन कम ▶▶|शेष पेज 5 पर


- आरंग, अभनपुर की सोसाइटियों का मिलान पूरा

### एक मामले से सामने आती है तस्वीर

अभनपुर क्षेत्र की एक सोसाइटी ने 53 हजार क्विंटल से अधिक की धान खरीदी की थी, लेकिन जब धान का हिसाब मिलाया गया, तो उसमें 304 क्विंटल वजन में कमी आ गई। इस 304 क्विंटल धान की कीमत 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 7 लाख रुपए होती है। सोसाइटी से कहा गया है कि या तो वह 304 क्विंटल धान जमा ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पौने चार लाख मीट्रिक टन धान अभी भी है जाम

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2024-25 में कुल मिलाकर 149 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। राज्य में धान खरीदी नवंबर 2024 से शुरु होकर जनवरी 2025 तक चली है। धान खरीदी के संबंध में व्यवस्था ये है कि सोसायटियों के उपार्जन केंद्र में खरीदी होने के 72 घंटो के बाद धान का उठाव परिवहन कराया जाना है। लेकिन हालत ये है कि नवंबर से शुरु हुई खरीदी के बाद अप्रैल का एक सप्ताह पूरा होने के बाद भी अब तक उपार्जन केंद्रों से पूरे धान का उठाव नहीं किया सका है। यही नहीं अभी भी सोसायटियों में करीब पौने चार लाख मीट्रिक टन धान पड़ा है, जो इस भीषण गर्मी में तेजी से सूख रहा है।



## चिंतन

# राज्यपाल अपनी 'शक्ति' के दायरे में ही काम करें

रा ज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव का देश में पुराना इतिहास रहा है। ताजा मामला तमिलनाडु का है, जिसमें सुप्रीम अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को संवैधानिक आईना दिखाया है। उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए 10 विधेयकों को मंजूरी दे दी, साथ ही राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों के लिए समयसीमा भी तय कर दी है। उच्चतम न्यायालय ने सख्त लहजे में कहा, 'दस विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का राज्यपाल का कदम गैरकानूनी और मनमाना है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों को उस तारीख से स्वीकृत माना जाएगा जिस दिन इन्हें राज्यपाल के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया गया था। शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल को पुनः भेजे गए विधेयकों को पारित माने जाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त अधिकार का इस्तेमाल किया है। समय सीमा निर्धारण का शीर्ष अदालत का अपनी तरह का पहला आदेश है। न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा कार्य निर्वहन किए जाने को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा निर्धारित नहीं है। कोई निश्चित समयसीमा न होने के बावजूद, अनुच्छेद 200 को इस तरह से नहीं पढ़ा जा सकता कि यह राज्यपाल को उन विधेयकों पर कार्रवाई नहीं करने की अनुमति देता है, जिन्हें उनके सम्मुख संस्तुति के लिए प्रस्तुत किया गया है। पीठ ने समयसीमा तय करते हुए कहा कि किसी विधेयक पर मंजूरी रोककर उसे मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से राष्ट्रपति के लिए सुरक्षित रखने की अधिकतम अवधि एक माह होगी। यदि राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना सहमति को रोकने का फैसला किया है तो विधेयकों को तीन महीने के अंदर विधानसभा को लौटाया जाना चाहिए। समयसीमा का पालन नहीं होने पर अदालतों में न्यायिक समीक्षा होगी। समय सीमा के निर्धारण से विधानसभा व राजभवन के बीच जानबूझकर टकराव की स्थिति पैदा नहीं हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट का यह सराहनीय पहल है। अतीत में अनेक बार राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव की स्थिति बनी है। गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों की भूमिका सवालों के घेरे में रहे हैं। अतीत में केरल, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब आदि राज्यों में चुनी हुई सरकार व राजभवन के बीच टकराव देखने को मिला है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब सबसे अधिक अनुच्छेद 356 कर दुरूपयोग देखने को मिला था। जनता पार्टी की अल्प समय की सरकार के समय भी राज्यपाल ने अपनी शक्ति का दुरूपयोग किया था। तमिलनाडु व छत्तीसगढ़ के मामले में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्य का निर्वाचित प्रमुख नहीं होने के नाते, राज्यपाल विधानसभा सत्र की वैधता पर संदेह नहीं कर सकते या सदन द्वारा पारित विधेयकों पर अपने फैसले को अनिश्चित काल तक रोक नहीं सकते। राज्यपाल को विधानसभा से पारित क़ानून पर सवाल-जवाब करने का अधिकार नहीं है। या तो वे विधेयक पर हस्ताक्षर करें या इस वापस करें। राज्य की विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपालों द्वारा दबाए रखना 'आग से खेलने वाला' कदम है जो 'चिंता का विषय' है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्यपाल 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्ति के दायरे में ही काम करें तो गरिमा बनी रहेगी।



ऑनलाइन गेमिंग एप्स
मुरारी गुप्ता

# अकर्मण्यता के जाल में युवा ऊर्जा

ज यपुर जिले के कुणाल सिंह को कुछ सालों पहले आईपीएल देखने का चस्का लगा था। मोबाइल पर आईपीएल देखते-देखते वह इसी खेल से जुड़े ऑनलाइन गेम एप में रजिस्टर हो गया। अब क्रिकेट देखने के साथ एप पर खेलने का चस्का लगा। क्रिकेट से ज्यादा एप का शौक पैदा हुआ। कुछ पैसे खाते में आने लगे। उसका चस्का और बढ़ा। पैसा जीतने और हारने के खेल में उसने अपना घर गिरवी रख दिया। घर गिरवी रखने के बाद अब उसकी मानसिक हालात ऐसी है कि वह पागलों की तरह व्यवहार करने लगा है। आये दिन घर में पत्नी और बच्चों के साथ मार-पीट और जैसे-तैसे उधार लेकर नशा उसका रूटीन बन गया है। सड़क के ऊपर चमचमाते बोर्डों पर बड़ी खेल और फिल्म शख्सियतों की तस्वीरों के साथ दिखाए जा रहे रातों-रात अमीर होने के सपनों में देश के युवा किसी गहरी,अनजानी और अकर्मण्यता की सुनसान गली में धंसते जा रहे हैं। यह ऐसी संकरी गली है, जिसकी संकरी दीवारों पर चमचमाते ख्वाब उगे हुए हैं, मगर उनकी जड़ें उंगली भर भी नहीं है। यह लत की संकरी गली है, जिसमें वापसी का कोई रास्ता नहीं है। कई बार यह संकरी गली जीवन के बर्बाद होने और आत्महत्या के महासागर में भी मिल जाती है। तकनीक के विकास के साथ ऑनलाइन गेमिंग एप्स युवाओं के जीवन का दिलचस्प अंग बन चुके हैं। हालांकि, ये एप्स मनोरंजन और कौशल विकास के कुछ अवसर प्रदान कर सकते हैं, लेकिन इनके बढ़ते प्रभाव ने समाज में अनके तरह की चिंताएं पैदा कर दी है। ऑनलाइन सट्टेबाजी, फैंटेसी गेम्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स ने नई पीढ़ी को आर्थिक और मानसिक रूप से बुरी तरह झकझोर दिया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन्हें युवा पीढ़ी अपना भाग्य समझती है, अपना सितारा समझती है, वे सितारे ही इन गेम्स को प्रमोट करते नजर आते हैं। इनमें कुछ तो पद्मश्री प्राप्त सितारे भी हैं। बड़ी सेलिब्रिटीज और क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा इनका प्रचार किए जाने से इन गेम्स को सामाजिक स्वीकृति मिल रही है। यह एक गंभीर मुद्दा है। ऑनलाइन गेमिंग एप्स का सबसे बड़ा नकारात्मक प्रभाव युवाओं की उत्पादकता पर पड़ रहा है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि गेमिंग की लत नई पीढ़ी में एकाग्रता की कमी के साथ उनमें मानसिक तनाव और आक्रामकता को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत में लॉटरी गैर कानूनी है। देश में लॉटरी रेगुलेशन एक्ट-1998 लागू है। ये एक्ट साफ तौर पर लॉटरी खेलने पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि इसमें एक छूट दे रखी है कि अगर राज्य सरकारें अपनी आधिकारिक लॉटरी चलाना चाहें, तो ऐसा कर सकती हैं। हालांकि कुछ राज्यों में अब भी लॉटरी चल रही हैं, लेकिन फैंटेसी गेम्स के नाम पर अब कई ऑनलाइन गेम्स चल रहे हैं, जिसे वैधानिक छूट भी प्राप्त है। हालांकि कुछ राज्य सरकारों ने इन फैंटेसी गेम एप्स पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। इन गेम्स को कौशल आधारित खेल बताया जाता है, जिसमें गेम खेलने वाला कथित तौर पर अपने कौशल का उपयोग कर टीम बनाता है, और गेम खेलता है। ऑनलाइन गेमिंग के साथ अंतर केवल इतना है कि यह अब डिजिटल हो गया है और बड़ी-बड़ी हस्तियां इसे प्रमोट कर रही हैं। विज्ञापनों में दिखाया जाता है कि ये गेम्स मनोरंजन और कौशल के लिए हैं, लेकिन असल में ये जुए को ही बढ़ावा देते हैं। युवाओं पर इनका गहरा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे अपने आदर्शों को फॉलो करते हैं। बड़ा सवाल क्या यह है कि क्या यह नैतिक रूप से उचित है? बड़ी हस्तियों का समाज पर प्रभाव होता है। यदि वे नैतिक जिम्मेदारी निभाएं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। राज्य को ऑनलाइन गेमिंग एप्स को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाने चाहिए। गेमिंग रेगुलेशन बनाकर एक स्पष्ट कानून बनाना चाहिए जिससे इन एप्स की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। सेलिब्रिटीज को ऐसे गेम्स के प्रचार से रोका जाए। इन प्लेटफॉर्म्स पर 21 वर्ष से कम आयु के लोगों की भागीदारी पर रोक लगनी चाहिए। युवाओं को सिखाया जाए कि कैसे सही तरीके से निवेश किया जाए और आर्थिक नुकसान से बचा जाए। समाज के स्तर भी जागरूकता की आवश्यकता है। माता-पिता को बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचने के उपायों पर चर्चा होनी चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग एप्स, विशेष रूप से सट्टा आधारित खेल, समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। यदि सरकार और समाज ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है। एक पूरी पीढ़ी अकर्मण्यता की शिकार हो सकती है, जिसका खामियाजा अंततः देश और समाज को होगा।

(लेखक उपन्यासकार और डीडी न्यूज में संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
ऋतुपर्ण दवे

# ट्रंप के टैरिफ से सकते में दुनिया

उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा ईर्ष्या भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप को घर कर गई। कहीं बदली हुई परिस्थितियों में अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

ट्रं प के मन में टैरिफ को लेकर आया विचार एकाएक नहीं है। उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है, जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप के मन में घर कर गई और उनके मन में एक गांठ बन गई। हालांकि उसी दौर में उन्हें नकदी की जबरदस्त जरूरत हुई और मजबूरन जापान की ओर आस भरी निगाहों से देखने लगे, लेकिन ट्रंप 1980 के दशक से ही इस बात से बखूबी वाकिफ थे कि मशहूर जापानी निवेशक रॉकफेलर अमेरिकी ब्रांड्स और संपत्तियों के अधिग्रहण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे उनके नजरिये में ऐसा बदला जो आज आयात पर टैरिफ के सच के रूप में हम सबके सामने है। यहीं से उनके दिमाग में अमेरिका का राष्ट्रपति बनने का मंसूबा भी बना और वो लंबी रणनीतियों और विचारों को लोगों से सार्वजनिक मंच पर जाहिर भी करने लगे।

वर्ष 1987 में ट्रंप की किताब 'ट्रंप- द आर्ट ऑफ द डील' में अमेरिकी व्यवसाय पर उनकी विस्तृत सोच के साथ मंशा भी झलकती है। लोकप्रिय द ओपरा शो के होस्ट ओपरा विनफ्रे के साथ भी तभी एक लाइव कार्यक्रम में उनका साफ-साफ कहना कि अमेरिकी विदेश व्यापार नीति को वो कैसे सबसे अलग तरीके से संभालेंगे और इससे अमेरिका के लिए सही कीमत वसूलेंगे उनका रणनीतिक शो था। इतना ही नहीं ट्रंप ने अपने विचारों को एक खुली चिट्ठी के रूप में अमेरिका के सर्वाधिक लोकप्रिय तीन समाचार पत्रों में भी बतौर विज्ञापन प्रकाशित करवाया, जिसमें उनके एक लाख डॉलर खर्च हुए थे। मतलब उनका नजरिया पहले ही साफ हो चुका था। यहां यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उनकी सोच और वास्तविकता में तब और अब में काफी फर्क है। आज अमेरिका का सबसे बड़ा प्रतिद्वन्दी चीन है न कि जापान। 1990 के दशक के युवा रियल एस्टेट डेवलपर डोनाल्ड ट्रंप की सोच आज भी वही है, जबकि धरातल पर समय के साथ काफी कुछ बदल गया है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं। बतौर राष्ट्रपति और व्यवसायी ऐसी सोच अंतरराष्ट्रीय हितों के खिलाफ हो सकती है। जैसा कि साफ झलक रहा है, इससे अमेरिका में विदेशी व्यापारिक निवेश घटेगा जिसका अंतरराष्ट्रीय गठबंधन पर भी असर पड़ेगा। सौ देशों की अमेरिकी 'डिस्काउंटेड रेसिप्रोकल टैरिफ' वाली सूची में भारत भी शामिल है, जिस पर 26 प्रतिशत टैरिफ है जो कई एशियाई देशों की तुलना में कम है। भले ही भारत पर इसका प्रभाव अभी कम पड़े, लेकिन भविष्य को लेकर इसकी कोई गारंटी भी तो नहीं कि कब और कितना बढ़ जाए? इधर चीन ने भी अमेरिका पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिस पर तिलमिलाए ट्रंप ने 9 अप्रैल तक



इसे वापस नहीं लेने पर 50 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दे रहे हैं। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा।

वहीं दूसरी तरफ ब्लूमबर्ग की हालिया सूची बताती है कि ट्रंप के करीबी मस्क की कुल नेटवर्थ 300 अरब डॉलर के नीचे चली गई है। जनवरी 2025 से अब तक 135 अरब डॉलर यानी करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठा चुके हैं। इसी सोमवार को अमेरिकी बाजार में आई गिरावट से एलन मस्क़ को करीब 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जबकि बीते हफ्ते दो दिन में ही मस्क के 31 अरब डॉलर डूब गए। इस तरफ ट्रंप के अघोषित टैरिफ वार से विश्व में सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वालों की सूची में मस्क छठे क्रम पर आ चुके हैं। इस तरह से देखा जाए तो कुल मिलाकर आसार बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं।

नए बजट में ग्रामीण विकास के लिए किया गया 1,88,754 करोड़ तथा किसान कल्याण के लिए बीते बरस की तुलना में 11 प्रतिशत ज्यादा यानी 1.71 लाख करोड़ रुपयों का बजट में प्रावधान बताता है कि हमने अपने आर्थिक मोर्चों पर कैसी तैयारी कर रखी है। यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही 02 अप्रैल 2025 को अमेरिका का मुक्ति दिवस बता रहे हों, लेकिन जिस तरह से दुनियाभर के शेयर बाजार धराशायी हुए, उससे कुछ अलग ही समझ आ रहा है। ट्रंप भले ही कहें कि हमारे करदाताओं को 50 से अधिक वर्षों से लूटा जा रहा है, लेकिन रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने वाला उनका आदेश उनकी ईर्ष्या, खीझ और अजीब सी दूरगामी सोच का ही दर्शाता है। इसमें कोई संदेह नजर नहीं आ रहा है।

अब अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर यूरोपीय यूनियन के टैरिफ के लिए 9 अप्रैल का इंतजार करना होगा, जिस पर मतदान होना है। यदि यह भी जस का तस जैसे रहा तो आसार और बिगड़ सकते हैं। पहले ही दुनियाभर के शेयर बाजार धड़ाम हो चुके हैं और खुद अमेरिका भी इसके असर से अछूता नहीं है।


ट्रंप का अमेरिका में ही विरोध होने लगा है। उन्हें न केवल तानाशाह, बल्कि अर्थव्यवस्था को तहस-नहस करने वाला सनकी तक कहा जाने लगा है। सभी पचास राज्यों में 150 संगठनों का 1200 से ज्यादा प्रदर्शनों में हजारों का जुटना बताता है कि चिंता कितनी गंभीर है। 'हैंड्स ऑफ' नाम के इस प्रदर्शन में शनिवार को हजारों लोग जुटे। 2017 में महिला मार्च और 2020 में ब्लैक लाइव्स आन्दोलन के बाद ट्रंप का ऐसा भारी विरोध हो रहा है। इसके साथ ही एक अहम बात यह भी है कि एलन मस्क का दखल भी अमेरिकियों को पसंद नहीं आ रहा है। उन पर नौकरी में छंटनियों के मंसूबों सहित सत्ता हथियाने जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं। इधर भारत और खुद अमेरिका सहित दुनियाभर के शेयर बाजारों में बीते सोमवार को खुलते ही जबरदस्त तो कहीं ऐतिहासिक गिरावट देखी जा रही है। निश्चित रूप से इसे शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है।

व्यावसायिक हितों और तमाम दूसरे मामलों में सतर्क दुनिया ने एकजुट होकर ट्रंप को जवाब देना शुरू कर दिया है, जिससे वैश्विक ट्रेड वार की आशंका बढ़ गई है। काश ऐसा नहीं होता और डोनाल्ड ट्रंप समझदारी और विवेक से काम लेते। दुनिया में कम से कम खुशहाल इंसानियत के लिए तो सौदेबाजी से बचा जाए, लेकिन ट्रंप नहीं माने और बदली हुई परिस्थितियों में बाकी सभी एकजुट हो आपदा में अवसर तलाशने लगें तो कहीं अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहां जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहां चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियां हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया-' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## चरक अनुष्ठान



*पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बंगाली कैलेंडर वर्ष के अंतिम दिन मनाए जाने वाले चरक अनुष्ठान से पहले देवी काली की पोशाक पहने एक भक्त।*

## आज की पाती

### व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही स्थिर व्यक्तित्व

आज व्यक्ति दो व्यक्तित्व का जीवन जी रहा है। एक उसका बाहरी व्यक्तित्व है जिसे उसके आसपास का वातावरण नियंत्रित करता है। यह व्यक्तित्व परिवर्तनशील है। बाहरी वातावरण के बदलने से यह भी बदल जाता है। उदाहरणत: व्यक्ति जब किसी धार्मिक या आध्यात्मिक वातावरण के संपर्क में आता है तो उसके संपूर्ण व्यक्तित्व में सात्विकता को अनुभव किया जा सकता है और जब बाहरी वातावरण भौतिकवादी होता है तो व्यक्तित्व में भी भौतिकता दृष्टिगोचर होती है। दूसरा है आंतरिक व्यक्तित्व, जो बाहरी वातावरण के कारकों से अप्रभावित रहता है। व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही उसका एक स्थिर व्यक्तित्व हो सकता है। आज हर कोई काफी कुछ होने के बावजूद असंतुष्ट है।

*- पवन यादव, बालोद*

## ट्रेंड

### परिवर्तनकारी सुधार किए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईपीएफओ ने अपने सदस्यों के लिए जीवन को और आसान बनाने के लिए पिछले एक साल में कई परिवर्तनकारी सुधार किए हैं। इन सुधारों के कारण दावों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**- मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### इजराइली बंधकों का दर्द सुना



मैं फिर से इज़रायली बंधकों के रिश्तेदारों से मिला और उनका सुना। मैंने उनके क्रूर अपहरण और भयानक व्यवहार के लिए हमास की निंदा की। मैंने सभी बंधकों को तुरंत और बिना शर्त रिहा करने के अपने आह्वान को दोहराया।

**-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव**

### भाजपा की सत्ता की प्यास



भाजपा की सत्ता की प्यास के आगे कोई प्यास महत्त्व नहीं रखती है। हृदयहीन भाजपा को मन में दयाभाव रखने वाले लोग पसंद नहीं हैं, इसीलिए जिस कर्मचारी ने प्यासे जानवरों को पानी पिलाया, उसी को भाजपा सरकार ने निलंबित कर दिया।

**-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख**

### मुंबई कभी नहीं सोता



अभी भी हम मुंबई में एक ऐसा शहर पा सकते हैं जो कभी नहीं सोता और बड़े सपने देखता है, अजनबी जो आपकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, देश का सबसे बढ़िया खाना, एक ऐसा समुद्र जो आपकी उथल-पुथल को शांत कर देगा।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# 11वें योग दिवस की वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से उलटी गिनती शुरू

न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75 दिन की उलटी गिनती की औपचारिक शुरुआत हुई। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने "योग दिवस में 75 दिन शेष" नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 21 जून को दुनिया भर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा है। बारिश भरी सोमवार की सुबह, मैनहट्टन और न्यू जर्सी के विहंगम दृश्यों के बीच यह योग सत्र 1,776 फुट ऊंची वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर स्थित 'वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी' में संपन्न हुआ। भारत के वाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लगभग एक घंटे का योग सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिनों की उलटी गिनती के उत्सव का प्रतीक है। 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' की प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक रुचिका लाल ने इस विशेष सत्र का नेतृत्व किया जिसमें उप वाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, छात्र और योग प्रेमी शामिल हुए। भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल से बिनय प्रधान ने आत्मिक योग सत्र के साथ उलटी गिनती की शुरुआत की।'



## ऑफ बीट

# विलुप्त प्रजाति 'डायर वुल्फ' से मिलते-जुलते भेडिये मिले

विलुप्त हो चुके 'डायर वुल्फ' से मिलते-जुलते, आनुवंशिक रूप से रूपांतरित तीन भेड़िये अमेरिका में एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। यह जानकारी लुप्त प्रजातियों को वापस लाने के लिए काम कर रही कंपनी ने दी। 'कोलोसल बायोसाइंसेज' के शोधकर्ताओं ने बताया कि भेड़ियों के इन शावकों की उम्र तीन से छह महीने के बीच है, इनके लंबे एवं सफेद बाल हैं, मांसल जबड़े हैं और इनका वजन लगभग 80 पाउंड है जो उनके वयस्क होने पर 140 पाउंड तक पहुंच जाएगा। 'डायर वुल्फ' 10,000 वर्ष से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे।स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने कहा कि इस नवीनतम प्रयास का अर्थ यह नहीं है कि निकट भविष्य में 'डायर वुल्फ' उत्तर अमेरिका के घास के मैदानों में फिर से नजर आएंगे। बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच ने कहा कि 'अब आप बस इतना ही कर सकते हैं कि किसी जीव को सतही तौर पर किसी और जीव जैसा बना दें'', लेकिन विलुप्त प्रजातियों को पूरी तरह से पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। लिंच इस शोध में शामिल नहीं थे। वैज्ञानिकों ने जीवाश्मों से प्राचीन डीएनए की जांच करके 'डायर वुल्फ' के विशिष्ट लक्षणों के बारे में पता लगाया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**ट्रंप सरकार बड़ा फाइन वसूलने की कर रही तैयारी**

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार पद संभालने के बाद से 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति पर चलते हुए अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने के लिए ताबड़तोड़ एक्शन लिए हैं। ट्रंप प्रशासन ने ना सिर्फ हजारों प्रवासियों को सैन्य विमानों के जरिए डिपोर्ट कर दिया, बल्कि देश में उन पर कड़ी निगरानी भी रखी जा रही है।*

# अवैध प्रवासियों के अमेरिका न छोड़ने पर लगेगा तगड़ा जुर्माना!

एजेंसी ▸▸| वॉशिंगटन

ऐसी खबरें आई हैं कि ट्रंप जल्द ही प्रवासियों को लेकर एक और बड़ी घोषणा कर सकते हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी सरकार डिपोर्ट के आदेशों के बावजूद अमेरिका न छोड़ने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है। रॉयटर्स द्वारा समीक्षा किए गए दस्तावेजों के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने निर्वासन आदेश के तहत प्रवासियों पर प्रतिदिन 998 डॉलर तक का जुर्माना लगाने की योजना बनाई है। इसके मुताबिक अगर प्रवासी, तय समय सीमा तक अमेरिका छोड़ने में विफल रहते हैं तो भुगतान न करने पर उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस फैसले को अमल में लाने के लिए ट्रंप 1996 के एक कानून का सहारा ले सकते हैं।

## दस्तावेजों के मुताबिक प्रतिदिन 998 डॉलर तक जुर्माना लगाने की योजना

### 1 मिलियन डॉलर तक का जुर्माना

डोनाल्ड ट्रंप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इन योजनाओं पर चर्चा करने के लिए नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि ट्रंप प्रशासन यह जुर्माना पांच साल तक के लिए पूर्वव्यापी रूप से लागू कर सकती है। अगर यह योजना धरातल पर उतारी गई तो प्रवासियों पर 1 मिलियन डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया जा सकता है।



## 1996 के एक कानून का सहारा लेकर की जाएगी यह वसूली

### होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने दी है चेतावनी

इससे जुड़े सवालों के जवाब में यू.एस. होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की प्रवक्ता ट्रिसिया मैकलॉघलिन ने एक बयान में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों को सेल्फ डिपोर्ट और देश छोड़ने के लिए एक मोबाइल ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है। मैकलॉघलिन ने आगे कहा कहा, "अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्हें प्रति दिन 998 डॉलर का जुर्माना भरना होगा।" विभाग ने 31 मार्च को एक सोशल मीडिया पोस्ट में जुर्माने की चेतावनी भी दी है।

### ट्रंप ने कही ये बात

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'हमारे देश में अवैध रूप से रहने वाले लोग या तो आसान तरीके से स्वेच्छा से निर्वासन चुन सकते हैं या फिर उन्हें कठिन तरीके से निर्वासित किया जाएगा, जो सुखद नहीं हो। बाइडेन प्रशासन ने सीबीपी वन ऐप का उपयोग करके 10 लाख से अधिक अवैध प्रवासियों को अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति दी। अब मेरा प्रशासन हमारे देश में अवैध रूप से रह रहे लोगों को स्वेच्छा से देश छोड़ने का एक आसान तरीका देने के लिए सीबीपी होम ऐप लॉन्च कर रहा है। 'उन्होंने आगे कहा, "अगर वे स्वेच्छा से देश छोड़ते हैं तो भविष्य में किसी समय उन्हें कानूनी रूप से वापस लौटने का अवसर मिल सकता है। लेकिन यदि वे इस अवसर का लाभ नहीं उठाते, तो उन्हें खोजकर निर्वासित कर दिया जाएगा और दोबारा कभी भी संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिलेगी आप फिर कभी अंदर नहीं आ पाएंगे।"

### खबर संक्षेप

## पूर्व क्रिकेटर केदार जाधव ने थामा भाजपा का कमल



**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव क्रिकेट के बाद राजनीति में अपनी पारी शुरू करने वाले हैं। मंगलवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में केदार जाधव भाजपा में सामिल हो गए। मुंबई में महाराष्ट्र के मंत्री और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। चंद्रशेखर बावनकुले ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई।

## हम ईरान से कर रहे हैं सीधी बातचीत : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की कि अमेरिका और ईरान ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर सीधी चर्चा शुरू कर दी है। ट्रंप ने ये जानकारी ईरान द्वारा सीधी बातचीत में शामिल होने से इनकार करने के बाद दी है। ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ वार्ता के दौरान ओवल ऑफिस में मीडिया से कहा, 'हम ईरान के साथ सीधी बातचीत कर रहे हैं और ये बातचीत शुरू हो गई है। यह शनिवार को होगी। हमारी एक बहुत बड़ी बैठक है और हम देखेंगे कि क्या हो सकता है।'

### सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल को सुनाई खरी-खरी

# आप संविधान से चलें, पार्टियों की मर्जी से नहीं, 10 विधेयकों को रोके रखना अवैध

*सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि से नाखुशी जताते हुए कहा कि उनके द्वारा 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 200 के तहत राज्यपाल के पास कोई विवेकाधिकार नहीं होता और उन्हें मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर अनिवार्य रूप से कार्रवाई करनी होती है।*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

संविधान का अनुच्छेद 200 विधेयकों को स्वीकृति से संबंधित है। पीठ ने कहा कि राज्यपाल सहमति को रोक नहीं सकते और 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। उसने कहा कि राज्यपाल एक ही रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होते हैं- विधेयकों को स्वीकृति देना, स्वीकृति रोकना और राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखना। पीठ ने कहा कि वह विधेयक को दूसरी बार राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद उसे राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे जाने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने यह भी कहा कि राज्यपाल को दूसरी बार उनके समक्ष प्रस्तुत किए गए विधेयकों को मंजूरी देनी चाहिए, अपवाद केवल तब रहेगा जब दूसरे चरण में भेजा गया विधेयक पहले से अलग है।




### राज्यपाल रवि के खिलाफ दायर याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने माना कि तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए 10 विधेयकों को सुरक्षित रखना कानूनन अवैध और त्रुटिपूर्ण है और रद्द किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को राज्य विधानमंडल की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार द्वारा विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर मंजूरी न देने के लिए राज्य के राज्यपाल आरएन रवि के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुना रहा था।

### भूमिका को किया रेखांकित

राज्यपाल की भूमिका को रेखांकित करते हुए पीठ ने कहा, 'संघर्ष के समय में, उन्हें आम सहमति से मुद्दों को सुलझाना चाहिए, अपनी बुद्धिमत्ता और विवेक से राज्य मशीनरी के कामकाज को सुचारू रूप से चलाना चाहिए और उसे ठप नहीं होने देना चाहिए। उन्हें उत्प्रेरक होना चाहिए, अवरोधक नहीं। उनके सभी कार्यों को उस उच्च संवैधानिक पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए जिस पर वे आसीन हैं।"

### हम सरकार के पद को कमतर नहीं आंक रहे

पीठ ने कहा, 'हम किसी भी तरह से सरकार के पद को कमतर नहीं आंक रहे हैं। हम बस इतना ही कहना चाहते हैं कि राज्यपाल को संसदीय लोकतंत्र की स्थापित परंपराओं के प्रति उचित सम्मान के साथ काम करना चाहिए, विधायिका के माध्यम से व्यक्त की जा रही लोगों की इच्छा का सम्मान करना चाहिए और साथ ही लोगों के प्रति उत्तरदायी निर्वाचित सरकार का भी सम्मान करना चाहिए। उन्हें एक मित्र, दार्शनिक और दयालु व्यक्ति की अपनी भूमिका को राजनीतिक अनुभव के आधार पर नहीं बल्कि संवैधानिक शपथ की पवित्रता के आधार पर निष्पक्षता से निभाना चाहिए।

### यह भारत के संविधान की जीत- डीएमके नेता

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि पर सुप्रीम कोर्ट के बयान पर डीएमके नेता टीकेएस एलेंगोवन ने कहा, 'यह भारत के संविधान की जीत है। जब कोई विधेयक राज्य विधानमंडल द्वारा पारित किया जाता है तो राज्यपाल को तुरंत स्वीकृति दे देनी चाहिए। अगर उन्हें लगता है कि कोई मुद्दा संविधान के खिलाफ है तो वे विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं, लेकिन वे स्वीकृति रोक नहीं सकते। अगर वे विधेयक को रोकना चाहते हैं, तो उन्हें बताना होगा कि वे विधेयक को क्यों रोक रहे हैं?

# नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा विधायकों में हाथापाई, नए वक्फ कानून को लेकर भिड़े


जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हंगामा

एजेंसी ▸▸| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के विधायकों ने सदन में बिल पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान एनसी और भाजपा विधायकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। मंगलवार को सदन में हंगामे और विवाद के कारण प्रश्नकाल की कार्यवाही रोकनी पड़ी। पीडीपी विधायक वाहिद परा को स्पीकर के आदेश पर मार्शलों द्वारा बाहर निकाले जाने के बाद स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। सदन में आम आदमी पार्टी के विधायक महाराज मलिक और भाजपा विधायक विक्रम रंधावा द्वारा मुफ्ती पर की गई टिप्पणी के बाद पीडीपी प्रवक्ता मोहित और आप विधायक महाराज मलिक के बीच तीखी बहस हुई। इस बहस ने सदन का माहौल गर्म कर दिया।बाद में, स्पीकर ने सदन को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया ताकि सब कुछ शांत हो जाए। लेकिन इसके बावजूद प्रश्नकाल की कार्यवाही दूसरे दिन भी नहीं हुई। इस घटनाक्रम ने सदन की कार्यवाही को प्रभावित किया।

### सोमवार को भी हुआ था हंगामा

इससे पहले सोमवार को वक्फ कानून पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष के विधायकों ने इसे मुस्लिम विरोधी करार दिया। भाजपा ने इसका विरोध किया। इससे मामला गरमा गया। दोनों पक्षों में तीखी नोक-झोंक हुई। कांग्रेस विधायक इरफान अहमद लोन और भाजपा विधायक सतीश शर्मा के बीच धक्का-मुक्की हो गई। विधेयक के विरोध में लिखे नारों के कागज फाड़ दिए गए।

### 24 करोड़ मुसलमानों के अधिकारों पर हमला : महबूबा

पीडीपी प्रमुख और जम्मू-कश्मीर की की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने पार्टी के विधायक का प्रस्ताव एक्स पर साझा करते हुए कहा, 'वक्फ का मुद्दा आस्था से परे है। यह भारत के 24 करोड़ मुसलमानों के अधिकारों, आस्थाओं और सम्मान पर सीधा हमला है। एकमात्र मुस्लिम बहुल क्षेत्र होने के नाते जम्मू-कश्मीर को इस अवसर पर आगे आना चाहिए और अपने लोगों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।'

**टीएमसी के 2 सांसदों में विवाद का वीडियो और व्हाट्सएप चैट वायरल**

# चुनाव आयोग में ही भिड़े सांसद बनर्जी आजाद, पुलिस को करना पड़ा बीच-बचाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के दो नामी सांसद चुनाव आयोग के दफ्तर में ही भिड़ गए। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को बीच-बचाव तक करना पड़ा। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने व्हाट्सएप चैट भी एक्स पर शेयर कर इस विवाद को पब्लिक डोमेन पर लाया है। जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को सांसद सांसद कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद में पहले चुनाव आयोग के मुख्यालय में कहासुनी हुई फिर उसके बाद व्हाट्सएप चैट पर जंग हुई। दरअसल, तय कार्यक्रम के मुताबिक टीएमसी सांसदों को पहले पार्टी दफ्तर पर जमा होना था फिर वहां से चुनाव आयोग मुख्यालय पहुंचना था। लेकिन बनर्जी संसद से सीधे चुनाव आयोग पहुंच गए। ये बात कीर्ति को चुभ गई और दोनों नेताओं के बीच विवाद हो गया।



### मालवीय ने शेयर किए वाट्सएप ग्रुप के मैसेज

बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख मालवीय ने एक्स पर लिखा कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के दोनों सांसद चुनाव आयोग के ऑफिस में एक ज्ञापन देने गए थे। वहां उनके बीच ज़ोरदार बहस हुई। यह मामला पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक पहुंचा। उन्होंने दोनों सांसदों को शांत रहने के लिए कहा।

### ऐसे हुई बहस की शुरुआत

बहस की शुरुआत कल्याण बनर्जी के व्हाट्सएप चैट से हुई। कल्याण बनर्जी ने कीर्ति आजाद से कहा कि मैं दिल्ली से कोलकाता पहुंच गया हूं। बीएसएफ और दिल्ली पुलिस को भेजकर मुझे गिरफ्तार करवा लो। इसके बाद कल्याण बनर्जी ने इंटरनेशनल ग्रेट लेडी लिखा। इसके बाद कीर्ति आजाद ने कल्याण बनर्जी को जो जवाब दिया, उसे देखकर आप दंग रह जाएंगे। कीर्ति आजाद ने कहा कि कल्याण बनर्जी तुमने ज्यादा ही पी ली है। जाओ और आराम से सो जाओ। कीर्ति आजाद ने कहा कि कल्याण बनर्जी बच्चों की तरह बर्ताव कर हैं सयानों की तरह नहीं जबकि ममता बनर्जी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कीर्ति आजाद ने यहां तक कह दिया कि मुझे उकसाओ मत। इसके बाद कल्याण बनर्जी ने कीर्ति आजाद को जवाब दिया।

## एलजी मानहानि मामला : मेधा पाटकर को बड़ी राहत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सोशल एक्टिविस्ट मेधा पाटकर को दिल्ली की अदालत ने बड़ी राहत दी है। दिल्ली एलजी वीके सक्सेना बनाम सामाजिक कार्यकर्ता मामले में मेधा पाटकर को फिलहाल जेल नहीं जाना पड़ेगा।



मानहानि मामले में दिल्ली के साकेत कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को उनके अच्छे आचरण के आधार पर एक साल के प्रोबेशन पर रिलीज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उनकी उम्र, पहले कोई दोष सिद्ध न होने और उनके द्वारा किए गए अपराध को देखते हुए यह आदेश पारित किया।

## नहीं रही मास्टर शेफ की बा, फोर्ब्स में बनाई थी जगह

**मुंबई।** 'मास्टरशेफ इंडिया' सीजन 7 की एक्स कंटेस्टेंट के निधन की दुखद खबर आई है। उर्मिला जमनादास अशर जिन्हें गुज्जू बेन के नाम से भी जाना जाता था, अब वो हमारे बीच नहीं रहीं। 7 अप्रैल को बा ने अंतिम सांस ली थी। इस दुखद खबर की आधिकारिक पुष्टि हो गई है। उर्मिला जमनादास अशर के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से ये बुरी खबर दी गई है। एक पोस्ट शेयर कर फैंस को सूचित किया गया है कि 79 की उम्र में बेन का निधन हो गया।


**MAHARISHI UNIVERSITY OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY**
Maharishi Road, Mangla, Bilaspur (C.G.) Pin-495001
Recognised by UGC Under Section 2(f)

Appointment for the following positions

Maharishi University of Management and Technology (MUMT), Mangla, Bilaspur (C.G) was established vide Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operations) (Amendment) Act 2018 and is recognized by UGC under section 2(f).

| Programme | Subject | Vacant Post | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
| Yoga and Vedic Science | Yoga<br>Jyotish | 1 | 1 | 3 |
| Engineering & Technology | Computer Science & Information Technology | 1 | 2 | 4 |
| Commerce | Commerce | 1 | 2 | 4 |
| Management | Management | 1 | 2 | 4 |
| Education | Education | 1 | 2 | 4 |
| Arts & Humanities | Hindi<br>English<br>Geography<br>Political Science<br>Economics | 1 | 2 | 3 |
| Social Science | Sociology<br>Library Science | 1 | 1 | 3 |

APPLICATIONS ARE ALSO INVITED FOR THE POSITION OF PRO VICE-CHANCELLOR

Qualification and Experience as per UGC/AICTE/NCTE/CGPURC/University Norms. Application should reach us on the below mentioned address within 10 days from the publication of this advertisement. Applications with requisite enclosures may also be forwarded through email at mvmcareer@gmail.com.

Registrar, Maharishi University of Management & Technology, Maharishi Road, Mangla, Bilaspur (C.G.) – 495001
Contact No. 98930 63968



एनटीपीसी NTPC **एन टी पी सी लिमिटेड** (भारत सरकार का उद्यम)

**एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) के लिए आमंत्रण**

**एनटीपीसी–कोरबा सुपर थर्मल पावर प्लांट से सूखी फ्लाई ऐश का निःशुल्क उठाव पहले आओ पहले पाओ के आधार पर (अप्रैल 25 से मार्च 26 तक)**

**ईओआई संख्या एएम–01/डीएफए/2025** **दिनांक 09.04.2025**

**कार्य का नामः-**

विकास भवन, जमनीपाली, कोरबा, (छ.ग.), 495450 पर स्थित एनटीपीसी–कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन से **"मुफ्त में"**, **"पहले आओ पहले पाओ"** और **"जहां है जैसा है"** के आधार पर सूखी फ्लाई ऐश का उठाव। उठाव और परिवहन राख की जिम्मेदारी इच्छुक राख उपयोगकर्ताओं की होगी

एनटीपीसी लिमिटेड एक वर्ष की अवधि के लिए एनटीपीसी–कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन से सूखी फ्लाई ऐश उठाने के लिए इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। इस ईओआई के लिए संपर्क विवरण और ई–मेल पते के साथ **"सामान्य जानकारी"** में प्रस्तावित सूखी फ्लाई ऐश मात्र का उल्लेख किया गया है।

**अवेदन कैसे करे-** इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकताओं को निर्दिष्ट मानक प्रारूप में मेल पर भेजें: ashutl.korba@ntpc.co.in / ashishkumarverma@ntpc.co.in **17:00 बजे तक दिनांक 24.04.2025।**

अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए **"सामान्य जानकारी"** तथा **"आवेदन हेतु मानक प्रारूप"** https://ntpctender.ntpc.co.in/ पर अपलोड कर दी गई है।

**पंजीकृत कार्यालयः** एनटीपीसी भवन, कोर–7, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110 00 वेबसाइटः www.ntpc.co.in सीआईएनः L40101DL1975GOI007966

Concept

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**




## टाटा मोटर्स समूह की वैश्विक थोक बिक्री तीन फीसदी घटी




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की 2024-25 की चौथी तिमाही में जगुआर लैंड रोवर सहित वैश्विक थोक बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत घटकर 3,66,177 इकाई रह गई। कंपनी बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की वैश्विक थोक बिक्री 1,46,999 इकाई रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही की तुलना में छह प्रतिशत कम है।

# देश के सबसे बड़े पोल्ट्री कॉन्क्लेव में देशभर से आए पोल्ट्री ट्रेडर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईबी ग्रुप द्वारा रायपुर के होटल ओमाया गार्डन में पोल्ट्री कॉन्क्लेव का पहला दिन पोल्ट्री ट्रेडर्स के लिए रहा जिसमें तकरीबन 3000 पोल्ट्री ट्रेडर्स उपस्थित रहे। ट्रेडर्स को पहले दिन आधुनिक तरीके से पोल्ट्री व्यवसाय और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

आयोजन को संबोधित करते हुए आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान देते हुए आईबी ग्रुप आगामी 2035 तक छत्तीसगढ़ राज्य को 'प्रोटीन हब' बनाने के लिए तेजी के साथ काम कर रहा है। इसी कड़ी में आईबी, देश में अब तक लाखों लोगों को पोल्ट्री व्यवसाय से जोड़ चुका है।

## आईबी ग्रुप द्वारा आयोजित कॉनक्लेव में पहले दिन जुटे 3000 पोल्ट्री ट्रेडर्स



**सम्मेलन में दूसरे दिन देशभर के किसान होंगे उपस्थित :** प्रदेश की राजधानी रायपुर के हॉटेल ओमाया गार्डन में हो रहे इस आयोजन के दूसरे दिन, देशभर से आए पोल्ट्री किसान शामिल होंगे जिन्हें भी आधुनिक पोल्ट्री द्वारा देश में प्रोटीन पोषण उपलब्ध कराने की जानकारी दी जाएगी।

### विस्तार योजना से पूरा होगा लक्ष्य

एमडी का कहना है कि केन्द्र सरकार और राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच को सपोर्ट करते हुए कंपनी गांव में रहकर गांव के विकास की सोच पर काम कर रही है। इसके तहत 'विस्तार योजना' द्वारा पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े छोटे व्यापारियों के लिए 1000 वाहनों को सब्सिडी दिए जाने की योजना है। जिसमें वाहन खरीदने के लिए 3 साल में 21 करोड़ की सब्सिडी दी जायेगी।

### आईबी ग्रुप ने बढ़ाया गांव गांव में रोजगार का अवसर

एमडी अली ने बताया कि 1500 आदमी पर एक चिकन प्रोटीन शॉप खोलने की हमारी योजना है। वर्तमान में हमारे पास लगभग 300 लोगों की टीम है, जो गांव-गांव में परिवर्तन योजना के तहत पोल्ट्री फार्म को विकसित करने और चिकन प्रोटीन शॉप को बढ़ाने का काम कर रही है। आने वाले समय में इसके माध्यम से लोगों की आय बढ़ेगी। गांव में रहकर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में समूह, पोल्ट्री के लिए सब्सिडी द्वारा प्रोत्साहन भी दे रहा है।

### देश में चिकन प्रोटीन के प्रति बढ़ रही जागरूकता



एमडी बहादुर अली ने कहा कि देश में चिकन प्रोटीन के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। केंद्र और राज्य सरकार छोटे-बड़े सभी उद्योगों को सपोर्ट कर रही है और गांव-गांव तक प्रोटीन पहुंचाने कि जो कोशिश हो रही है उसमें हम भी सूत्रधार बना रहे हैं।

### पोल्ट्री में टेक्नोलॉजी लाना ज़रूरी-ज़ोया आफ़रीन



समारोह में आईबी ग्रुप की डायरेक्टर जोया आफरीन आलम भी उपस्थित थी। उन्होंने पोल्ट्री ट्रेडर्स को संबोधित करते हुए पोल्ट्री में टेक्नोलॉजी लाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वैश्विक स्तर पर काम करने के लिए हमें एडवांस पोल्ट्री को अपनाना ही होगा।

# मुद्रा ऋण उद्यमशीलता कौशल प्रदर्शन करने में बना सक्षम : मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के गारंटी-मुक्त ऋण स्वीकृत किए गए हैं और इससे असंख्य लोगों को अपने उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला है।

- पीएमएमवाई की 10वीं वर्षगांठ पर अपने आवास पर चुनिंदा लाभार्थियों से चर्चा की

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) की 10वीं वर्षगांठ पर अपने आवास पर इसके चुनिंदा लाभार्थियों से बातचीत के दौरान मोदी ने कहा कि इससे देश के युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने में मदद मिली है। उन्हें नौकरी चाहने वालों के बजाय रोजगार देने वाला बनने का आत्मविश्वास मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने आठ अप्रैल, 2015 को सदस्य ऋण संस्थानों के माध्यम से गारंटी-मुक्त संस्थागत कर्ज उपलब्ध कराने के लिए पीएमएमवाई की शुरुआत की थी। मोदी ने लोगों से कम से कम पांच से 10 अन्य लोगों को प्रेरित करने और उनका समर्थन करने का आग्रह किया, जिससे उनका आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता बढ़े। पीएम ने इस बात का उल्लेख किया कि योजना के तहत 52 करोड़ ऋण वितरित किए जा चुके हैं, जो विश्व स्तर पर एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उन्होंने कहा, '' यह विशेष रूप से उत्साहजनक है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं और 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।''

### मुद्रा योजना में सबसे अधिक महिलाएं आगे आई

मोदी ने कहा, '' प्रत्येक मुद्रा ऋण अपने साथ सम्मान, स्वाभिमान और अवसर लेकर आता है। वित्तीय समावेश के अलावा इस योजना ने सामाजिक समावेश व आर्थिक आजादी भी सुनिश्चित की है।'' उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना में सबसे अधिक महिलाएं आगे आई हैं।

# 'एक राज्य-एक आरआरबी' 1 मई से प्रभावी 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण को मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक मई से देश के हर राज्य में एक ही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) मौजूद होगा। इस प्रस्ताव पर अमल के लिए वित्त मंत्रालय ने 11 राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा जिसके पूरा होते ही आरआरबी की संख्या मौजूदा के 43 से घटकर 28 रह जाएगी।

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, देश के 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा एवं राजस्थान में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एक इकाई में विलय किया जाएगा।




### तीन चरणों में संख्या 196 से घटकर 43 रह गई

इस सिलसिले में अबतक संचालित तीन चरणों में ऐसे संस्थानों की संख्या 2020-21 तक 196 से घटकर 43 रह गई थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का गठन आरआरबी अधिनियम, 1976 के तहत किया गया था। इनके गठन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे किसानों, कृषि मजदूरों और कारीगरों को ऋण और अन्य सुविधाएं प्रदान करना था।

### क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास 2000 करोड़ की अधिकृत पूंजी होगी

गुजरात में बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक और सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक को मिलाकर गुजरात ग्रामीण बैंक बनाया जाएगा। अधिसूचना के मुताबिक, सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास 2,000 करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी होगी।

### एकीकरण के पहले सरकार ने पूंजी डाली

एकीकरण के पहले इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में सरकार ने पूंजी भी डाली है। वित्त वर्ष 2021-22 में केंद्र ने दो साल की अवधि में अपने हिस्से के रूप में 5,445 करोड़ रुपये आरआरबी में डालने का फैसला किया था। वित्त वर्ष 2023-24 में आरआरबी का प्रदर्शन कई मापदंडों पर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया।

### 7571 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज

आरआरबी ने उस साल 7,571 करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया और उनका एकीकृत पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.2 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्चस्तर पर था।

## बिजनेस साइट

### सोनालीका ने वित्त वर्ष 2025 में अब तक की सर्वाधिक ट्रैक्टर की बिक्री



**नई दिल्ली।** प्रमुख ट्रैक्टर और कृषि मशीनीकरण ब्रांड सोनालीका और सोलिस के संचालक इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (आईटीएल) ने वित्तीय वर्ष 2025 में अब तक की सर्वाधिक 1,53,764 कुल वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री और 14.8% कुल बाजार हिस्सेदारी के साथ किया है। इस दौरान घरेलू बाजार में सोनालीका का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा, और यह कंपनी की प्रसिद्ध हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज के कारण संभव हुआ, जिसने न केवल भारत में बल्कि 150 देशों में भी अपनी लोकप्रियता बरकरार रखी है। इस अवसर पर आईटीएल के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा यह उपलब्धि एक ऐसे खास वर्ष का प्रतीक है, जिसने हमें फॉर्च्यून 500 भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की सूची और भारत में शीर्ष 10 ऑटो ब्रांड्स में शामिल किया।

### मुथूट फाइनेंस बना भारत का भरोसेमंद वित्तीय सेवा ब्रांड

**नई दिल्ली।** मुथूट फाइनेंस को एक बार फिर टीआरए द्वारा प्रकाशित ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट में 2025 के लिए भारत के नंबर 1 सबसे भरोसेमंद वित्तीय सेवा ब्रांड के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। यह लगातार 9वां साल है, जब मुथूट फाइनेंस को यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है। 2025 के संस्करण में 16 शहरों में व्यापक प्राथमिक शोध और 6,000 से अधिक घंटे के फील्डवर्क के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई थी। यह अध्ययन उपभोक्ताओं के विश्वास और ब्रांड व्यवहार का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करता है, जिससे भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों की पहचान की जाती है। इस अवसर पर मुथूट फाइनेंस के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा, यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जहां हम उन्हें ईमानदारी, पारदर्शिता और नवाचार के साथ सेवा प्रदान करते हैं।



# भारत में कंपनियों के सीईओ का औसत वेतन 10 करोड़ रुपए पहुंचा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत में कंपनियों के पेशेवर मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) का औसत वेतन पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत बढ़कर 10 करोड़ रुपये हो गया है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। पेशेवर सेवा फर्म डेलॉयट इंडिया की यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि सीईओ को मिलने वाले कुल वेतन पैकेज का केवल 40 प्रतिशत हिस्सा ही निश्चित है।

शेष 60 प्रतिशत हिस्सा जोखिम पर आधारित है जिसमें अल्पकालिक प्रोत्साहन (25 प्रतिशत) और दीर्घकालिक प्रोत्साहन (35 प्रतिशत) शामिल होते हैं। घोष ने कहा कि इक्विटी बाजारों में जारी गिरावट का इन शीर्ष अधिकारियों के वेतन पर नकारात्मक प्रभाव अभी तक नहीं दिखा है लेकिन इनके वेतन पैकेज का एक हिस्सा इक्विटी बाजार से जुड़ा होने के कारण अगले साल के आंकड़ों में उसका असर दिख सकता है।

### प्रोत्साहन वित्तीय प्रदर्शन पर निर्भर

सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि कंपनियां अब शीर्ष कार्यकारी पदों पर दिए जाने वाले अल्पकालिक प्रोत्साहनों में वित्तीय प्रदर्शन के अलावा समग्र कार्यात्मक या व्यावसायिक प्रदर्शन आकलन पर अधिक ध्यान दे रही हैं। हालांकि, दीर्घकालिक प्रोत्साहन काफी हद तक वित्तीय प्रदर्शन पर ही निर्भर करता है। डेलॉयट इंडिया के निदेशक दिनकर पवन ने कहा, ''शेयर-आधारित वेतन अब अधिक जटिल होता जा रहा है और नए प्रस्तावों की गहन जांच की जा रही है ताकि सभी हितधारकों के हितों की रक्षा हो सके।''

### सीएचआरओ के वेतन में वृद्धि दर्ज

इसके साथ ही कंपनियों के अन्य शीर्ष अधिकारियों मसलन, मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ), मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) के वेतन में भी सालाना आधार पर सात से 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### सीईओ व अधिकारियों का कार्यकाल छोटा हो रहा

सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि सीईओ और अन्य शीर्ष अधिकारियों का कार्यकाल छोटा हो रहा है और उनसे प्रदर्शन की अपेक्षाएं बढ़ रही हैं। इसकी वजह से वेतन और लाभ पर दबाव बढ़ रहा है।

### सीईओ सबसे अधिक वेतन पाने वाला अधिकारी

रिपोर्ट के मुताबिक, सीईओ के बाद कंपनियों के सीओओ और सीएफओ सबसे अधिक वेतन पाने वाले कार्यकारी बने हुए हैं। उनका औसत वेतन पैकेज लगभग चार करोड़ रुपये है।

# शेयर बाजार में लौटी रौनक सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई के निफ्टी में 374 अंक की बढ़त रही। एशिया और यूरोप के बाजारों में मजबूती के बीच निचले स्तर पर चौतरफा लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। एक दिन पहले बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,089.18 अंक बढ़त के साथ 74,227.08 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 1,721.49 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 29 शेयर लाभ में रहे। निफ्टी भी 374.25 अंक की बढ़त के साथ 22,535.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 535.6 अंक तक चढ़ गया था। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से स्थानीय मानक सूचकांकों में अच्छी तेजी आई। अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंता कुछ हद तक इस बात से दूर हुई है कि ज्यादातर देश चुनौतियों से पार पाने के लिए उपाय तलाशेंगे। भारत की अर्थव्यवस्था खपत आधारित है, ऐसे में अमेरिकी शुल्क का अन्य देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था पर खास असर नहीं होगा। पावर ग्रिड को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**मार्केटिंग/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- टीशर्ट होलसेलर को मार्केटिंग एक्ज़ीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस बॉय चाहिए। आकर्षक वेतन, संपर्क दोपहर 2-5, PARC- 16-17 सुराना मार्केट, सिटी सेंटर माल के पीछे, पंडरी, रायपुर (RO-197)

**मैकेनिकल कार्य**

आवश्यकता है- भिलाई चरोदा रेल्वे क्षेत्र में मैकेनिकल कार्य हेतु किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है ईएसआईसी, पीएफ के साथ आकर्षक वेतन संपर्क:- 9691561188 (आरो नं.-717)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क समय सुबह 10.30 से रात 9.30, विरदीचंद मानकलाल जैन कंकालीपारा रायपुर 9425216364, 9340477419 (RO-OM)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल भिलाई दुर्ग घुमना है, आकर्षक, वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। संपर्क:- 9827466771.(आरो नं.-720)

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- बेबीकेयर/ बुजुर्ग केयर हेतु लडकी /महिला एवं पुरुष केयर टेकर की तुरंत आवश्यकता है, वेतन 12 हजार से 15 हजार संपर्क:- फैमिली केयर, रायपुर, 7389066521. (RO-om)

**टीचर**

Required- Pragati Vidyalaya Higher Secondary School Rameshwar Nagar bhanpuri Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio,Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592. Time- 8:00 am to 12:00 pm (RO-OM)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-417)

**ऑफिस / फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- फायनेंस ऑफिस में कार्य हेतु युवती एवं फील्ड कार्य हेतु युवको की आवश्यकता है। संपर्क ढिल्लन कॉम्प्लेक्स शॉप नं 231, आकाशगंगा सुपेला भिलाई मो. 6261510080, 8319119645 (RO-719)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 +कमीशन +बोनस कमाए 15 से 20000 पता श्री राम चौक सुपेला भिलाई 7217868971, 9302864676.(आरो नं.-722)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**मार्केटिंग/सेल्समैन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) मे काम करने के लिए मेहनती स्टाफ लड़का / लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है मो.7067048454. (RO-7085)

**ऑफिस बॉय**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907.(आरो नं.-721)

**हेमाल**

आवश्यकता है- उरला मेटल पार्क में काम करने के लिए हेमाल की आवश्कता है। रहने की सुविधा उपलब्ध है। संपर्क करें- जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक BSNL ऑफिस के सामने रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-4095884. (RO-429)

**दुकान/गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- दुकान/ गोडाउन में कार्य करने हेतु मेहनती युवक की आवश्यकता है। योग्यता पांचवीं पास सैलरी- 11000/- योग्यतानुसार। संपर्क - रायपुर कृषि केंद्र, शॉप नं.- 124, एस.के प्लाजा काम्प्लेक्स, बॉम्बे मार्केट, रायपुर (RO-1639)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- वही केवल वही सेल्समैन हमसे संपर्क करें जिसको होलसेल रेडीमेड एंव कपडे की लाइन का अनुभव और पूर्ण जानकारी हो वेतन 15000/- से अधिक आपकी योग्यता अनुसार संपर्क 9340247171.(RO-591)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- बच्चा सँभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं ख़ाना दिया जाएगा। स्थान अमलीहडी: , रायपुर सम्पर्क करें: 9575042812. (RO-om)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- टेलीकॉलर ऑफिस में काम करने के लिए लड़को के जरूरत है 20 वर्ष से 28 वर्ष वाले सम्पर्क करे ऑल इंडिया प्लेसमेंट शुरुआती वेतन 10000 रहना फ्री संपर्क करें,7310671995, 6387630593.(RO-313)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 8521185983 (RO-777)

आवश्यकता है- नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309. (RO-781)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238. (RO-749)




**CLASSIFIED RATE CARD** 01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
वसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### मुआवजा डकारने का ....

लेकर झांकी तक किया गया। टोकरो के मामले में जिन पक्षकारों के खाते का विभाजन हुआ है, उन्होंने अपने शपथपूर्वक कथन में स्वीकार किया है कि खाते के बंटवारे के लिए कभी कोर्ट में पेश ही नहीं हुए।

### कांग्रेस की जिला कमेटियों ....

नफरत की खाई में धकेल रही है। इसलिए, एक बार फिर कांग्रेस पार्टी धार्मिक ध्रुवीकरण के उन्माद से लड़ते हुए 'लौह पुरुष' सरदार पटेल का दृढ़ता से अनुकरण करने को लेकर दृढ़ संकल्पित है। अहमदाबाद के 'सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक' में आयोजित बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में कार्य समिति के अन्य सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, राज्यों के कांग्रेस विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भी इस बैठक में शामिल हुए। कार्य समिति की बैठक के बाद अब नौ अप्रैल को अधिवेशन होगा। गुजरात में पार्टी का यह अधिवेशन 64 साल के बाद हो रहा है। इस अधिवेशन का विषय न्याय पथ : संकल्प, समर्पण, संघर्ष रखा गया है।

### अमृतधारा जलप्रपात में ....

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं एसईसीएल बैकुंठपुर और मनेंद्रगढ़ की रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय युवकों के काफी प्रयास के बाद दोनों के शवों को गहरे पानी से बाहर निकाला गया। इनमें अमृतधारा के स्थानीय युवक राधेश्याम, प्रताप कुमार, मनीशंकर, श्यामवरन शामिल रहे, जिन्होंने काफी मशक्कत कर दोनों अधिकारियों के शव को बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मनेन्द्रगढ़ अस्पताल भेजा गया है।

### 'नो प्रॉफिट नो लॉस' को ....

छात्रों से की गई अतिरिक्त वसूली की राशि 7 फीसदी ब्याज के सात वापस करने का निर्देश फीस विनियामक समिति ने दिए हैं। अतिरिक्त शुल्क की वापसी के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाने पर विचार किया जा रहा है। जानकार सूत्रों का कहना है कि एफआरसी केवल ट्यूशन फीस का निर्धारण करती है। कालेज में हास्टल, मेस और ट्रांसपोर्टिंग का चार्ज अपनी सुविधाओं के आधार पर कालेज प्रबंधन ना फायदा ना नुकसान के आधार पर करता है। कालेजों को केवल निर्धारित फीस की डिटेल अपने प्रास्पेक्टस में उल्लेख कर फीस विनियामक समिति के पास जमा कराना होता है। शुल्क निर्धारण की मिली ढील का कालेज वालों ने जमकर फायदा उठाया और विद्यार्थियों से मनमाने तरीके से वसूली कर डाली। तीनों सुविधाओं के लिए 90 हजार से 1 लाख के खर्च आता है जिसका कालेज वालों ने साढ़े पांच लाख रुपये तक की वसूली की। एफआरसी द्वारा राशि वापसी के निर्देश के बाद तीनों कालेज प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है और ब्याज सहित शुल्क अदायगी से बचने के लिए उनके द्वारा रास्ता खोजा जा रहा है।

### अब केवल चेहरा ....

और उससे जुड़ी सेवाएं हासिल कर सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बिहार के छह जिलों जिनमें अररिया, सहरसा, औरंगाबाद, बांका, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज शामिल हैं, में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के तहत पूर्ण रूप से अधिसूचित करने की भी घोषणा की। इससे लगभग 24,000 अतिरिक्त लोग ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में आ सकेंगे। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मांडविया ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने चेहरे के प्रमाणीकरण का उपयोग करके यूएएन आवंटन और उसे एक्टिवेट करने के लिए उन्नत डिजिटल सेवाएं शुरू की हैं। करोड़ों ईपीएफओ सदस्यों को संपर्क रहित, सुरक्षित और पूरी तरह से डिजिटल सेवाओं का लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अब कर्मचारी उमंग मोबाइल एप के जरिए आधार फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) का उपयोग करके सीधे यूएएन बना सकते हैं। नियोक्ता भी किसी नए कर्मचारी के आधार फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) का उपयोग करके यूएएन बनाने के लिए उमंग एप का उपयोग कर सकता है।

### पेंशन में देरी ....

भुगतान के लिए क्षतिपूर्ति करना है। सर्कुलर के अनुसार, 'पेंशन भुगतान करने वाले बैंकों को पेंशन/बकाया राशि जमा करने में देरी के लिए पेंशनभोगी को भुगतान की नियत तिथि के बाद 8 प्रतिशत प्रति साल की निश्चित ब्याज दर पर मुआवजा देना चाहिए।' निर्देश में आगे स्पष्ट किया गया है कि यह मुआवजा पेंशनभोगियों से किसी भी दावे की आवश्यकता के बिना ऑटोमेटिक रूप से प्रदान किया जाएगा। तय पेमेंट डेट के बाद होने वाली किसी भी देरी के लिए मुआवजा 8फीसदी प्रति साल की निश्चित ब्याज दर पर प्रदान किया जाना चाहिए।

## ददलानी, पूनावाला का रद्द किया 10-10 लाख का जुर्माना

# नैतिकता की ठेकेदारी ना करें, सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया हाईकोर्ट का फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने जैन मुनि तरुण सागर का मजाक उड़ाने के लिए राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि अदालतों का काम 'नैतिकता की ठेकेदारी' करना नहीं है। जस्टिस अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के 2019 के आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पूनावाला और संगीतकार तथा गायक विशाल ददलानी को जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय इस तथ्य से प्रभावित था कि अपीलकर्ता ने एक विशेष धर्म से संबंधित संत की आलोचना की थी।

### यह किस तरह का आदेश है?

पीठ ने कहा, 'यह किस तरह का आदेश है? जुर्माना लगाने का कोई सवाल ही नहीं था। अदालत ने अपीलकर्ताओं को बरी कर दिया, लेकिन जुर्माना लगाया। अदालतों को मोरल पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए।' पूनावाला ने उच्च



न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। हाई कोर्ट ने ददलानी और पूनावाला को उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करवाने के लिए 10-10 लाख रुपए का जुर्माना भरने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि जुर्माना इसलिए लगाया गया है ताकि यह संदेश दिया जा सके कि कोई भी धार्मिक संप्रदायों के प्रमुखों का मजाक न उड़ाए।

### यह है मामला

2016 में जैन मुनि को हरियाणा विधानसभा में आमंत्रित किया गया था। वहां उनका प्रवचन हुआ था। तहसीन पूनावाला और विशाल डडलानी ने सोशल मीडिया पर इसकी कड़ी आलोचना की थी। दोनों की तरफ से की गई टिप्पणियों को जैन समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने की कोशिश बताते हुए अंबाला में एक एफआईआर दर्ज हुई थी। पूनावाला और डडलानी ने एफआईआर रद्द करवाने और गिरफ्तारी पर रोक के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। 2019 में दिए फैसले में हाई कोर्ट ने माना कि दोनों के बयानों से आईपीसी की धाराओं 153A (समाज में वैमनस्य फैलाना) और 295A (धार्मिक भावनाओं को आहत करना) का मामला नहीं बनता।

**यह कहा था हाईकोर्ट ने :** एफआईआर रद्द करने के बावजूद हाई कोर्ट ने दोनों पर एक प्रसिद्ध संत का मजाक बनाने वाली अशोभनीय टिप्पणियों के लिए 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। हाई कोर्ट ने कहा कि जैन मुनि तरुण सागर का समाज के लिए जितना योगदान है, उतना पूनावाला और डडलानी का नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा कि वह यह जुर्माना इसलिए लगा रहा है ताकि भविष्य में दोनों याचिकाकर्ता किसी संत का मखौल उड़ाने वाली बातें कहने से बचें।

## पेज एक के शेष

### 35 सालों में...

खड़ा किया था। इस दौरान आगजनी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। सन 1991 में खैरागढ़ के बकरकट्टा में नक्सलियों ने एक की हत्या की। 1999 में पांच ग्रामीणों की हत्या करने के साथ ही नक्सलियों ने पूरे जिले में लाल आतंक का नेटवर्क तैयार किया। इधर छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद नक्सल वारदातों में काफी इजाफा देखने में मिला। सन 2000 से 2022 तक नक्सलियों ने पूरे जिले में काफी घटनाओं को अंजाम दिया। जिसमें 117 आम नागरिकों की नक्सल हत्या हुई। मुखबिरी का आरोप लगाकर 25 ग्रामीणों की बेदम पिटाई की गई। पुलिस और फोर्स के साथ चल रही जंग में एसपी वीके चौबे सहित 43 जवान शहीद हुए। वहीं मुठभेड़ में 43 जवान घायल हुए। केंद्रीय बल के दो जवानों को भी इस जंग में शहीद होना पड़ा। पुलिस के अलावा शासकीय विभागों के चार कर्मी, पांच गोपनीय सैनिक की नक्सल हत्या की गई। वहीं 42 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण भी किया। पुलिस और केंद्रीय फोर्स द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए आपरेशन में 37 नक्सलियों को मार गिराया गया। पिछले 35 सालों में राजनांदगांव जिले के लिए सबसे खौफनाक साल 2009 का रहा। इस साल न केवल जिले के एसपी वीके चौबे शहीद हुए, बल्कि जिले के इतिहास में नक्सलियों द्वारा सर्वाधिक 45 लोगों को मौत के घाट उतारा गया।

### 'डॉक्टर' की डिग्री में...

बिलासपुर अपोलो हॉस्पिटल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ,पूर्व विधायक प्रत्याशी राजेंद्र साहू, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, महामंत्री समीर अहमद, जिला महामंत्री शेख निजामुद्दीन ने सरकंडा थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### ट्रंप ने चीन पर ...

को वापस लेने का फैसला नहीं लिया अमेरिका चीनी उत्पादों पर 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते सप्ताह 'मुक्ति दिवस' का ऐलान करते हुए चीन समेत दुनिया की कई अर्थव्यवस्थाओं पर पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की थी। ट्रंप ने चीन पर अतिरिक्त 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद अमेरिका में चीनी उत्पादों पर कुल शुल्क 54 फीसदी पहुंच गया था। वहीं चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। चीन ने अमेरिका से आयातित उत्पादों पर 34 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की तो ट्रंप का पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया। बीते सोमवार को ट्रंप ने चीन को अल्टीमेटम देते हुए इस कदम को वापस लेने की चेतावनी दी। हालांकि चीन ने कहा कि वह अमेरिका के आगे नहीं झुकेगा। अब अमेरिका के इस फैसले से ट्रेड वॉर और गहरा गया है।

चीन के साथ किसी भी सौदे की उम्मीद नहीं : इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिकी टैरिफ को लागू करने की तारीख से पहले कई प्रमुख सहयोगियों के साथ बातचीत की है। मंगलवार को ट्रंप ने योजनाबद्ध व्यापार वार्ता की घोषणा भी की है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि ट्रंप ने जिन देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स लगाया है उनमें से करीब दर्जन भर देशों पर लगाए गए टैरिफ दर को अमेरिका या तो कम कर देगा या इसे खत्म किया जा सकता है। हालांकि चीन के साथ कोई भी सौदा करने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

### रतनपुर में फिर...

जांच शुरू कर दी है। 25 मार्च को रतनपुर के महामाया कुंड में 23 नग कछुओं की मौत हो गई थी। इस मामले की जांच वन विभाग ने शुरु करते हुए सीसी टीवी फुटेज खंगालने के उपरांत मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, नेता और कर्मचारी सहित पांच आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला कायम कर लिया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, नेता और कर्मचारी की तलाश की जा रही है। मंगलवार को धार्मिक नगरी रतनपुर के महामाया मंदिर परिसर से सटे कलपेसरा तालाब में एक बार फिर जाल में फंसे चार मृत कछुए मिलने से सनसनी फैल गई है। रतनपुर मे कछुओं की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नही ले रहा है, अभी 23 कछुओं की मौत की जांच की आंच भी ठंडी नही हुई थी की फिर एक बार जाल में मृत कछुए मिले हैं। यह तालाब नगर पालिका के अधीन आता है। यहां पर नगर पालिका द्वारा नौका विहार की सुविधा भी दी जाती है। सूचना पर वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर कछुओं के शव और जाल को जब्त कर कानन पेण्डारी में पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर जांच शुरु कर दी है।

सीसी टीवी कैमरा नहीं : मंगलवार की सुबह कलपेसरा तालाब में चार नग कछुओं की मौत की खबर से पूरे रतनपुर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लगातार कछुओं की मौत होने से महामाया नगरी में रहने वाले लोग काफी आक्रोशित हो गए हैं। इस दौरान वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचने के बाद आसपास में सीसी टीवी कैमरे की तलाश की, लेकिन उन्हें कैमरा कहीं भी नहीं मिला। फिलहाल विभाग की टीम भी कछुओं की मौत से हलाकान हो गई है। टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरु कर दी है।

जबलपुर भेजा जाएगा बिसरा : वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में मरे 23 नग कछुओं की प्रारंभिक पोस्टमार्टम में जानकारी मिलने और उनका अंतिम संस्कार कराने के बाद बिसरा को जबलपुर रिसर्च सेंटर में भेज दिया गया है। इसके बाद एक बार फिर तालाब में चार कछुओं की मौत मिली है, जिसमें दी गई रिपोर्ट दम घुटने से मिल रही है। इन कछुओं के बिसरा को भी जबलपुर भेजने की तैयारी की जा रही है।

### सूखत की चिंता में...

होगा, उसकी कीमत सोसाइटी को चुकानी पड़ेगी ये तय है। रायपुर के अभनपुर और आरंग क्षेत्र की कई सोसाइटियों में सूखत का मिलान होने के बाद धान में आई कमी की वसूली के लिए दबाव पड़ना अब शुरू हो गया है। सोसाइटियों से कहा गया है कि वे सूखे धान की मात्रा या उसके बराबर की राशि जमा कराएं, वरना उनके खिलाफ एफआईआर करवाई जाएगी। इसी कार्रवाई के डर से सोसाइटी वाले अब हाईकोर्ट की दौड़ लगा रहे हैं। **कई और सोसाइटियों का हाल ऐसा ही :** रायपुर जिले में ही अभनपुर और आरंग क्षेत्र की कई सोसाइटियों में धान की सूखत का मिलान हो चुका है। जिन सोसाइटियों में भी धान की मात्रा में कमी आई है उनसे कम हुआ धान या उसके बदले रकम चुकाने के लिए दबाव डाला जा रहा है, इसके साथ ही एफआईआर करने की चेतावनी भी है। सूत्रों के अनुसार आरंग, अभनपुर क्षेत्र की सोसाइटियों के प्रबंधक हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं।

**सोसाइटी से होगी वसूली- मार्कफेड :** मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने इस संबंध में कहा है कि सोसाइटियों से धान शार्टेज की वसूली होगी। इन सोसाइटियों को धान की सुरक्षा और रखरखाव के लिए 5 रुपए प्रति क्विंटल राशि दी जाती है। इसलिए सूखत की जिम्मेदारी भी उनकी है।

### एक मामले से सामने...

कराए या 7 लाख रुपए। अगर ये नहीं किया गया तो सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ धान की अफरा-तफरी के आरोप में एफआईआर की जाएगी। अब सोसाइटी प्रबंधक कार्रवाई से बचने हाईकोर्ट की शरण में जाने की तैयारी में है।


**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता/ भूमि स्वामी (1) योगेन्द्र साहू (2) टूमन साहू (3) टिकेश्वर साहू सभी पिता अशोक (4) सावित्री साहू पति अशोक साहू सभी पता गांधी चौक परसदा तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम गुजरा पटवारी हल्का नंबर 32 रा.नि.मण्डल पाटन तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) खसरा नंबर 720/2 का टुकड़ा रकबा 0.3000 हेक्टेयर अपरिवर्तित लगान ऋण पुस्तिका क्र. P/3948726 को क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर अग्रिम राशि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागणों के प्रदान की जा चुकी है, जिसके पश्चात बैनामा कराया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, अर्द्धशासकीय, शासकीय विभाग आदि को दावा/आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के तत्काल पश्चात आपत्ति सहित मय दस्तावेज निचे लिखे पते पर प्रस्तुत कर दावा/आपत्ति किया जा सकता है। प्रकाशन दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति विचाराधीन न होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जानें।

रायपुर दिनांक 8/04/2025

भवदीय
जे.पी. तिवारी (अधिवक्ता)
सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती,
रायपुर (छ.ग.) मो - 9826123109



**- आम सूचना -**

संदर्भ :- वाके मौजा ग्राम खोला, प.ह.नं. 47, रा.नि.मं. पाटन, तहसील- पाटन, जिला - दुर्ग (छ.ग.) में स्थित खसरा नम्बर 559/1 रकबा 0.6500 हेक्टेयर कृषि भूमि है। खसरा नम्बर 421 के अनुसार आई.डी. नम्बर 106512815 ऋण पुस्तिका क्रमांक - 240939

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार मितेश देवांगन, पिता- श्री सुरेशचंद्र देवांगन, पता- ग्राम डूण्डा, पोस्ट- सेजबहार, थाना-मुजगहन, जिला - रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता सीताराम उर्फ शीतल, पिता- एलिट, जाति- सतनामी, निवासी- ग्राम खोला, तहसील- पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की उक्त संदर्भित कृषि भूमि क्रय करने का चुकता सौदा कर दिया है, केवल विक्रय विलेख के पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, साहूकार या शासकीय, अशासकीय अर्धशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई भी दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिनो के भीतर नीचे लिखे पते पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करे। बाद म्याद प्रस्तुत दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष शून्य व निष्प्रभावी होगी। एतद् सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 08/04/2025

भवदीय
किशोर मिश्रा, अरूण कुमार मिश्रा, बबिता मरोटी (जैन) रवि शर्मा, मनीष, पल्लवी (अधिवक्तागण)
कार्यालय : शॉप नम्बर- 17, प्रथम तल साहू काम्प्लेक्स, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.), मो. नं. 9329575733



**कार्यालय कलेक्टर, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

क्रमांक- / 742/भू-अर्जन / 2025 / बलौदाबाजार-भाटापारा, दिनांक 16/01/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम क्रमांक - 1 से 5 में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम -7 में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा ) की धारा - 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम क्रमांक-6 में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता हूँ।

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/प.ह. नं. | खसरा नं. | क्षेत्रफल (हे. में) | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 |
| बलौदाबाजार-भाटापारा | सिमगा | ग्राम-सिमगा डोंगरिया प.ह.नं. - 05 | | | कार्यपालन अभियंता, म.ज.प. डिसनेट संभाग क्रमांक 03, तिल्दा-नेवरा जिला - रायपुर (छ.ग.) | | चक्रवाही वितरक नहर के अकलतरा माईनर के लावर सब माईनर नहर निर्माण हेतु क्षेत्रफल |
| खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल |
| 244 | 0.060 | 252 | 0.040 | 390 | 0.030 | 351/2 | 0.070 |
| 245 | 0.030 | 286/1 | 0.140 | 391 | 0.040 | 300 | 0.050 |
| 246/1 | 0.040 | 396 | 0.020 | 294 | 0.100 | 302 | 0.080 |
| 246/2 | 0.040 | 392 | 0.030 | 295 | 0.080 | 303 | 0.040 |
| 246/3 | 0.040 | 395 | 0.030 | 351/3 | 0.050 | - | - |
| | | | | कुल योग :- 19 नग खसरा | | | रकबा 1.010 हेक्ट. |

(2) यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में से कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस आषय के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा / आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा। (3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा०) एवं भू-अर्जन अधिकारी, सिमगा के कार्यालय में किया जा सकता है। (4)प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है। (5) प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया हैं। (6) प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी ( रा०) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

कलेक्टर,
जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा एवं पदेन उप सचिव,
छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग

G-252600154/1



**छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सामान्य वनमंडल, महासमुन्द (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द के पिथौरा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ का निवर्तन ई-ऑक्शन द्वारा दिनांक 15.04.2025 को किया गया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / पिथौरा काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| नीलाम स्थल का नाम | - | पिथौरा |
| नीलाम दिनांक | - | 15.04.2025 |
| नीलाम समय | - | 9:00 बजे प्रातः से |

नीलाम दिनांक 15.04.2025 को रखे जाने वाले वनोपज का अनुमानित मात्रा काष्ठागार पिथौरा

| क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | | अन्सोल्ड (पुराना) वनोपज | | | कुल वनोपज | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 919.047 | 659 | 14099 | 2077.080 | 18004 | 52824 | 2996.127 | 18663 | 66923 |
| 2 | साल | 1.896 | 22 | 0 | 28.748 | 59 | 0 | 30.644 | 81 | 0 |
| 3 | शीशम | 0.223 | 0 | 0 | 2.846 | 0 | 0 | 3.069 | 0 | 0 |
| 4 | तिन्सा | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| 5 | बीजा | 0.330 | 0 | 0 | 18.026 | 0 | 0 | 18.356 | 0 | 0 |
| 6 | साजा | 24.452 | 0 | 0 | 19.067 | 176 | 0 | 43.519 | 176 | 0 |
| 7 | हल्दु मुड़ी | 10.946 | 0 | 0 | 76.817 | 28 | 0 | 87.763 | 28 | 0 |
| 8 | धावडा | 9.806 | 0 | 0 | 8.300 0 | 0 | 0 | 18.106 | 0 | 0 |
| 9 | सलिहा मोदे | 1.377 | 0 | 0 | 7.879 | 0 | 0 | 9.256 | 0 | 0 |
| 10 | पापडा | 2.335 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 2.335 | 0 | 0 |
| 11 | खैर | 0.000 | 0 | 0 | 1.396 | 0 | 0 | 1.396 | 0 | 0 |
| 12 | अन्य | 76.311 | 58 | 0 | 48.985 | 0 | 0 | 125.296 | 58 | 0 |
| योग :- | | 1046.723 | 739 | 14099 | 2289.144 | 18267 | 52824 | 3335.867 | 19006 | 66923 |

| | |
|---|---|
| काष्ठगार पिथौरा -भाग 2 ( सराईटार) 1845 नग व्यापारिक बांस नया एवं 360 बंडल औद्योगिक बांस नया | |
| वन परिक्षेत्र बागबाहरा, डिपो बागबाहरा 2249 नग व्यापारिक बांस पुराना | |
| बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत निस्तार / उपभोक्ता / अस्थाई पड़ाव डिपो में संग्रहित बांस की मात्रा | |
| बरपाली 233 चट्टा पुराना जलाऊ एवं 4649 नग पुराना व्यापारिक बांस | अ.प. नवागांव - 110 चट्टा पुराना जलाऊ एवं 422 नग पुराना औद्योगिक बांस |
| थरगांव डिपो - 2690 नग पुराना व्यापारिक बांस | भाटापारा 144 चट्टा पुराना जलाऊ |
| निस्तार डिपो महराजी - 330 नग पुराना व्यापारिक बांस | सिमगा - 47 चट्टा पुराना जलाऊ |
| सण्डी - 11 चट्टा पुराना जलाऊ एवं 355 नग पुराना व्यापारिक बांस | पलारी- 404 नग पुराना व्यापारिक बांस |

टीप :-(1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ईकॉमर्स में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईस मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने ई-वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशन ईएमडी की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा। उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

दूरभाष क्रमांक 07723-222084 (कार्यालय)

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल महासमुंद (छ.ग.)

G-252600169/4



**छतीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि.मि.**
(छ. शासन का एक उपक्रम - छराविमं की उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (परि.) संभाग छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री.कं.लि., जगदलपुर

क्र./45-33/कार्य/16 जगदलपुर, दिनांक 08/04/2025

**आवश्यक सूचना**

समस्त जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता ( परियोजना) संभाग छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री.कं.लि. जगदलपुर के अंतर्गत नीचे उल्लेखित नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस लाईन को दिनांक 09.04.2025 अथवा उसके पश्चात कभी भी उर्जीकृत की जा सकती है। अतः उल्लेखित नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन के तार, स्टे एवं खम्भे आदि से किसी प्रकार की छेडछाड़ न करें एवं लाईन से सुरक्षित दूरी बनाये रखे। इस सूचना के पश्चात उल्लेखित लाईन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिये छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री.कं.लि. जवाबदार नही होगा।

| क्र. | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन का नाम | लाईन की लंबाई | ग्रामों का नाम जहाँ से होकर लाईन गुजर रही है |
|---|---|---|---|
| 1 | 400/220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र परचनपाल से नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिवनी (मधोता) कोजोड़ने वाली 33 के.व्ही. सिवनी लाईन | 25 कि.मी. | ग्राम- परचनपाल, एकतागुडा, टाकरागुडा, बस्तर, भाटपाल, भूरसुन्डी, भोण्ड, सालेमेटा, झारतरई, मधोता, छोटेअलनार, सिवनी आदि। |

कार्यपालन अभियंता (परि.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि.,जगदलपुर


## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5831




**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5830 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5841

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5840 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

ऐतिहासिक

डा पी एल शर्मा

## अलग साम्राज्य रहा सकल कोसल का

सोमवंशीय शासकों ने कोसल क्षेत्र में दो सौ वर्षों तक शासन किया था। पाण्डुवंशीय शासकों ने कलिंग की ओर ध्यान भी दिया था और महाशिव तीवरराज ने गौरवपूर्ण त्रिकालिंगादिधिपति उपाधि धारण की थी। इसके साथ ही सकल कोसलाधिपति की उपाधि को उन्होंने और उनके पुत्र नंदराज ने बड़े ही जतन से संजोए रखा। सकल कोसल का बड़ा महत्वपूर्ण अर्थ है। यह वह क्षेत्र होता है जो वर्तमान छत्तीसगढ़ कोसल राज का वह भाग जो ओड़िशा में चला गया है। जैसे कालाहांडी, संबलपुर, सुंदरगढ़, फुलबानी और बलागीर आदि जिले पूर्व में यह सकल कोसल कहलाता था। इस पर शरभपुरीय-पांडु वंशीय और बाद में सोमवंशीय शासक हमेशा काबिज रहे। सोमवंशीय शासकों ने जो पांडुवंशियों के कनिष्ठ शासक थे, उसने कलिंग की ओर ध्यान मोड़ा। इस योजना के तहत उन्होंने पूर्ण विकसित सुविधाओं से सुसज्जित और लगभग सकल कोसल के मध्य स्थित श्रीपुर को छोड़ पूर्वी कोसल में उपयुक्त स्थान के तलाश में श्रीपुर के बराबरी का स्थान ढूंढते रहे, जहां से ओड, कलिंग, कोगोंद तोशाली यह क्षेत्र निकट पड़े। क्योंकि वे उनके चिन्हित क्षेत्र थे, जो उन्हें त्रिकलिंगाधिपति की उपाधि सार्थक रूप से धारण करने दें। इस राजधानी नगर की खोज में उन्होंने सुरसीम, आराम, स्वर्णपुर, विनीतपुर और ययाति नगर इत्यादि को अपनाने की योजना की। यह सभी स्थान इन शासकों ने सुरुचिपूर्ण ढंग से विकसित करने का प्रयास भी किया।



लोक साहित्य

डा अनसूया अग्रवाल

## छत्तीसगढ़ी बाल साहित्य चुनौतियां एवं संभावनाएं

छत्तीसगढ़ी बाल साहित्य का हम समग्र रूप से अवलोकन - विश्लेषण करें तो समर्थ रचनाकार दो भिन्न भाव भूमियों पर अपने सृजन कर्म को उद्घाटित करते हुए साहित्य सरोवर को समृद्ध कर रहे हैं। एक तो कल्पना पर आधारित बाल साहित्य का प्रणयन, जो बाल मन की अभिरुचियों के अधिक निकट है जहां कल्पना ही प्रकृति के उलझे स्वरूपों को सामने लाकर सुलझाती भी है। बाल मन को इसी से सुख भी मिलता है। दूसरे वे जो यथार्थ पर आधारित बाल साहित्य सृजन कर्म में रत हैं उनके अनुसार बाल हृदय को आसपास के वातावरण और परिवेश को समझने में मदद मिलती है। उनकी दृष्टि में कल्पना प्रधान, वायवीय भाव भूमि से सृजन की अपेक्षा यथार्थ परक नीति परक, उपदेश परक सृजन की सार्थकता और उपादेयता अधिक है। वर्तमान संदर्भ में विचार करें तो दोनों ही सृजन अपनी अपनी जगह प्रासंगिक और उपयोगी है। छत्तीसगढ़ी बाल रचनाओं में इस क्षेत्र की नैसर्गिक और प्राकृतिक सुषमा भी अपने संपूर्ण वैभव के साथ उपस्थित है। यहां के लोगों के अपराजेय संघर्ष के रेखांकन का यथार्थ प्रयास भी बाल मन के अनुरूप है। वनांचल क्षेत्र में रहवासी के बच्चे पशु पक्षी के साथ काफी निकटता महसूस करते हैं अतः रचनाओं में इनके प्रति बाल मन की संपृक्ति संपृक्तता भी स्पष्ट दिखाई देती है।



गांव की कहानी

बालचंद्र जैन

## कई रहस्यों से भरा ग्राम सुंदरिका



ग्राम सुंदरिका के बारे में माना जाता है महाभारत काल में पाण्डवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ समय निश्चित रूप से फुलझर -बोड़ासामर के संयुक्त क्षेत्रों में बिताया होगा और राक्षसों का संहार किए होंगे। पाण्डवों के छोटे भाई सहदेव ने भी राजसूय यज्ञ के संदर्भ में इन क्षेत्रों की विजय यात्रा की थी, और यहां के वन राज्यों को पराजित किया था। शिशुपाल पर्वत पर रानी सागर के समीप भीम के पैर का निशान देखने को मिलता है। कथानकों से प्रतीत होता है कि द्वापर युग के महाभारत काल में इन क्षेत्रों पर राक्षसों, दैत्यों का अधिकार था, जो उक्त कालीन ऋषि मुनियों को यज्ञादि करने से रोकते थे तथा उन्हें प्रताड़ित करते थे। उक्त काल अवधि में संभवतः त्रिसुंद नामक दैत्य का इन क्षेत्रों में आतंक था। त्रिसुंद के सुन्द और उप सुन्द दो पुत्र थे। सुन्द दैत्यों का प्रभाव इन क्षेत्रों पर था। जन सामान्य एवं ऋषि मुनियों के लिए यह क्षेत्र अत्यंत भयावह था, परिणामतः यह दानव सुन्द से प्रभावित क्षेत्र था। उक्त सुन्द दानवों के कारण ही यह क्षेत्र सुन्दरिका के नाम से जाना जाता था। आगे चल कर पाश्चात्य कालीन शासकों ने भी इन क्षेत्रों को सुंदरिका के नाम से जारी रखा। महाभारतकालीन चंद्रवंशीय राजाओं के अंतिम चरण के पश्चात इन क्षेत्र में राजनैतिक परिस्थिति मृत प्राय रही होगी। ईसा के 6 वीं सदी के उतरार्द्ध में राजनैतिक गतिविधियां पुनः सक्रिय हुई।

बिरहोर जनजाति को लेकर कई कथा सुनने को मिलते हैं जिसमें एक मिथक के अनुसार एक माता की दो बहनें थीं। एक बहन से बिरहोर उत्पन्न हुए तथा दूसरी बहन से उत्पन्न संतान महकूल कहलाए। एक बार बिरहोर और महकूल दोनों भाई जंगल में भैंस चराने गए। जंगल में जंगली लता से अपनी भैंसों को बांध कर वे जंगली लता काटने जंगल के अंदर चले गए।





# बिरहोर जनजाति की उत्पत्ति पर प्रचलित मिथक

जंगली लता काट कर लौटने पर उन्होंने देखा कि बिरहोर की भैंस रस्सी तोड़ कर अन्यत्र चली गई है, जबकि महकूल की भैंस वहीं बंधी मिली। तब बिरहोर ने अपने महकूल भाई से कहा कि तुम अपनी भैंस लेकर घर जाओ, मैं अपनी भैंस ढूंढने जा रहा हूं। ऐसा कहते हुए बिरहोर जंगल की ओर चल पड़ा। रास्ते में उसे जंगली लता दिखी, जिसे वह काटने में जुट गया तथा भैंस ढूंढने वाली बात वह भूल गया। कालान्तर में जंगली लता काटते काटते वह वीर नामक पहाड़ में रहने लगा। वीर पहाड़ में रहने एवं जंगली लता से लगातार रस्सी निर्माण करने के कारण लोग इन्हें बिरहोर कहने लगे। एक अन्य मिथक के अनुसार एक बार महादेव भगवान कुल्हाड़ी व बसुला पकड़ कर शिकार करने जंगल गए। शिकार करते करते वे चालीस जंगल पार कर गए और भूख प्यास से बेहाल उन्होंने फल खाकर भूख और नाले का पानी पीकर प्यास बुझाई। थोड़ी देर विश्राम करने के पश्चात उसका मन नाचने गाने को हुआ, तब एक पेड़ काट कर ढोलक बनाया तथा उस पर चमड़ा चढ़ाने के लिए शिकार की खोज करने लगे, तभी उनकी नजर पेड़ पर बैठे एक बंदर पर पड़ी, जिसका शिकार कर उसके चमड़े को ढोलक पर लगाकर बजाने और नाचने लगा। बाद में पास के बिरहोर लोगों को बुला कर मरे बंदर का मांस खाने को कहा, उस दिन से बिरहोर बंदर पकड़वा कहलाने लगे।



जनजाति विशेष : डा महेश श्रीवास्तव

धार्मिक : रोशन कुमार

## रामायणकालीन धरोहर का साक्षी सारासोर



सूरजपुर जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर सारासोर नामक स्थान है। राम के वनवास काल से जुड़ी किंवदंतियों में सारासोर और सीताकुंड की कहानी मिलती है। वनगमन के दौरान महरमंडा आश्रम के बाद श्रीराम सारासोर पहुंचे। वहां राक्षसों के आतंक की बात सुनकर श्रीराम ने अंचल को आतंक मुक्त करने की प्रतिज्ञा ली और राक्षसों को चुनौती देते हुए धनुष का टंकार किया। धनुष के टंकार से खरात, बड़का पहाड़, पिलखा और वेदमी पहाड़ी के रूप में दो हिस्सों में बंट गया। इस प्राकृतिक परिवर्तन का आज भी प्रत्यक्ष दर्शन लाभ लिया जा सकता है। पहाड़ियों के बंटने से वहां जो गड्ढा हुआ उसे आज भी सीता कुंड के नाम से जानते हैं। यह सीता कुंड सीता नहानी के नाम से प्रसिद्ध है। यहां श्रीराम की स्मृति में राम जानकी मंदिर का निर्माण कालांतर में किया गया है। इसी तरह बड़का पहाड़ी के पास एक गुफा है, जिसे जोगी गुफा के नाम से जाना जाता है। यहां से श्रीराम, रेणु नदी से होते हुए रामगढ़ के समीप उदयपुर क्षेत्र में प्रवेश किया।

सुरता

रोशन कुमार

## अपने उद्देश्य को पूरा करने में लगे रहते थे विष्णु शरण वैष्णव

छत्तीसगढ़ के सरायपाली क्षेत्र में विष्णुशरण दास का जन्म 19 सितंबर 1919 को ग्राम पझरापाली के एक वैष्णव परिवार में हुआ था। वे एक महान साहित्यकार एवं विचारक थे। वे हिंदी, छत्तीसगढ़ी, और उड़िया भाषा के अच्छे जानकार थे। आपकी लेखनी से पूरे छत्तीसगढ़ में अलग पहचान बनी। आपकी वाणी में विशेष आकर्षण रहता था। वे हमेशा प्रसन्नचित मुद्रा में रहते थे। गहन और गम्भीर विषयों को सरल और रुचिकर ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता उनमें थी। आपने संत विनोबा भावे के भूमिदान आंदोलन में सक्रिय सहयोग किया था, जिसमें उन्हें आशातीत सफलता भी मिली थी। इसी तरह वे लोगों की समस्याओं का कुशलतापूर्वक समाधान भी करते थे आपके सरल स्वभाव के कारण आपकी कुटिया में लोगों की भीड़ लगी रहती थी। आपकी साहित्यिक अभिरुचि बहुत ज्यादा थी। अपने निवास में कवि गोष्ठी का आयोजन भी करते थे। उनकी कविताओं में गूढ़ अर्थों की सरल अभिव्यक्ति रहती थी। आपकी यह उपलब्धि रही कि तत्कालीन रायपुर जिले का भूगोल भी लिखा था, जो पाठ्य पुस्तक के रूप में उन दिनों चलता था। आपकी साहित्यिक रचनाओं में पंचवंशिका, प्राणाधिके, यमुना तीरे, यूगे युगे, ज्ञान गंगा आदि रही। इसी तरह कई लेखनी का उनका प्रकाशन नहीं हो पाया। अपने जीवन के अंतिम समय समाज सेवा के साथ लेखनी को बरकरार रखे। कई नव लेखकों को प्रोत्साहन भी करते रहे, जिनका आज साहित्य के क्षेत्र में अच्छा नाम है। आज भी इस अंचल में इस लेखक का नाम लोग श्रद्धा से लेते हैं। आपका निधन सात नवंबर 1988 को हुआ।



### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

लोक गायन

अजय कुमार चतुर्वेदी

## सरगुजा अंचल के लोकगीतों की विशिष्टता



सरगुजा अंचल के लोकगीतों में सामाजिक संदर्भ को देखें तो निश्चित रूप से यहां के लोकगीतों से समाज को एक नई दिशा मिलती है। सरगुजिहा लोकगीतों में काफी मिठास होती है। लोकगीतों में समाज सुधार, सामाजिक बुराइयों को दूर करने , नशा विरोधी गीत, विभिन्न संस्कारों के गीत और बारह मासी गीत सुनने को मिलते हैं। इसके अलावा लोकगीतों में खेती करने की प्रेरणा, विकास और प्रेम प्रसंग के गीत, वर्षा गीत जैसे अनेक स्थानीय संदर्भ समाहित होते हैं।

यहां विभिन्न अवसरों, मौसमों और त्योहारों में अलग अलग लोकगीतों का गायन किया जाता है, जो शैला, करमा, डमकच , सुआ, उधुवा( प्रेम प्रसंग) सोदो,, संस्कार गीत, देवारी गीत, जवारा गीत, ददरिया, फाग गीत, बान बहुली और लोकड़ी गीत होते हैं। लोकगीत जो सत्य की ओर इंगित करता है देखें -

माघ पूर्णिमा मेहेन, सत नदी आए।
सत सत बोले बर, सत नदी आए।
सत नदी आए हो...सत नदी आए।

सरगुजिहा लोक गीतों में इस तरह जन चेतना की भी गीत हमें देखने मिल जाते हैं। यह देखें नशा विरोधी पर गाए जाने वाले चर्चित गीत -

गांजा पीले माजे लागे, माखुर खाके थूंके।
भट्ठी ले दारू पीके, कुकुर निगर भूंके।
कुकुर निगर भूंके हो, कुकुर निगर भूंके।



**गंगाजल से किया 'शुद्धिकरण' तो आहूजा भाजपा से निलंबित: अलवर।** कांग्रेस नेता टिकाराम जूली के एक मंदिर में जाने के बाद वहां गंगाजल से 'शुद्धिकरण' करने पर भाजपा ने अपने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। यह मंदिर अलवर जिले में है।

# भारत-नेपाल की सीमा पर बिना पहचान पत्र एंट्री नहीं

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले सभी नागरिकों को अब पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य हो गया है। एसएसबी ने यह बड़ा कदम देश में घुसपैठ को रोकने के लिए उठाया है। एसएसबी की तरफ से जारी किया गया आदेश भारतीय और नेपाली नागरिकों पर समान रूप से लागू किया गया है। नए आदेश के तहत सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है और प्रवेश करने से पहले सभी को अपनी पहचान प्रमाणित करना जरूरी हो गया है। बता दें कि सीतामढ़ी जिले में भारत-नेपाल सीमा 90 किलोमीटर है।



## चेकपोस्ट पर सुरक्षा मजबूत की

एसएसबी ने नेपाल सीमा से जुड़े सभी प्रमुख चेकपोस्टों पर सुरक्षा को मजबूत किया है। इन चेकपोस्टों में बैरगनिया, सोनबरसा, सुरसंड, भिट्ठामोड़, कन्हौली, कन्हमां, लालबंदी जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं, जहां सशस्त्र सीमा बल के जवान पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं। अब तक इन सीमा चौकियों पर सिर्फ वाहनों की जांच की जाती थी, लेकिन अब सभी नागरिकों के पहचान पत्र की जांच की जा रही है। इसमें केवल भारतीय नागरिकों को ही नहीं, बल्कि नेपाली नागरिकों को भी अपने वैध पहचान पत्र दिखाने की आवश्यकता है।


## SCHOOL & COLLEGE OF NURSING DHAMTARI CHRISTIAN HOSPITAL DCH CAMPUS Raipur Road, Dhamtari (C.G)

**Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara Nava Raipur**

**Application are invited for following posts under Status - 16**

| S. No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01 | Professor | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N) Ph.D. (N) is desirable. |
| 02 | Associate Professor/ Reader | 03 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- Total 8 years experience with M.Sc.(N) including 5 years teaching experience Ph.D. (N) is desirable. |
| 03 | Assistant Professor/ Lecturer | 06 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc. (N) with total 3 years teaching experience Ph. D. (N) desirable. |

**Other terms & conditions :-**
1. Experience - As per Council Norms
2. Pay Scale - As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation - As per State Government Norms

**Selection criteria:-** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
- Number of paper publications in various national / international journals.
- Paper presentation in conferences.
- Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application:-** Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

**In-charge Registrar**


## भारत-यूएई रक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोग, रणनीतिक साझेदारी करेंगे मजबूत

क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने पीएम मोदी से की मुलाकात



एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संबंधों और कई सारे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन भारत पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रक्ष मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहें। मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने भी खुशी जताते हुए भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मजबूत द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान से मिलकर खुशी हुई। दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


## 38 छ.ग. बटालियन एनसीसी, राजनांदगांव

-:: विज्ञापन ::-

दिनांक 11 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे 38 छ.ग. बटालियन एनसीसी, कृष्णा विहार, सहदेव नगर, राजनांदगांव (छ.ग.) में इस यूनिट का अनुपयोगी सामग्री का नीलामी होना हैं। इच्छुक व्यक्ति/संस्थान संपर्क करें।

दूरभाष : 07744-296278
मो. नं. : 95608-54691

स्थान - राजनांदगांव
दिनांक : अप्रैल 2025

(प्रवाल)
कर्नल
कमान अधिकारी

G-252600162/3

## छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग

निर्वाचन भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर-492002
दूरभाष : 0771-2880911, 2880912 वेबसाईट www.cgsec.gov.in, ई-मेल: cgec.cg@nic.in

क्रमांक एफ-14–06/स्टोर/ 2024 / वा. अप. / एक / 82 रायपुर, दिनांक 07/04/2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के शासकीय अनुपयोगी वाहन क्रमांक सी.जी.- 02 -8005 (HYUNDAI VERNA ) के लिए जंहा है, जैसी है की स्थिति में विक्रय किये जाने हेतु बंद लिफाफे में समस्त आम व खास जनता से निविदायें आमंत्रित की जाती है। अनुपयोगी वाहन का विवरण निम्नानुसार हैः-

| वाहन का प्रकार | वाहन का पंजीयन क्रमांक | ईंजन नम्बर | चेचिस नम्बर | मॉडल/ क्रय वर्ष | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| HYUNDAI VERNA | CG-02-8005 | G4ED9W 162068 | MALC41CR9 M0761 55K | 2009 | 5000/- |

निविदा फार्म कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है । निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। सामग्री का अवलोकन कार्यालय में किया जा सकता है ।

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22/04/2025 समय 03.00 बजे अपरान्ह तक ।**
**निविदा खोलने की तिथि 22/04/2025 समय 04.00 बजे अपरान्ह तक ।**

सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
नवा रायपुर

G- 252600156/1

## कार्यालय-उपायुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं जिला कांकेर

संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक-01 कलेक्टोरेट
दूरभाष क्रमांक 07868-222058 (Email Id-drcskanker14@gmail.com)

क्रमांक / उपकां / साख / 2025 / 229 कांकेर, दिनांक- 08/04/2025

**सूचना**

**"प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन पर दावा / आपत्ति की सूचना"**

छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ-15-11 / 15-02 /2025/24/1074, दिनांक 02/04/2025 को प्रदेश की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन योजना 2025 के क्रियान्वयन संबंधी प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में किया गया है। उक्त योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप जिला कांकेर में 16 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियाँ अस्तित्व में आ रही है। पुनर्गठन प्रस्ताव पर प्रभावित एवं परिणामी सोसायटी के सदस्य, सोसायटियाँ एवं बैंक शाखा तथा अन्य द्वारा दिनांक 08/04/2025 से 15 दिवस के समयावधि में दिनांक 23/04/2025 तक दावा आपत्ति कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला कांकेर (छ.ग.) के समक्ष तीन प्रतियों में प्रस्तुत की जायेगी। पुनर्गठन योजना की विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति के कार्यालय, शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर शाखा - (समस्त) जिला कांकेर, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर प्रक्षेत्र कांकेर एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला कांकेर (छ.ग.) के सूचना पटल पर चस्पा की गयी है।

दावा आपत्तियों के निराकरण से असंतुष्ट होने पर 07 दिवस के भीतर संयुक्त आयुक्त, सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं जगदलपुर संभाग बस्तर, पानीग्राही वकील का मकान मैत्रीसंघ गली के समक्ष अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

उपायुक्त, सहकारिता एवं
उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं
जिला- कांकेर

## कार्यालय जिला पंचायत बालोद (छ.ग.)

क्रमांक/जि.पं./पंचा. / RGSA / स्था./2025/601 बालोद, दिनांक: 07.04.2025

**-:: राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन ::-**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित Revamped राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत जिला बालोद हेतु सहायक जिला समन्वयक संविदा नियुक्ति (एकमुश्त वेतन), वर्ग - अनारक्षित - मुक्त हेतु आवेदन छत्तीसगढ़ सिविल सेवा संविदा नियुक्ति नियम 2012 के तहत निर्धारित प्रारूप में कम्प्यूटर अंकित अथवा स्पष्ट अक्षरों में हाथ से भरा हुआ आवेदन केवल पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से समय सायं **5.00** बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद के पते पर निर्धारित **अंतिम तिथि 24.04.2025** तक कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशानिर्देश जिले की वेबसाईट (https://balod.gov.in) तथा जिला पंचायत बालोद के सूचना पटल से प्राप्त कर सकते हैं।

| रिक्त पद का नाम/वर्ग | संविदा वेतन रू. में | निर्धारित अर्हता | 100 अंको का मेरिट हेतु निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|
| | | | विवरण | अंक |
| सहायक जिला समन्वयक (ADPM)- RGSA अनारक्षित-मुक्त | 31750 एकमुश्त | 1. मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 60% अंको के साथ स्नातक डिग्री उत्तीर्ण 2. कम से कम 01 वर्ष का शासकीय/अर्द्ध शासकीय कार्यालय अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में क्रियान्वयन का कार्य अनुभव | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के अंकों का अधिभार-70 % | 70 |
| | | | शासकीय / अर्द्ध शासकीय कार्यालय का अनुभव हेतु (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक) अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में कार्यानुभव को प्राथमिकता | |
| | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा (एम.एस. ऑफिस) के अंकों का अधिभार - 20% | 20 |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत- बालोद छ.ग.

S-43484/1


## बिहार : कार, ट्रक की टक्कर, चार की मौत

**हाजीपुर (बिहार)।** बिहार के वैशाली जिले में मंगलवार को एक कार एवं ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे की चपेट में आए लोग भागलपुर जिले के नौगछिया में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद हाजीपुर लौट रहे थे, तभी महिसौर गांव के पास यह दुर्घटना हुई। मृतकों की पहचान बबीता देवी, उनकी बेटी सोनाक्षी कुमारी (आठ) और मोना देवी के रूप में हुई है।

## नाइटक्लब की छत गिरी, 18 की मौत

**सैंटो डोमिंगो।** डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में मंगलवार तड़के एक नाइटक्लब की छत गिरने की घटना में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 120 से अधिक लोग घायल हो गए। नाइटक्लब की छत गिरने के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। प्राधिकारियों ने बताया कि जेट सेट नाइटक्लब में मलबे के नीचे लोगों की तलाश की जा रही है। आपातकालीन अभियान केंद्र के निदेशक जुआन मैनुअल मेंडेज ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि मलबे के नीचे दबे कई लोग अब भी जिंदा हैं।

## सुशांत मामले की सुनवाई विशेष अदालत में होः सीबीआई

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने मंगलवार को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दाखिल क्लोजर रिपोर्ट की सुनवाई एक विशेष अदालत में स्थानांतरित करने को लेकर आवेदन की अनुमति दे दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने पिछले महीने बांद्रा मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष मौत के मामले में अपनी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। 34 वर्षीय अभिनेता को 14 जून, 2020 को मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके अपार्टमेंट में फांसी पर लटका पाया गया था।

## साबरमती आश्रम में बेहोश हुए चिदंबरम

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम यहां पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान बेहोश हो गए, जिसके बाद उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों का कहना है कि संभवतः गर्मी के कारण ऐसा हुआ है। उनके पुत्र कार्ति चिदंबरम ने कहा कि उनके पिता की हालत ठीक है और चिकित्सक उनकी जांच कर रहे हैं। पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम पार्टी की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में शामिल होने के बाद साबरमती आश्रम में आयोजित भजन संध्या के लिए पहुंचे थे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि - 04.04.2025

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग - स.क्रं. 01 सूरजपुर, स.क्रं. 02 अम्बिकापुर एवं स.क्रं. 03 रामानुजगंज संभाग
03. स.क्रं. 01 से 05 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 25.04.2025

| सरल क्र. | एन.आई. टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 01 | जिला सूरजपुर विकासखंड ओड़गी के लांजित में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | 119.43 |
| 2 | 02 | जिला सरगुजा विकासखंड लुण्ड्रा के ग्राम सिलसिला में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | 120.18 |
| 3 | 03 | जिला बलरामपुर विकासखंड रामचंद्रपुर के गांजर में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | 117.39 |

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

G- 252600177/7

## CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED

OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (S&P-Gen)
5th Floor, Vidyut Sewa Bhawan, Danganiya, Raipur– Pin 492013
Phone : 0771-2574451/ /61 Fax : 0771-2574458; e-mail : cesnp.cspgcl@cspc.co.in web site : www.cspc.co.in

03-03/TN-09/DP-13/24-25/1002 Raipur, Dtd 04/04/2025

**E- TENDER NOTICE No. 03-03/TN-09/24-25**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| Sl. No. | Tender Specification | Description | Tender Fee (Rs.) | EMD Amount | Due date & time for bid submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender No.03-03/TN-09/ DP-13/24-25/ (Rfx. No. 8100042457) [With RLA] | Procurement of different types of protection shield for HP tubes & bends, material-SS-304" for DSPM Korba East. | Rs.750 + 18 % GST = Rs.885/- | Rs. 45700/- | 2/5/2025 Upto 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website **http://www.cspc.co.in/cspgcl.** The Tender Documents (qualifying requirements and other details of the tender) can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:- **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**. Any amendment/ corrigendum, including bid submission & opening date, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P:GEN)
CSPGCL::RAIPUR

## कार्यालय कलेक्टर, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग) एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**-:: प्रारंभिक अधिसूचना ::-**

क्रमांक- / 760/ भू-अर्जन / 2025 / बलौदाबाजार-भाटापारा, दिनांक 17.01.2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम क्रमांक - 1 से 5 में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम -7 में दर्शित सार्वनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा ) की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम क्रमांक-6 में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता हूँ।

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/प.ह.न. | खसरा नं. | क्षेत्रफल (हे.में) | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 |
| बलौदाबाजार -भाटापारा | सिमगा | ग्राम- खडुवा प.ह.नं. - 14 | | | कार्यपालन अभियंता, म.ज.प. डिसनेट संभाग क्रमांक 03, तिल्दा-नेवरा जिला - रायपुर (छ.ग.) | | सिमगा वितरक नहर के बांयी तट नहर निर्माण |
| खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल |
| 1004 | 0.010 | 1008 | 0.130 | 1017 | 0.150 | 1024 | 0.080 |
| 1005 | 0.320 | 1009 | 0.180 | 1018 | 0.070 | - | - |
| 1006 | 0.090 | 1011 | 0.240 | 1019 | 0.110 | - | - |
| | | | | कुल योग :- 10 नग खसरा | | | रकबा 1.380 हेक्ट. |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में से कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस आषय के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा / आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा । 3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, सिमगा के कार्यालय में किया जा सकता है। 4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है । 5. प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया हैं । 6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

कलेक्टर,
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा
एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग

G-252600150/2

## MUNICIPAL COUNCIL, SAKTI (C.G) OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFCER

**E-procurement Tender Notice**
**UDD Portal: http:/eproc-cgstate.gov.in**

NIT NO. 27/ PWD//N.P.P/ 2025-26 SAKTI, DATE 08.04.2025

| S. No | System Tendar No. | Name Of Work/description Of Work | Probable Amount of contract (lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 166845 | Placement Employees at Municipal Council SAKTI (For The office work, water supply, sanitation and drivers) For 12 Months | 11667480.00 |

1- Amount of the Estimate Rs. 116.67 lacs Time allowed for completion 12 Months (from date of agreement) The time period can be increased as per the requirement. 2- Earnest Money Deposit :- 87600.00 (EMD)Should be made if in favour of chief municipal officer council SAKTI and scanned copy for FDR should be attached and true FDR and affidavit should be posted to the office of chief municipal officer municipal council SAKTI.
The Details Can be viewed and download online directly from the goverment of Chhattisgarh e-procurement portal http:// e-proc.cgstate.gov.in on sub portal of though urban administration and dovelopment department http:// uad.eproc.cgstate.gov.in for more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal last date of bid submission date 30.04.2025 Time 17:30 pm.

**Chief Municipal Officer Municipal Council Sakti**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग-कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ कोड क्रमांक-041

Email :- eewrkon@cgwrd.in

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

क्रमांक 704/व.ले.लि./2025-26 कोण्डागांव, दिनांक : 03/04/2025

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 04.12.2024 सिस्टम निविदा क्रमांक 162103, जी नम्बर 242504367 द्वारा छ.ग. राज्य के कोण्डागांव जिले के विकासखण्ड फरसगांव की पावड़ा एनीकट का निर्माण कार्य, (प्रथम आमंत्रण) राशि 473.67 लाख का निविदा आमंत्रित किया गया था। उक्त निविदा में न्यूनतम निविदाकार मेसर्स अंबिका प्रोजेक्ट्स "अ" वर्ग ठेकेदार, सरगुजा द्वारा अपने हस्तगत कार्यों की जानकारी छुपाये जाने के फलस्वरूप निविदा अभिलेख में निहित प्रावधानों के अनुसार उक्त निविदा को निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रण किया जाना है।

अतः जी नम्बर 242504367. सिस्टम निविदा क्रमांक 162103 (प्रथम आमंत्रण) नि.आ.सू. क्रमांक 03/ व.ले.लि./2023-24 दिनांक 04.12.2024 को एतद् द्वारा निरस्त की जाती है एवं पुनः निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही की जाती है।

संलग्नः- शून्य।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग-कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव, कोड क्रमांक-041

G-252600166/4

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

प्रपत्र संख्या—1

**ई– निविदा**

निविदा संख्या :- 03/JMT/2025-26 दिनांक 08-04-2025

| क्र0 स0 | विवरणी कार्य का नाम | विस्तृत विवरणी प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रिम जमानत की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Left out work for Construction of 6.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 50 mtr. length and 3.00 mtr. wide, 3.5 MLD capacity Water Treatment Plant, 3 No. ESR, Compound wall, Approach road, Railway crossing, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for **HARIODIH Rural Water Supply Scheme** under Drinking Water & Sanitation Division, Jhumritelaiya on turnkey basis. for the year 2025-26 | 2086.96798 | 20.86 | 10,000/- | 18 Months + 3 months (trial and run) |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 19-04-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि एवं समय | 24-04-2025 at 1.00 अपराह्न, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 05-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | 07-05-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
- स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। कार्यादेश स्वीकृति के उपरान्त ही निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरणी बेबसाईट **http://jharkhand tenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR.NO. 349939 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कोरबा वनमण्डल कोरबा छत्तीसगढ़

फोन नं. का. : 07759-221273, नि: 07759-222504
फैक्स 07759-223531. Email: dfo_korba@yahoo.co.in

क्रमांक/ राजस्व/ 2137 कोरबा, दिनांक 04/04/2225

**// नीलाम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा में रखी गई निम्न विवरण अनुसार वनोपज जलाऊ लकड़ी का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा वन परिक्षेत्र कार्यालय, कुदमुरा उत्पादन से प्राप्त कर सकते है।

**डिपो का नाम - जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी,**
**नीलाम दिनांक - 17.04.2025, नीलाम प्रारंभ - प्रातः 09:00 बजे से**
**वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| डिपो का नाम | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष वनोपज | नया वनोपज | योग |
|---|---|---|---|---|
| जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी | सतकठा जलाऊ | 37 चट्टा | 499 चट्टा | 556 चट्टा |
| | सागौन जलाऊ | 37 चट्टा | 09 चट्टा | 46 चट्टा |
| | **योग** | **94 चट्टा** | **508 चट्टा** | **602 चट्टा** |
| अस्थाई डिपो नोनबिर्रा | सतकठा जलाऊ | 1020 चट्टा | 91 चट्टा | 1111 चट्टा |
| | सागौन जलाऊ | 08 चट्टा | - | 08 चट्टा |
| | **योग** | **1028 चट्टा** | **91 चट्टा** | **1119 चट्टा** |
| नगरीय डिपो कोसाबाड़ी | सतकठा जलाऊ | 123 चट्टा | - | 123 चट्टा |
| | **कुल योग** | **1245 चट्टा** | **599 चट्टा** | **1844 चट्टा** |

टीपः- 01. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है। 04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
कोरबा वनमण्डल, कोरबा

G-252600176/3

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. 202503130500006/2024-2025
थाना - मगरलोड, तहसील - मगरलोड, जिला - धमतरी (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय थाना मगरलोड, जिला- धमतरी (छ.ग.) का पत्र क्रमांक /था.प्र. /मगर /धम /लवारिश /01/2025 दिनांक 05/02/2025 के माध्यम से पुलिस अधीक्षक जिला धमतरी द्वारा समस्त थाना/ चौकी में जप्त लावारिश/ लादावा वाहनों के निराकरण/ नीलामी की कार्यवाही करने के निर्देश पर थाना मगरलोड, जिला धमतरी में जप्त लवारिश वाहनों की जानकारी हेतु संबंधित परिवहन कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर संबंधितों को नोटिस तामिली/ अदम तामिल उपरांत भी थाना मगरलोड में सूची में दर्शित वाहनों का मालिक अपने वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक के साथ सुपुर्दनामा में प्राप्त करने हेतु थाना उपस्थित नहीं हुआ है। अतः थाना मगरलोड जिला-धमतरी में जप्त लावारिश/ लादावा वाहन के मालिकाना हक हेतु दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु लेख किया गया है।

थाना मगरलोड, जिला धमतरी (छ.ग.) का इस्तगाशा क्रमांक 01/2025 जिला धमतरी (छ.ग.) धारा-28 पुलिस एक्ट अनुसार थाना मगरलोड में जप्त लावारिश/ लादावा वाहनों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | वाहन नंबर | पंजीयन नंबर |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | हीरो होण्डा | (बिना नंबर) |
| 2 | सीडी डिलक्स | (बिना नंबर) |
| 3 | हीरो एचएफ डिलक्स | (बिना नंबर) |
| 4 | हीरो होण्डा एस | (बिना नंबर) |
| 5 | पैशन प्रो | (बिना नंबर) |
| 6 | हीरो होण्डा | (बिना नंबर) |
| 7 | हीरो होण्डा सीडी 100 | सीजी 05 जेई 3980 |
| 8 | हीरो होण्डा एस | सीजी 05 ई 3304 |
| 9 | हीरो होण्डा पैशन | सीजी 05 बी 4537 |
| 10 | हीरो होण्डा सीडी 100 एसएस | सीजी 07 जेडएल 1476 |
| 11 | टीवीएस | सीजी 04 एफबी 7354 |
| 12 | हीरो डिलक्स | सीजी 06 डी 2143 |
| 13 | हीरो होण्डा पैशन | सीजी 04 डी यू 5551 |
| 14 | टीवीएस एक्सल सुपर | सीजी 04 एफबी 1409 |

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति उक्त वाहन पर अपना हक रखता हो तो वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक एवं पहचान पत्र के साथ पेशी तारीख 15/04/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में दावा, आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांकः 21/03/2025 को जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
कुरूद, जिला- धमतरी

G-252600159/3



# जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

## लाइफStyle

# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंगः इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।



# आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



# नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...


**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



# तलाक की खबर सुन भड़कीं सुनीता...

**मुंबई।** गोविंदा और सुनीता आहूजा शादी के 38 साल बाद तलाक लेने वाले हैं। कुछ दिन पहले रिपोर्ट्स में इस बात का दावा किया गया था। गोविंदा के वकील ललित बिंदल ने भी इस बात की पुष्टि की थी। वकील ने कहा था कि सुनीता ने तलाक के लिए अर्जी दी थी, लेकिन बाद में अर्जी वापस ले ली। वहीं अब इस पर खुद सुनीता ने रिएक्ट किया है। सुनीता ने इंटरव्यू में अपने और गोविंदा के रिश्ते के बारे में की जा रही बातों पर रिएक्ट करते हुए बोला, वो बातें पॉजिटिव हैं या नेगेटिव हैं? पॉजिटिव हैं मुझे पता है। मैं सोचती हूं, कुत्ते हैं लोग, भौंकेंगे। मैं बस इतना कहना चाहूंगी कि जब तक आप मेरे या गोविंदा के मुंह से कुछ न सुन लो, तब तक आप यह मत सोचो कि क्या है क्या नहीं है। सब ठीक है।

## टीवी मसाला



# कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमों में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'



# 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

# इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरु ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*



## इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ़िल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ़िल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

## अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

# इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल

*__नई दिल्ली।__ किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*


**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि, ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।



**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू: पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।






# मार्च में खूब चला श्रेयस का बल्ला, बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मार्च 2025 महीने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के श्रेयस अय्यर को नामित किया। उनके साथ-साथ न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रविंद्र भी इस पुरस्कार के लिए नामांकित हुए हैं। बता दें कि इन तीनों खिलाड़ियों ने मार्च 2025 में अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ महिलाओं में अमेरिका की चेतना प्रसाद, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वॉल को नामित किया गया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में जमकर बटोरे थे रन

अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय बल्लेबाजी क्रम में संकटमोचक बनकर उभरे थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली थी। अय्यर इस संस्करण में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 5 पारियों में 48.60 की औसत और 79.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 243 रन बनाए थे। उन्होंने मार्च में 3 वनडे में 57.33 की औसत से 172 रन बनाए थे।



### मार्च में ऐसा रहा रचिन रविंद्र का प्रदर्शन

रचिन रवींद्र ने अपनी ऑलराउंड क्षमता के साथ न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में पहुंचाया था। मार्च में उन्होंने 3 वनडे मैचों में 50.33 की शानदार औसत और 106.33 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए थे। दूसरी तरह गेंदबाजी में उन्होंने 4.66 की इकॉनमी रेट के साथ 3 विकेट भी चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 108 रन की पारी खेली थी।

### ऐसा रहा कीवी गेंदबाज डफी का प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने मार्च में शानदार प्रदर्शन किया था। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 8.38 की औसत और 6.17 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए थे। उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन के चलते ही न्यूजीलैंड ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की थी। डफी ने मार्च के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में भी 2 विकेट लिए थे।

अलग खबर

# रोहित शर्मा के नाम पर हो सकता है वानखेड़े स्टेडियम का स्टैंड



**मुंबई।** बीते सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में शिकस्त मिली। फिलहाल इस लीग में हिस्सा ले रहे एमआई के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा से जुड़ी अच्छी खबर है। दरअसल, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन रोहित के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रख सकती है।

**15 अप्रैल को हो सकता है अंतिम फैसला :** बता दे कि एमसीए को अपने क्लब सदस्यों से वानखेड़े स्टेडियम के बाहर स्टैंड या विभिन्न स्थानों के नाम, भारतीय खिलाड़ियों के नाम पर रखने के अनुरोध और प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, सदस्यों की ओर से सुझाव आए हैं और ऐसी खबर है कि 15 अप्रैल को इस पर निर्णय लिया जाएगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप लिए अतिरिक्त स्टाफ

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने उत्तर प्रदेश के झांसी में चल रही सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों को चिकित्सा और रिकवरी में सहयोग के लिये अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ भेजा है जिसमें एक फिजियो और एक मालिशिया शामिल है। इस साल चैम्पियनशिप में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के 31 खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं जिनमें हार्दिक सिंह, जरमनप्रीत सिंह, कृशन बी पाठक, अभिषेक, अमित रोहिदास, सुमित, गुरजंत सिंह और संजय शामिल हैं।




आईपीएल : पांच मैचों में सुपरकिंग्स की चौथी हार, नौवें स्थान पर खिसका

# प्रियांश ने रचा इतिहास, 39 गेंदों में ठोका शतक, पंजाब किंग्स ने चेन्नई को हराया

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

इंडियन प्रीमियर लीग के 22वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 18 रन से हराते हुए इस सीजन में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स के स्टार प्रियांश आर्य ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 39 गेंद में अपना पहला शतक जड़कर इतिहास रच दिया।

इस बीच उन्होंने 7 चौके और 9 बड़े छक्के लगाए। आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक है। पीबीकेएस ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों के बाद 219/6 का स्कोर बनाया। जवाब में सीएसके की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 201/5 का स्कोर ही बना सकी।




### प्रियांश सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज

प्रियांश आर्य आईपीएल के इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे इस सूची में सिर्फ युसूफ पठान हैं, जिन्होंने 37 गेंदों में शतक लगाया था। विश्व के बल्लेबाजों की बात करें तो आईपीएल में आर्य से तेज शतक सिर्फ क्रिस गेल (30 गेंद) और डेविड मिलर (38 गेंद) ने लगाए हैं। ट्रेविस हेड ने भी 39 ही गेंदों पर अपना शतक लगाया हुआ है।

## लखनऊ ने कोलकाता को 4 रन से हराया

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 4 रन से हराते हुए अपनी तीसरी जीत दर्ज की है। ईडन गार्डन स्टेडियम में हुए मैच में एलएसजी ने पहले खेलते हुए 238/3 का स्कोर बनाया था। जवाब में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआरकी टीम 234/7 का स्कोर ही बना सकी। एलएसजी से एडेन मार्करम (47) और मिचेल मार्श (81) की सलामी जोड़ी ने 99 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत मिलने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए निकोलस पूरन ने 36 गेंदों में नाबाद 87 रन बनाए और टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में क्विंटन डिकॉक (15) के जल्दी आउट होने के बाद केकेआर से सुनील नरेन (30), वेंकटेश अय्यर (45) और अजिंक्य रहाणे (61) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।




### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन मार्क्रम बो राणा | 47 | 28 | 4 | 2 |
| मिचेल मार्श का सिंह बो रसेल | 81 | 48 | 6 | 5 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 87 | 36 | 7 | 8 |
| अब्दुल समद बो राणा | 06 | 04 | 1 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 04 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन, योग : 20 ओवर में 3 विकेट पर 238 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-35-0, जॉनसन 3-0-46-0, चक्रवर्ती 4-0-31-0, राणा 4-0-51-2, नारायण 3-0-38-0, रसेल 2-0-32-1

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक पगबाधा बो आकाशदीप | 15 | 9 | 0 | 2 |
| नारायण का मार्क्रम बो राठी | 30 | 13 | 4 | 2 |
| अजिंक्य रहाणे का पूरन बो ठाकुर | 61 | 35 | 8 | 2 |
| वअय्यर का मार्क्रम बो आकाशदीप | 45 | 29 | 6 | 1 |
| रमनदीप का मार्क्रम बो बिश्नोई | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी का पंत बो आवेश | 05 | 04 | 1 | 0 |
| आंद्रे रसेल का मिलर बो ठाकुर | 07 | 04 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 38 | 15 | 6 | 2 |
| हर्षित राणा नाबाद | 10 | 09 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 20 रन, योग : 20 ओवर, 234/7 रन
गेंदबाजी : आकाशदीप 4-0-55-2, ठाकुर 4-0-52-2 आवेश 4-0-45-1, राठी 4-0-33-1, बिश्नोई 4-0-47-1

### पूरन ने पूरे किए 2000 रन

पूरन ने इस पारी के दौरान खास उपलब्धि हासिल की है। अपनी पारी का 30वां रन बनाते ही उनके आईपीएल करियर में 2,000 रन भी पूरे हो गए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले 52वें बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने सर्वाधिक रनों के मामले में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने इस लीग में 83 मैचों में 2,029 रन बनाए थे। आईपीएल में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड विराट कोहली (8,168) के नाम दर्ज है।

## आईपीएल में स्थापित होने में चार साल लग गए : पडिक्कल



**मुंबई।** युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का मानना है कि लगातार फ्रेंचाइजी टीम बदलना बेहद चुनौती पूर्ण होता है जिसके कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में एक क्रिकेटर के रूप में स्थापित होने में तीन से चार साल लग गए। पडिक्कल ने आईपीएल में अपने करियर की शुरुआत 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से की थी। आरसीबी में दो साल बिताने के बाद वह अगले दो साल तक राजस्थान रॉयल्स से जुड़े रहे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 2024 में लखनऊ सुपर जॉइंट्स ने अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन मौजूदा सत्र में उनकी अब आरसीबी में वापसी हुई है। पडिक्कल ने सोमवार को आरसीबी की मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा आईपीएल में एक क्रिकेटर के रूप में मैं जो हूं उसे पाने में मुझे तीन-चार साल लग गए। यह इतना आसान नहीं है।

## रजत की जीत की खुशी गायब 12 लाख का लगा जुर्माना

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 20वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को हराते हुए 10 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम पर जीत दर्ज की। इस यादगार जीत के बाद कप्तान रजत पाटीदार को बड़ी सजा मिली है। दरअसल, मैच में आरसीबी के धीमी ओवर गति बनाए रखने को लेकर पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पाटीदार ने भी पराग ने भी इस गलती को मानकर जुर्माना स्वीकार कर लिया है। आईपीएल की ओर से मामले में कहा गया है, आरसीबी पूरे मैच में धीमी ओवर गति से चल रही थी। यह न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है। चूंकि, आचार संहिता के तहत यह आरसीबी का पहला अपराध था। इसलिए कप्तान पाटीदार पर न्यूनतम 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि मैच के बाद पाटीदार ने मैच रैफरी के सामने धीमी ओवर गति का अपराध स्वीकार कर लिया था।



कई नए चेहरे शामिल

# तीन देशों की ट्राई सीरीज 27 से महिला क्रिकेट टीम का ऐलान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने आगामी सीनियर महिला त्रि-राष्ट्र श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 27 अप्रैल से श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर. प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में भारत, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें हिस्सा लेंगी।

इस ट्राई सीरीज में भारतीय टीम की अगुवाई हरमनप्रीत कौर करेंगी। उपकप्तान के रूप में स्मृति मंधाना को चुना गया है। भारतीय टीम के अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी जैसे जेमिमाह रोड्रिग्स, हरलीन देओल और रिचा घोष भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी मौका मिला है। कश्मीरी गौतम, एन श्री चारानी और शुचि उपाध्याय को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।

### ट्राई सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (वीसी), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसब्निस, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय।

### भारतीय टीम में शामिल हुए ये नए चेहरे

कश्मीरी गौतम ने 2025 महिला प्रीमियर लीग में 9 मैचों में 11 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज बनीं। एन श्री चारानी ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए में दो मैच खेले, जिनमें उन्होंने 4 विकेट चटकाए। शुचि उपाध्याय ने पिछले साल दिसंबर में सीनियर महिला एक दिवसीय ट्रॉफी में 18 विकेट लेकर अपनी टीम मध्य प्रदेश को टूर्नामेंट जितवाया। शुचि को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था।

### शेफाली वर्मा को नहीं मिली जगह

भारतीय टीम में कुछ अहम खिलाड़ी चोटिल हैं, जिनकी वजह से उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया है। रेणुका सिंह ठाकुर और तितास साधु दोनों ही चोटिल हैं। उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को मौका दिया गया है। इसके अलावा, शेफाली वर्मा को एक बार फिर से टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि उनके नाम पर लगातार चर्चा हो रही थी।

## गुजरात अपना दबदबा कायम रखेगी या फिर आरआर तोड़ेगी उसका गुरूर, फैसला आज

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 23वां मैच गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 9 अप्रैल को होगा। मौजूदा सीजन में अब तक जीटी ने 4 में से 3 मैच जीते हैं, जबकि आरआर ने अपने 4 में से 2 मुकाबलों में जीत दर्ज की हुई है।शुभमन गिल की कप्तानी वाली जीटी अपने घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाना चाहेगी। जीटी और आरआर के बीच होने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### माओवादी संगठन से मोहभंग, 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**बीजापुर।** पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 सदस्य-1, टीएससी (तेलंगाना स्टेट कमेटी) अंतर्गत सीआरसी कंपनी नम्बर 2 सदस्य-1, एसीएम रैंक के 2 सदस्य, 26 लाख के ईनामी 4 माओवादियों सहित 22 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। समर्पण करने वालों में कमली हेमला उर्फ सोमे (32), जगरगुण्डा जिला सुकमा पद पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 में सदस्य, घोषित ईनाम 8 लाख रुपए, मुया माड़वी उर्फ राजेश (19), उसूर पद टीएससी (तेलंगाना स्टेट कमेटी) अन्तर्गत सीआरसी कंपनी न. 2 में (पार्टी सदस्य), वर्ष 2023 से सक्रिय, घोषित ईनाम 8 लाख रुपए, सोनू ताती (28), गंगालूर वर्ष-2008 से सक्रिय, घोषित ईनाम 5 लाख रुपए, महेश पुनेम (20), गंगालूर, घोषित ईनाम 5 लाख रुपए, बुधराम ताती उर्फ सुद्दू उर्फ गट्टा (32), गंगालूर सावनार, कोरचोली मिलिशिया कंपनी डिप्टी कमाण्डर, सन्नू हेमला आदि शामिल है।

### अलग- अलग दो सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**जगदलपुर।** नानगुर थाना क्षेत्र के ग्राम उलनार मुख्य मार्ग में बीती रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायलों को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक हादसा सोमवार रात लगभग आठ बजे उलनार मुख्य मार्ग में हुआ जब विपरित दिशा से आ रहे दो बाइक आपस में टकरा गई। वाहन से गंभीर रूप से घायल शंकर गोयल 39 साल निवासी उलनार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दो अन्य घायल सुजल गोयल 16 साल व रवींद्र बघेल 17 साल निवासी नानगुर का उपचार जारी है। एक अन्य हादसा गीदम थाना क्षेत्र में कार के पुल से नीचे गिरने से कार सवार एक नाबालिग की मौत हो गई। वहीं 5 अन्य घायल हो गए।

### हरिभूमि के फोटो जर्नलिस्ट रविंदर सिंह का निधन

**भोपाल।** हरिभूमि समाचार पत्र के वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट रविंदर सिंह वक्किी (58) का मंगलवार सुबह लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वे हमीदिया अस्पताल में दिल के दौरे के बाद 25 दिन से भर्ती थे। उनकी बाइपास सर्जरी होनी थी। पर, तारीख नहीं मिली थी। इसी बीच, मंगलवार सुबह 6.30 बजे उनको दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। बुधवार सुबह 10 बजे निज निवास लालघाटी नेवरी से उनकी अंतिम यात्रा छोला विश्राम घाट के लिए रवाना होगी। रविंदर सिंह के निधन से मीडिया जगत में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविंदर सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को असीम दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। रविंदर के निधन पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री वश्विास सारंग, प्रहलाद सिंह पटेल समेत कई मंत्रियों, विधायकों, वरिष्ठ पत्रकारों व फोटो जर्नलिस्ट ने अपनी शोक संवेदना जताई है।



# पुलिस के दर पर पहुंचा पति, कहा-मुझे मेरी बीवी से बचाओ, कहती है ड्रम में भर दूंगी...

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पत्नी की कथित प्रताड़ना और धमकियों से परेशान एक युवक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित ने अपनी पत्नी पर अवैध संबंधों और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए कहा कि वह मेरठ जैसी घटना दोहराने की धमकी देती है और खेती बेचकर पैसे देने का दबाव बना रही है।

मामला गिरवां थाना क्षेत्र के जरर गांव का है। पीड़ित पति का कहना है कि उसकी पत्नी का गांव के ही एक व्यक्ति से प्रेम-प्रसंग चल रहा है और अब वह उसी के साथ मिलकर उसे प्रताड़ित कर रही है। उसने बताया कि पत्नी उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है और कहती है कि अगर उसकी बातें नहीं मानी गईं तो मेरठ जैसी घटना को अंजाम दे देगी। बता दें कि मेरठ कांड में एक महिला ने अपने पति की हत्या कर शव के टुकड़े कर नीले ड्रम में डालकर ऊपर से रेत और सीमेंट का घोल डाल दिया था जिससे यह घटना काफी चर्चा में रही थी।

पीड़ित युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी खेती बेचकर पैसे देने का दबाव बना रही है। जब उसने विरोध किया तो पत्नी ने घर में झगड़ा बढ़ा दिया और जान से मारने की धमकियां देने लगी। तंग आकर युवक ने अब पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरी घटना की जानकारी दी है और न्याय की गुहार लगाई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संबंधित थाने को जांच सौंप दी गई है। गिरवां थाना पुलिस ने कहा है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### यूपी में चौंकाने वाला मामला, पत्नी की प्रताड़ना से परेशान पति ने एसपी से लगाई गुहा

#### गांव में फैली चर्चा ग्रामीण भी हैरान

इस मामले की खबर गांव में फैलते ही चर्चा का विषय बन गई है। ग्रामीणों के मुताबिक पति-पत्नी के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं लेकिन अब मामला पुलिस तक पहुंच गया है, जिससे माहौल गरमा गया है।



#### घरेलू हिंसा के बदलते रूप

जहां एक ओर समाज में महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं, वहीं अब पुरुषों के उत्पीड़न के मामले भी धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। कई बार ऐसे मामले भी देखे गए हैं जहां पुरुष वर्ग अपने अधिकारों के लिए खुलकर सामने नहीं आता, लेकिन इस मामले में पीड़ित युवक ने हिम्मत दिखाते हुए पुलिस के पास जाकर मदद की अपील की है।

## प्रदर्शन : जिला मुख्यालय में जमकर प्रदर्शन, घटना को लेकर चौतरफा आक्रोश

# मासूम से हुई दरिंदगी पर उबला शहर अधिवक्ताओं ने कहा, नहीं लड़ेंगे केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

उरला वार्ड में छः साल की मासूम के साथ घृणित कृत्य पर हर तरफ आक्रोश की आग सुलग रही है। मंगलवार को कांग्रेसियों ने जहां रैली निकालकर राज्य शासन का पुतला दहन किया और आरोपी को फांसी की सजा की मांग की है। वहीं यादव समाज ने भी रैली निकालकर आरोपी को फांसी की सजा और पीडित परिवार को आर्थिक मदद देने की गुहार लगाई हैं, वही छग महिला संघ ने भी एसडीएम को ज्ञापन देकर कडी कार्यवाही के लिए आवेदन दिया हैं। इस घटना के बाद सभी वर्ग एक स्वर में विरोध कर रहे है। मंगलवार को इस मामले को लेकर जिला मुख्यालय में लोग एकजुट हुए। यादव समाज से लेकर कांग्रेस के नेताओं ने रैली निकाली और कडी से कडी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### पार्षद के बयान पर आक्रोश आगजनी पर नाराजगी

दुर्ग। उरला वार्ड 58 में मासूम के साथ अनाचार कर हत्या के मामले में मंगलवार को एक बयान सामने आया है। सोशल मिडिया में जारी वीडियो के अनुसार समाजिक कार्यकर्ता अरविंद चौधरी ने मासूम की लाश जिस कार चालक से मिली है, उसके घर में किए गए आगजनी को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि पुलिस जांच में कार चालक निर्दोष पाया है। इसके बाद भी वहां कुछ लोगों ने पुलिस कार्रवाई की अवहेलना कर कार चालक के घर आगजनी की थी। यही नहीं, उसके परिजनों के साथ मारपीट की थी। उन्होंने इस मामले में उरला वार्ड के पार्षद पति गोलू सोनकर पर आरोप लगाया है। जिसे लेकर सोशल मिडिया में नाराजगी सामने आई। इधर पार्षद पति गोलू सोनकर का कहना है कि ऐसा कुछ नहीं है। कुछ लोगों को गलतफहमी हो गई थी, जिसके बाद मामला शांत हो गया है।



### बंद करें नखाखोरी, दें कड़ी सजा

मासूम बच्ची की नृशन्स हत्या पर छत्तीसगढ़ी महिला समाज के प्रदेश अध्यक्ष मालती परगनिहा के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान जब महिलाओं को पुलिस अधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर रोका, तब संगठन के महिलाओं ने पुलिस अधिकारियों पर नाराज हो गई। उन्होने कहा निरंकुश शासन के कारण आरोपियों में भय नहीं है इतनी सख्ती आरोपियों से बरतते तो ये घटना नहीं होती। महिलाओं ने इस दौरान जमकर नारेबाजी की, प्रदेश अध्यक्ष मालती परगनिहा ने कहा यह घटना बेहद ही हृदय विदारक है।

### मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

जिला शहर कांग्रेस संगठन ने पटेल चौक में एकत्रित होकर रैली निकाली। इस दौरान कांग्रसियों द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। कांग्रेसियों ने उरला में मासूम की मौत पर राज्य शासन को घेरा और कहा कि, नशाखोरी के कारण इस तरह की घटना लगातार सामने आ रही है। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा शासन सुराज अभियान चला रही हैं, इस बीच इस तरह की घटना मानवता का शर्मशार करने वाली है। कांग्रेसियों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन भी किया।

### नई शराब दुकान बंद करने की मांग

महिलाओं ने कड़े शब्दों में सरकार को चेतावनी देते हुए कहा सरकार राजस्व वसूली के लिए बहन, बेटियों को आग में झोंक रही है। इस पर तत्काल रोक लगे। जिला अध्यक्ष प्रेमलता देशमुख ने शराब दुकानों के नए आबंटन पर रोक लगाई जाए। छत्तीसगढ़ी प्रदेश महिला समाज की महिलाएं रायपुर से भी आई हुई थी। इस दौरान अश्लील वेबसाइट्स और आसानी से उपलब्ध पोर्न वीडियो पर पाबंदी लगाने की मांग की। इस मौके पर एसडीएम हरवंस मिरी द्वारा समझाइस के बाद महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा।

### पुलिस संरक्षण में नशाखोरी

मासूम से बर्बरता को लेकर यादव समाज का भी गुस्सा फूटा है। उन्होने राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा हैं। उन्होने पीडित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि देने व सरकारी नौकरी देने की मांग की हैं। रैली के रूप में समाज से सैकडों की संख्या में लोग पहुंचे थे। जहां जिला मुख्यालय के सामने सामाज के लोगों ने नारेबाजी भी की और आरोपी को कडी सजा देने की मांग की हैं। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रीतम यादव ने कहा पीडित परिवार को पचास लाख की राशि क्षतिपूर्ति के तौर पर दी जाए।

### संघ की बैठक में वकीलों का निर्णय

रामनगर उरला की 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी को मोहन नगर पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया। कोर्ट में न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल भेज दिया है। जघन्य अपराध से आम लोग स्तब्ध है। अधिवक्ता संघ ने भी आज बैठक कर घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए अधिवक्ताओं से अपील की है कि आरोपी की कोई भी वकील पैरवी न करें। जिला अधिवक्ता संघ की बैठक अध्यक्ष नीता जैन की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे कार्यालय में हुई। बैठक में राम नवमीं के दिन कन्या भोज के लिए निकली 6 साल की मासूम बच्ची के साथ घृणित कार्य और हत्या किए जाने की घटना को अधिवक्ता संघ ने बेहद निंदनीय बताते हुए अधिवक्ताओं से अपील की कि दरिंदे आरोपी की कोई भी वकील पैरवी न करें। नीता जैन का कहना था कि ऐसे दरिंदे आरोपी को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। अधिवक्ता संघ के सचिव रविशंकर सिंह ने सूचना जारी कर सभी वकीलों से आरोपी की पैरवी नहीं करने की अपील की है।

# 17 से धान की ऑनलाइन नीलामी, डिजिटल प्लेटफार्म पर लगेगी बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।



छत्तीसगढ़ में खरीदे गए 149 लाख मीट्रिक धान में से अतिशेष धान की ऑनलाइन नीलामी 17 अप्रैल को किए जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार से सेन्ट्रल पूल में 70 लाख मीट्रिक टन चावल का कोटा जारी हुआ है। इतने चावल के लिए करीब 125 लाख मीट्रिक टन धान की जरूरत होगी। शेष बचे हुए लगभग 35 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी होगी।

■ 35 लाख मीट्रिक टन धान अतिशेष

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने केंद्र को पत्र लिखकर चावल का कोटा बढ़ाने पत्र लिखा था। केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी। इसके बाद नीलामी करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार ने 149 लाख 24 हजार 710 टन धान की खरीदी की है। भारत सरकार से प्राप्त केन्द्रीय पूल में 70 लाख मीट्रिक टन चावल एवं नागरिक आपूर्ति निगम के राज्य पूल लक्ष्य में 14 लाख मीट्रिक टन चावल जमा किया जाना है। इससे लगभग 125 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण संभव होगा। अतिशेष धान के निराकरण के लिए राज्य सरकार की आर से खुले बाजार में नीलामी की जा रही है। कैबिनेट ने इस संबंध में जनवरी में अपनी सहमति दी थी।

### करोड़ों के घाटे का अनुमान

राज्य सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी की है। नीलामी में धान का सही रेट न मिलने से घाटा होने का अनुमान है। बताया जाता है कि डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से धान बेचने से लगभग करोड़ों रुपए का घाटा होने का अनुमान है।

### ऐसे होगी आनलाइन नीलामी

विभाग की वेबसाइट पर जारी हुई सूचना में अतिशेष धान की ई-नीलामी के लिए क्रेता पंजीयन की कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है। ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म का क्रेता पंजीयन की अर्हता व धान की नीलामी की नियम एवं शर्तें खाद्य विभाग की वेबसाइट, मार्कफेड की वेबसाइट पर विस्तृत रूप से उपलब्ध है। ऑनलाइन नीलामी के लिए डिजिटल प्लेटफार्म की कंपनी के माध्यम से नीलामी प्रक्रिया पूरी की जाती है। देश में एक दर्जन से अधिक कंपनियां डिजिटल प्लेटफार्म में खरीदी बिक्री का काम करती हैं। इसे नेशनल स्टाक एक्सचेंज और बाम्बे सटॉक एक्सचेंज द्वारा प्रमोट किया जाता है। धान की अधिकतम कीमत लगाने वाले को दिया जाएगा। अलग-अलग जिलों के धान समितियों में संग्रहित धान को इसमें शामिल किया जाएगा।

# कोटा में एडमिशन फीवर, देशभर से पहुंच रहे स्टूडेंट और पेरेंट्स

एजेंसी ⏭ कोटा

कोचिंग इंस्टीट्यूट द्वारा नए सेशन के बैच की डेट्स घोषित करने के साथ ही यहां एडमिशन्स का दौर शुरू हो गया है। हजारों की संख्या में स्टूडेंट्स-पेरेन्ट्स कोचिंग संस्थानों में एडमिशन के लिए आ रहे हैं। कोटा में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से लेकर कोचिंग संस्थानों तक में रौनक नजर आ रही है। स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट्स के इंतजार में समय गंवाए बिना आईआईटी जेईई और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी के लिए कोटा आ रहे हैं। कोटा के अधिकांश कोचिंग संस्थानों में अप्रैल माह में बैच शुरू हो रहे हैं। कोटा के एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में एडमिशन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स को फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप भी दी जा रही है। शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में पिछले एक सप्ताह में हुए ओरियंटेशन सेशन्स में हजारों स्टूडेंट्स पेरेन्ट्स शामिल हुए।

■ कोचिंग के साथ केयरिंग का दिखा असर, एडमिशन्स में भारी उत्साह



इस बार कोटा शहर में स्टूडेंट्स को बदला हुआ माहौल मिल रहा है। यहां कोचिंग और कॅरियर के साथ केयरिंग की भी बात हो रही है। कोटा शहर के आमजन कोचिंग संस्थानों के साथ मिलकर स्टूडेंट्स की केयरिंग पर फोकस कर रहे हैं। यहां आने वाले स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स को परिवार जैसा माहौल देने के साथ ही बेस्ट इकोसिस्टम दिया जा रहा है। यही कारण है कि एडमिशन्स में भी उत्साह नजर आ रहा है।

### कोटा में क्वालिटी एवं कम्पिटिशन दोनों

उत्तर प्रदेश से कोटा आई एलन स्टूडेंट रितिका राजवंशी ने बताया कि कॅरियर सिटी कोटा में क्वालिटी एवं कम्पिटिशन दोनों हैं। इसके साथ-साथ क्वांटिटी भी हैं। क्योंकि यहां देश के लगभग हर राज्य से बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स आते हैं। कोटा कोचिंग में स्टूडेंट्स के साथ पेरेन्ट्स की भी कोचिंग करवाई जा रही है। यहां ओरियंटेशन के साथ ही पेरेन्ट्स के लिए विशेष पेरेंटिंग सेशन्स लिए जा रहे हैं। इन सेशन्स में विभिन्न विषयों के एक्सपर्ट्स द्वारा अभिभावकों को पेरेंटिंग के बारे में बताया जा रहा है। कोटा केयर्स कैम्पेन के तहत जिला प्रशासन की पहल पर कोचिंग स्टूडेंट्स को फन एक्टिविटी से लेकर चम्बल रिवर फ्रंट और सिटी पार्क तक में करवाई जा रही आउटिंग। कोटा केयर्स कैम्पेन के तहत जिला कलक्टर, शहर पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारी भी कोचिंग स्टूडेंट्स के बीच पहुंचते हैं और उन्हें मोटिवेट करते हैं।

### हाईवे पर मवेशी, शासन ने हाईकोर्ट में कहा- बना रहे हैं सुरक्षा गाइडलाइन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में नेशनल और स्टेट हाईवे सहित सड़कों को मवेशीमुक्त करने, रोड मैप बनाने को लेकर जनहित याचिका पर मंगलवार बिलासपुर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अपने पूर्व आदेश के परिपालन की जानकारी मांगी। शासन की ओर से कहा गया कि अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा गाइड लाइन तैयार की जा रही है। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से कहा गया कि आवारा मवेशी से सड़कों को मुक्त करने और सटीक कार्य योजना को लेकर बनाई जाने वाली एसओपी का ड्राफ्ट फाइनल कि किया जा रहा है। ध्यान रहे कि पिछली सुनवाई में राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रोड मैप बनाने के आदेश दिए थे।

# क्रेन से गिरकर युवक की मौत, कांग्रेसियों का थाने में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

सोमवार की रात शहर के कुछ युवक हनुमान जयंती की तैयारी को लेकर क्रेन पर चढ़कर झंडा लगा रहे थे। इस दौरान स्काई लिफ्ट मशीन वाहन गिर जाने से तीन युवक घायल हो गए। इन युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मंगलवार की सुबह मृतक के परिजनों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने थाने पहुंचकर एफआईआर कराने को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। मृतक की पहचान नितुल देवांगन के रूप में हुई है। घटना के बाद शहर में शोक की लहर दौड़ गई।



### मामले की जांच जारीः थाना प्रभारी

थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ऐसैय्या ने बताया कि मामले में आरोपी वाहन चालक एवं अन्य के खिलाफ 106(1) के एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com